सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

शुक्रवार, 05 जुलाई, 2024 लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 182, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## सेंसेक्स और निफ्टी नये शिखर पर

स्थानीय शेयर बाजारों में तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 63 अंक चढ़कर नये शिखर 80,000 अंक के ऊपर बंद हुआ। } 14

## आतंकियों को पनाह देने वालों को करें बेनकाब

शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के राष्ट्र प्रमुखों की परिषद की बैठक में विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि आतंकियों को पनाह देने वाले देशों को बेनकाब करना चाहिए। } 16

# चैम्पियंस का अद्भुत, अतुलनीय, ऐतिहासिक स्वागत

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले विश्व विजेता, भारतीय टीम के विजय जुलूस में नरीमन प्वाइंट पर उमड़ा जनसैलाब




नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ टी-20 अंतरराष्ट्रीय वर्ल्डकप जीतकर स्वदेश लौटी भारतीय क्रिकेट टीम



मुंबई के नरीमन प्वाइंट पर भारतीय क्रिकेट टीम के स्वागत में उमड़ा जनसमूह

## नरीमन प्वाइंट से निकली विक्ट्री परेड

एजेंसी

मुंबई। टी20 विश्व कप की विजेता भारतीय टीम के स्वागत के लिए आयोजित विजय जुलूस (विक्ट्री परेड) में गुरुवार को यहां जनसैलाब उमड़ पड़ा जिससे दक्षिण मुंबई का यातायात पूरी तरह से ठप्प हो गया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम से अनुसार विजय जुलूस नरीमन पॉइंट में नेशनल सेंटर फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स (एनसीपीए) से शाम पांच बजे शुरू होकर वानखेड़े स्टेडियम में शाम सात बजे समाप्त होना था लेकिन रोहित ...शेष पृष्ठ 14 पर




मुम्बई के नरीमन प्वाइंट से विजय रथ परेड में शामिल हुआ लाखों का हुजूम




मुम्बई के वानखेड़े स्टेडियम में टी-20 अंतरराष्ट्रीय वर्ल्ड कप जीतकर लौटी भारतीय क्रिकेट टीम का हुआ भव्य स्वागत

## पीएम मोदी ने टीम इंडिया को दी बधाई

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को नाश्ते पर टी20 विश्व कप विजेता भारतीय क्रिकेट टीम के सदस्यों से मुलाकात की और कहा कि अमेरिका तथा कैरेबियाई सरजमीं पर हाल ही में संपन्न आईसीसी प्रतियोगिता के दौरान टीम के अनुभवों पर यादगार बातचीत हुई। पिछले हफ्ते दक्षिण अफ्रीका को हराकर टी20 विश्व कप जीतने वाली रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम तूफान बेरिल के चलते बारबाडोस में शटडाउन के कारण खिताब जीतने के तुरंत बाद स्वदेश नहीं लौट पाई ...शेष पृष्ठ 14 पर

### संक्षेप

## यूपी : अलग-अलग सड़क हादसों में 11 की मौत

लखनऊ। प्रदेश में हुए अलग-अलग सड़क हादसों में छह लोगों की मौत हो गयी। जिसमें उन्नाव के तीन, मुरादाबाद के पांच व मिर्जापुर में तीन लोगों की मौत हो गयी। उन्नाव जिले के बेहटा मुजावर क्षेत्र में चावल से लदे एक ट्रक के बेकाबू होकर, सड़क के किनारे झोपड़ी पर पलट जाने से एक महिला और उसके दो बच्चों की मौत हो गई। वहीं मिर्जापुर जिले के चुनार क्षेत्र में सुबह सैर के लिये निकले तीन लोगों की किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गयी। चुनार के पुलिस क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिंह ने बताया कि लाल बहादुर वर्मा (67), शुकालू यादव (56) और लल्लन वर्मा (55) सुबह सैर करने निकले थे, इसी दौरान चुनार थाना क्षेत्र में दुर्गा जी मोड़ पर किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें कुचल दिया। मुरादाबाद ...शेष पृष्ठ 14 पर

## हेमंत सोरेन फिर बने झारखंड के मुख्यमंत्री



एजेंसी

रांची। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने बृहस्पतिवार की शाम यहां राजभवन में राज्य के 13वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि झारखंड के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन ने राजभवन में हेमंत सोरेन को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। हेमंत सोरेन के पिता और झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन, उनकी मां रूपी सोरेन, पत्नी कल्पना सोरेन तथा झारखंड मुक्ति मोर्चा की अगुवाई वाले गठबंधन के वरिष्ठ नेता भी शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित थे।

बुधवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने वाले चंपई सोरेन भी इस अवसर पर मौजूद थे। हेमंत सोरेन को झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा कथित भूमि घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में जमानत दिए जाने के बाद 28 जून को जेल से रिहा कर दिया गया था। प्रवर्तन निदेशालय द्वारा 31 जनवरी को उनकी गिरफ्तारी से कुछ समय पहले ही उन्होंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। शपथ ग्रहण करने के बाद सोरेन ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने अपनी जिम्मेदारियों का अच्छी तरह निर्वाह किया। झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा कि अदालत का आदेश सार्वजनिक ...शेष पृष्ठ 14 पर

# मलिन बस्तियों का होगा कायाकल्प, बनेंगे बहुमंजिला भवन

- हर नगर निगम में एक-एक मलिन बस्ती चिन्हित करें
- बनाएं मल्टी स्टोरी बिल्डिंग
- पास में हो बाजार व पार्क : योगी

### किसी भवन के ऊपर नहीं लगे विज्ञापन होर्डिंग

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मलिन बस्तियों के पुनरोद्धार के लिए नियोजित प्रयास किया जाना अपेक्षित है। प्रत्येक नगर निगम में एक-एक मलिन बस्ती को चिन्हित कर वहां बहुमंजिला आवासीय परिसर के विकास की योजना तैयार करें। इस आवासीय परिसर के समीप स्कूल, मार्केट, पार्क, आदि बुनियादी सुविधाएं होनी चाहिए। यहां जो बाजार विकसित करें, उसमें इसी मलिन बस्ती के परिवार को आवंटित करें। जो पार्क बनाएं, उसके संचालन की जिम्मेदारी भी इन्हें ही दी जाए। इस प्रकार चरणबद्ध रूप से पूरे प्रदेश में मलिन बस्तियों का पुनरोद्धार हो सकेगा। यहां ...शेष पृष्ठ 14 पर



'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत अपने सरकारी आवास पर पौधा लगाते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

### चलेगा 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान : योगी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। देशवासियों को ग्लोबल वॉर्मिंग जैसी चुनौतियों से बचने के लिए पूरे देश में पीएम ने 'एक पेड़ मां के नाम' लगाने का अभिनव आह्वान किया है। इसी श्रृंखला में मैंने आज मुख्यमंत्री आवास पर पेड़ लगाया है। इस अभियान के लिए प्रदेशवासियों की ओर से पीएम का हृदय से आभार प्रकट करते हुए अभिनंदन करता हूं।

यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत अपने सरकारी आवास पर पौधा लगाने के उपरांत उन्होंने मीडिया से बातचीत में यह बातें कहीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपील की कि प्रदेश की आबादी के अनुसार हर ...शेष पृष्ठ 14 पर



### आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 32.00 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 27.00 डिसे. |

### भीतर पढ़ें


- पुरानी व अवैध होर्डिंग्स को 3 दिन में हटाया जाये (पृष्ठ-02)
- भव्य और दिव्य होगा महाकुंभ 2025 (पृष्ठ-02)
- गैर-पीएलआई क्षेत्रों में वीजा में सुगमता पर विचार (पृष्ठ-14)
- सोना 530 रुपये मजबूत, चांदी में 1,200 का उछाल (पृष्ठ-14)
- रुपया एक पैसे टूटकर 83.50 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-14)
- देश के 12 प्रमुख बंदरगाहों पर माल आवाजाही बढ़ी (पृष्ठ-14)


विशेष खबर

### 29 जिलों में 16.50 लाख से अधिक लोग प्रभावित

# कई राज्यों में बारिश व बाढ़ से बिगड़े हालात

एजेंसी

गुवाहाटी। असम में बाढ़ से लगातार हालात बिगड़ते जा रहे हैं और बृहस्पतिवार को राज्य की प्रमुख नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। एक आधिकारिक बुलेटिन में यह जानकारी दी गई। बुलेटिन में बताया गया कि बाढ़ के कारण राज्य के 29 जिलों में 16.50 लाख से अधिक लोग प्रभावित हैं।

ब्रह्मपुत्र, दिगारू और कोलोंग नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। वहीं, कामरूप (मेट्रो) जिले में अलर्ट जारी किया गया है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा को बृहस्पतिवार को गुवाहाटी के मालीगांव, पांडु पोर्ट और मंदिर घाट के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा करेंगे। शर्मा ने बुधवार देर रात सभी जिला आयुक्तों के साथ बाढ़ की स्थिति पर एक बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को



बाढ़ प्रभावित लोगों को जल्द से जल्द राहत पहुंचाने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे 15 अगस्त से पहले सभी पुनर्वास दावों को मानदंडों के अनुसार पूरा करें और मुख्यालय को सटीक जानकारी प्रदान करें ताकि लोगों को पर्याप्त राहत दी जा सके। असम सरकार के कैबिनेट मंत्री भी बृहस्पतिवार से अगले तीन दिनों तक बाढ़ प्रभावित जिलों का दौरा करेंगे और स्थिति का जायजा लेंगे। असम में इस साल बाढ़, ...शेष पृष्ठ 14 पर

# मुख्य आयोजक पर एक लाख का इनाम

## भोले बाबा की महिला सेवादार समेत छह लोग गिरफ्तार

विशेष संवाददाता

लखनऊ। यूपी के हाथरस हादसे को लेकर न्यायिक आयोग की पहली बैठक नैमिषारण्य गेस्ट हाउस में हुई। इसके बाद आयोग के अध्यक्ष बृजेश श्रीवास्तव ने कहा- जरूरत पड़ी तो पुलिस और मीडियाकर्मियों के बयान दर्ज किए जाएंगे। बहुत जल्द आयोग की टीम हाथरस जाएगी और सबूत इकट्ठा करेगी। दो महीने में जांच पूरी करके रिपोर्ट सरकार और शासन को सौंपनी है। इसलिए हम बहुत तेजी से काम करेंगे। इससे पहले में दोपहर में आईजी रेंज अलीगढ़ शलभ माथुर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा- पुलिस ने आज 6 लोगों की गिरफ्तारी की। सभी आरोपी आयोजन समिति के सदस्य हैं। इनमें 2 महिलाएं भी शामिल हैं। आरोपियों में मैनपुरी का राम लड़ैते यादव, शिकोहाबाद का उपेंद्र यादव, हाथरस का मेड सिंह, मंजू यादव,



मुकेश कुमार और मंजू देवी शामिल हैं। इनकी देख-रेख में ही सत्संग चल रहा था। इस मामले में पुलिस ने मुख्य आयोजक देव प्रकाश मधुकर पर 1 लाख का इनाम घोषित किया है जो अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर है।

वहीं दूसरी ओर, भोले बाबा के वकील एपी सिंह घायलों से मिलने अलीगढ़ पहुंचे। उन्होंने कहा- बाबा के पास कोई आश्रम नहीं है। वह पेंशन से अपना गुजारा करते हैं। जब भी बाबा को जांच टीम बुलाएगी, वह आएंगे। बताया जा रहा है कि हादसे के 48 घंटे बाद भी पुलिस नारायण साकार हरि उर्फ भोले बाबा तक नहीं पहुंच सकी। पुलिस ने मैनपुरी, ग्वालियर, कानपुर और हाथरस समेत 8 ठिकानों पर छापा मारा है। इधर, पुलिस ने एटा, हाथरस और मैनपुरी से 30 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया है। सभी भोले बाबा से जुड़े हैं। हाथरस भगदड़ कांड में पुलिस ने भोले बाबा के मुख्य सेवादार देव प्रकाश मधुकर को मुख्य आरोपी बनाया। उस ...शेष पृष्ठ 14 पर

# भव्य और दिव्य होगा महाकुंभ 2025

## योगी सरकार जोरदार तैयारियों में जुटी, प्रयागराज का होगा कायाकल्प,पूरे शहरी इलाके के सुंदरीकरण की तैयारी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ।प्रयागराज में अगले वर्ष की शुरूआत में होने जा रहे महाआयोजन महाकुंभ 2025 को योगी सरकार भव्य और दिव्य बनाने के लिए जोरदार तैयारियों में जुटी है। योगी सरकार महाकुंभ में सुरक्षा, सुविधा और स्वच्छता के साथ-साथ महाकुंभ की सुंदरता को लेकर भी मिशन मोड में कार्य कर रही है। इस क्रम में महाकुंभ से पहले ही प्रयागराज को दुल्हन की तरह सजा दिया जाएगा।

- जगह–जगह ग्रीन बेल्ट, हार्टिकल्चर, थीमैटिक डेवलपमेंट समेत सैकड़ों स्तंभ स्थापित किए जायेंगे
- स्वच्छता, सुविधा और सुरक्षा का मानक आयोजन बनाने के लिए होगा हर संभव प्रयास
- यह न केवल उत्तर प्रदेश, बल्कि भारत की ग्लोबल ब्रांडिंग का माध्यम बनेगा

पूरे शहरी इलाके के सौंदर्यीकरण की योगी सरकार ने योजना तैयार कर रखी है।जिस पर कार्य भी शुरू हो चुका है।अयोध्या में रामलला के नव विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान जिस तरह की साज सज्जा की गई थी।

उसी तरह प्रयागराज का कायाकल्प किया जाएगा।जगह-जगह ग्रीन बेल्ट, हार्टिकल्चर, थीमैटिक डेवलपमेंट समेत सैकड़ों स्तंभ स्थापित किए जाएंगे।महाकुंभ के आयोजन के दौरान जब श्रद्धालु संगमनगरी पहुंचेंगे तो यहां की आभा देखकर न सिर्फ दंग रह जाएंगे, बल्कि पूरी तरह धार्मिक आस्था के रंग में सराबोर हो जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में प्रयागराज महाकुंभ की तैयारियों की समीक्षा करते हुए इसके प्रबंधन से जुड़े विभिन्न विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए थे।उन्होंने महाकुंभ को स्वच्छता, सुविधा और सुरक्षा का मानक आयोजन बनाने के लिए हर संभव प्रयास करने को कहा था। मुख्यमंत्री के अनुसार, महाकुंभ 2025 पूरे विश्व को सनातन भारतीय संस्कृति से साक्षात्कार कराने का सुअवसर है। यह न केवल उत्तर प्रदेश, बल्कि भारत की ग्लोबल ब्रांडिंग का माध्यम बनेगा।हमें इसके सफल आयोजन के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देना होगा। उन्होंने कहा कि महाकुंभ भारत की प्राचीन संस्कृति का परिचायक है। इसकी गरिमा के अनुरूप पूरे नगर को सजाया जाना चाहिए। कुंभ से जुड़े कथानक, सनातन संस्कृति के प्रतीकों आदि को चित्रित किया जाए। चौराहों पर कुंभ के लोगो लगाए जाने चाहिए। थीम आधारित द्वार, स्तम्भ, लाइटिंग के प्रयास होने चाहिए।सीएम योगी की मंशा के अनुरूप प्रयागराज में 38 जंक्शन का सौंदर्यीकरण कार्य प्रगति पर है।



प्रयागराज मेला प्राधिकरण द्वारा एजेंसी आबद्ध करके ट्रैफिक डेंसिटी एनालिसिस के प्रयोग से स्टडी करके डिजाइन तैयार किया गया है।इसके साथ ही 5 साल के मेंटीनेंस के साथ ग्रीन बेल्ट एवं स्कल्प्चर्स की स्थापना की जाएगी। कुल मिलाकर 19 जंक्शन पीडीए द्वारा, 15 जंक्शन पीडब्ल्यूडी एवं 2 जंक्शन का निर्माण सेतु निगम द्वारा किया जा रहा है। दूसरी तरफ, शहरी मार्गों का भी सौंदर्यीकरण किया जा रहा है।इसके तहत 38 शहरी मार्गों (75 किलोमीटर) का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। मेला प्राधिकरण द्वारा 8 आर्किटेक्ट आबद्ध कर प्रत्येक मार्ग पर ग्रीन बेल्ट, हार्टिकल्चर, लैंड स्केपिंग डेवलपमेंट, थीमैटिक डेवलपमेंट एवं गैप एनालिसिस पूर्ण किया जा रहा है।कुल 36 मार्ग पीडीए द्वारा और 2 मार्ग का सौंदर्यीकरण पीडब्ल्यूडी द्वारा किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त लगभग 10 लाख वर्गफीट पर स्ट्रीट आर्ट व दीवारों पर कलाकृतियां बनाई जाएंगी। इसमें 5 लाख वर्गफीट कुंभ मेला मद से एवं 5 लाख वर्गफीट एनएमसीजी मद से प्रयागराज मेला प्राधिकरण द्वारा कार्य किया जाएगा।

साथ ही, 4 थीमैटिक गेट बनाए जाने की भी योजना है।इन प्रस्तावित थीमैटिक गेट के नाम सरस्वती द्वार, शिव द्वार, गंगा द्वार और यमुना द्वार रखा जाएगा। इसकी निविदा प्रक्रियाधीन है।इसके अतिरिक्त 108 स्तंभों का भी निर्माण होगा।इन्हें, नदी के किनारे की सड़कों, विषयगत द्वारों और स्थलों पर स्तंभों का प्रस्ताव किया जा रहा है।भारद्वाज आश्रम में 8 नग, 4 विषयगत द्वार में 48 नग और रिवर फ्रंट रोड में 52 नग स्थापित किए जाएंगे। इस योजना की कार्यदायी संस्था सीएंड डीएस है।

# हाईकोर्ट के वर्तमान जज की अध्यक्षता में हो जांच : अजय राय

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने हाथरस की घटना के लिए सरकार और प्रशासन को बताया दोषी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने गुरुवार को प्रेस वार्ता की।



पत्रकार वार्ता की शुरूआत करने से पूर्व उन्होंने हाथरस में हुई ह्दय विदारक घटना में दिवंगत हुए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित कर की।उन्होंने कहा कि मृतकों के परिजनों को एक करोड़ रुपये तथा परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी तथा घायलों को इलाज के लिए 25 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाये। उन्होंने कहा कि हादसे को गंभीरता से लेते हुए मामले की न्यायिक जांच उच्च न्यायालय के वर्तमान जज की अध्यक्षता में करायी जाए।हाथरस का दर्दनाक घटना का पूर्ण रूप से दोषी वहां का प्रशासन और सरकार की विफलता है जिसने ये जानते हुए भी इतना बड़ा आयोजन है अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन ठीक तरीके से नहीं किया।80 हजार श्रद्धालुओं की अनुमति के बाद 2.5 लाख से अधिक श्रद्धालु आये लेकिन सिर्फ 40 पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगायी गयी। अंदर से बाहर तक हर तरफ सिर्फ अव्यवस्था थी।हादसे के बाद घायलों को अस्पताल ले जाने के लिए एम्बुलेंस की व्यवस्था नहीं थी, मजबूरन टैम्पों, आटो रिक्शा के माध्यम से अस्पताल ले जाया गया लेकिन वहां पर भी उनके इलाज का समुचित इंतजाम नहीं था नतीजन बहुत से लोगों ने अस्पताल के दरवाजे पर ही दम तोड़ दिया। लखनऊ ने घटना का संज्ञान तीन घंटे बाद लिया।दुर्भाग्य देखिए कि एक तरफ इतने बड़े हादसे के बाद घायलों के लिए एम्बुलेंस तक उपलब्ध नहीं थी और दूसरी तरफ प्रदेश के कई जिलों में एम्बुलेंस घोटाला सामने आ रहा है।

# पुरानी व अवैध होर्डिंग्स को 3 दिन में हटाया जाये

## 15 दिन चलेगा नाले-नालियों का सफाई अभियान, अतिक्रमण हटेंगे

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने सभी नगरीय निकायों में जल निकासी के उचित प्रबन्धन के लिए नाले-नलियों की बेहतर साफ-सफाई के लिए गुरुवार से 15 दिन का वृहद सफाई अभियान चलाने का निर्देश दिया है।इसके पहले सभी निकायों में 72 घण्टे का अनवरत नाला-नाली सफाई अभियान चलाया गया था, जिसका अपेक्षित परिणाम न आने से सफाई अभियान को 15 दिन और बढ़ाने का निर्देश दिया गया है।उन्होंने कहा कि शहरों की जल निकासी के लिए नाले-नालियों में किये गये अतिक्रमण व अवरोध को शीघ्र हटाया जाए। बरसात में पानी निकासी में आंड़े आने वाले किसी भी प्रकार के अवरोध को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

नगरीय क्षेत्रों में समस्याओं तथा विभागीय योजनाओं की प्रगति की जल निगम फील्ड हॉस्टल में वर्चुअल समीक्षा के दौरान नगर विकास मंत्री ने शहरों के मुख्य मार्गों का नियमित सफाई कराने के निर्देश दिए।यह भी कहा कि सभी नगर आयुक्त शहरों की जोनवार एवं वार्डवार सफाई सुनिश्चित करायें। उन्होंने कहा कि निकायों में सुबह 05 बजे से 08 बजे के बीच होने वाली नियमित सफाई की मॉनीटरिंग की जाए। मंत्री ने पुरानी व अवैध होर्डिंग्स को 03 दिन के भीतर हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि नागरिकों व बच्चों को अवारा पशुओं तथा स्वानों के कारण परेशानी न हो इसकी व्यवस्था की जाए। मंत्री ने सिंगल यूज प्लास्टिक के नगरीय क्षेत्रों में प्रयोग, उत्पादन एवं वितरण पर प्रभावी नियंत्रण लगाने पर भी निर्देश दिए।नगरों में कहीं पर भी अब प्लास्टिक का प्रयोग होता न दिखे।नगर विकास मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बरसात में जलभराव, कीचड़ व गंदगी से संचारी रोगों, मच्छर व मक्खीजनित बीमारियों, डेंगू, मलेरिया, चिकुनगुनिया आदि के पनपने व फैलने की संभावना बनी रहती है, जिससे नागरिकों को जीवन का खतरा भी पैदा हो जाता है।इसकी पूर्णतया रोकथाम के लिए कहीं पर भी जलभराव, कीचड़ व गंदगी न होने पाए। लोगों को कूड़ा डालने के लिए डस्टविन का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करें तथा व्यापारियों से अपनी दुकानों एवं कामर्शियल प्रतिष्ठानों के सामने डस्टविन जरूर रखवायें। सफाई के पश्चात गलियों, सड़कों पर कूड़ा डालने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर जुर्माना लगाया जाए।



रोगों के नियंत्रण के लिए अभी से औषधियों उपलब्धता एवं दवा आदि के छिड़काव आदि की व्यवस्था पूर्ण कर ली जाए।कहा कि आने वाले समय में कांवड़ यात्रा सहित अन्य धार्मिक उत्सव एवं त्योहार शुरू हो जायेंगे, जिसके लिए नगरों में साफ-सफाई बहुत जरूरी है। सभी निकाय अपने यहां के पब्लिक टॉयलेट, पिंक टॉयलेट, संस्थागत टॉयलेट की सफाई भी सुनिश्चित करायेंगे। किसी भी प्रकार की शिकायत पर जोनल अधिकारी एवं सैनेटरी इन्स्पेक्टर आदि की जिम्मेदारी तय की जायेगी। एके शर्मा ने विभाग के स्थानान्तरित ऐसे कर्मचारियों एवं अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि जिन्होंने अब तक नियुक्ति स्थान पर कार्यभार ग्रहण नहीं किया वे तत्काल जाकर कार्यभार ग्रहण करें। आदेशों की अवहेलना पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई की जायेगी। निकायों के मध्य स्वच्छता प्रतियोगिता भी करायी जाए।सभी साफ किये गये कूड़ा स्थलों में पौधरोपण कराया जाए।प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने कहा सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग पर पूर्ण नियंत्रण लगायें। उन्होंने कहा कि सभी निकाय वार्षिक कार्ययोजना बनाकर 15 दिन के अन्दर अपने यहां के बोर्ड से प्रस्तावित करा लें।

# पौधों को लगाने से ज्यादा आवश्यक है, उन्हें बचाना : केशव

## ग्राम्य विकास विभाग लगायेगा 12.59 करोड़ पौधे,रोपण के लक्ष्य को समय से पूरा करने के निर्देश

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि वृक्षों को लगाना बहुत जरूरी है, लेकिन उससे ज्यादा जरूरी उन्हें बचाना है। मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इस वर्ष ग्राम्य विकास विभाग के 12.59 करोड़ पौधों के रोपण के लक्ष्य को समय से पूरा किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि निर्धारित लक्ष्य को निर्धारित तिथि तक हर हाल में पूरा किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि रोपित पौधों की जीवन्तता सुनिश्चित करने के लिए रोपण के पश्चात आगामी 3 वर्षों अथवा पौधों के वृक्ष के रूप में स्थापित होने तक सुरक्षा एवं रखरखाव किया जाए। मौर्य ने कहा है कि हमें अपने बच्चों की तरह वृक्षों और पौधों की परवरिश करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सरकार और समाज दोनों को मिलकर काम करना होगा, तभी हम अपनी पीढ़ी को स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण दे पाएंगे।

- पौधों के वृक्ष के रूप में स्थापित होने तक सुरक्षा एवं रखरखाव किया जाये
- वृक्षारोपण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सरकार और समाज दोनों को मिलकर काम करना होगा



उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और जल संरक्षण के दृष्टिकोण से ही अमृत सरोवरों का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम सबको संकल्प लेना चाहिए की परमार्थ का भाव रखते हुए वृक्षारोपण करें और पौधों को बचाएं। उन्होंने वृक्षों की महत्ता और महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वृक्ष धरा के आभूषण हैं, इनसे हमें शुद्ध ऑक्सीजन मिलती है और पर्यावरण संरक्षित रहता है।कहा कि स्वच्छ भारत और स्वस्थ भारत की दृष्टिकोण से प्रधानमंत्री जी ने जो संदेश दिया था, उसके परिणाम सार्थक और सकारात्मक परिणाम निखर कर आए हैं लेकिन अभी इस क्षेत्र में बहुत कुछ करना बाकी है।

मौर्य ने कहा हम सब लोग वातावरण को स्वच्छ रखने तथा वृक्षों को संरक्षित रखने की संगठित रूप से प्रयास करें, तभी आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित पर्यावरण दे पाएंगे ।उन्होने लोगों से अपील की है कि हम अपने मित्रों व आसपास के लोगो को पर्यावरण सुरक्षा हेतु प्रेरित करें व अधिक से अधिक पौधे लगाएं। उपमुख्यमंत्री ने मनरेगा योजना से बांस का रोपण नदियों के किनारे पर किये जाने के निर्देश दिए गए हैं। अमृत सरोवरों के चारों ओर फलदार, छायादार पौधों का रोपण करने के निर्देश दिए गए हैं।

# 20 लाख तक दिये जायेंगे निर्यातकों को परिवहन अनुदान

## यूपी कृषि निर्यात नीति-2019 में किया गया आंशिक संशोधन : दिनेश प्रताप

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कृषि निर्यात नीति 2019 (तृतीय संशोधन) 2024 के तहत आंशिक संशोधन करते हुए अधिसूचना जारी कर दी गयी है।इसके तहत कृषि उत्पादों एवं इनसे प्रसंस्कृत वस्तुओं के निर्यात पर परिवहन अनुदान (वायु मार्ग, रेल मार्ग, सड़क मार्ग तथा जल मार्ग) की अधिकतम सीमा वास्तविक भुगतान किये गये भाड़े का 25 प्रतिशत की गयी है।परिवहन अनुदान मद में हर साल अधिकतम 20 लाख रुपए प्रति निर्यातक, फर्म को दिया जायेगा।पूर्व में परिवहन अनुदान 10 लाख रुपए था।इस परिवहन अनुदान में मांस एवं चीनी के निर्यात पर कोई अनुदान देय नहीं होगा।

- यूपी लैंड लाफ्ट प्रदेश है, जो समुद्री तट से दूर स्थित ह "जिससे निर्यातकों को समुद्री तट वाले राज्यों से प्रतिस्पर्धा करने में कठिनाई होती है
- पूर्व में परिवहन अनुदान 10 लाख रुपये था



यह जानकारी प्रदेश के उद्यान, कृषि निर्यात, कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि यूपी लैंड लाफ्ट प्रदेश है, जो समुद्री तट से दूर स्थित है।जिससे निर्यातकों को समुद्री तट वाले राज्यों से प्रतिस्पर्धा करने में कठिनाई होती है।

वायु मार्ग से निर्यात करने पर खर्च बहुत ज्यादा आता है, इसको दृष्टिगत रखते हुए निर्यातकों को परिवहन अनुदान दिये जाने का निर्णय लिया गया है।यह निर्णय यूपी शासन की अध्यक्षता में गठित एक राज्य स्तरीय स्वीकृत समिति में लिया गया।कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार राज्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री ने निर्यातकों की व्यवहारिक समस्याओं को दूर करके उन्हें अधिक से अधिक निर्यात के लिए प्रोत्साहित करने के लिए किया है।उन्होंने बताया कि निर्यातकों की सुविधा तथा आमदनी बढ़ाने के लिए यह निर्णय लिया गया है।

यह अनुदान निर्यातक से इस आशय का प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद दिया जायेगा कि उनके द्वारा अन्य किसी स्त्रोत, विभाग से इस प्रकार का कोई अनुदान नहीं लिया गया है।उप्र कृषि निर्यात नीति-2019 (तृतीय संशोधन) 2024 के संशोधित प्राविधान 1 जुलाई से किये जाने वाले निर्यात पर लागू होगा और 1 वर्ष के उपरान्त इन नीतिगत संशोधनों की समीक्षा की जायेगी।

# वर्ष 2025 में यूपी करेगा मोटो जीपी रेस की मेजबानी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में मोटो जीपी रेस के आयोजन के लिए 'इन्वेस्ट यूपी' की ओर से मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह तथा डोर्ना स्पोर्ट्स एसएल की ओर से कार्मेलो एजपेलेटा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

- यूपी में मोटो जीपी रेस के आयोजन के लिए 'इन्वेस्ट यूपी' और डोर्ना स्पोर्ट्स एसएल के बीच हुआ समझौता
- ग्रेटर नोएडा के बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर वार्षिक मोटो जीपी रेस का होगा आयोजन

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने इस समझौते को उत्तर प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में हो रही इस प्रकार की प्रतिस्पर्धा के आयोजन से बड़े-बड़े अंतर्राष्ट्रीय निवेशक प्रदेश की ओर आकर्षित हो रहे हैं। उत्तर प्रदेश में मोटो जीपी लाने से न केवल हमारे राज्य को वैश्विक खेल मंच पर उभारा जाएगा, बल्कि पर्यटन, आतिथ्य और संबंधित क्षेत्रों में पर्याप्त आर्थिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।यह कार्यक्रम दुनिया भर के आगंतुकों को आकर्षित करेगा, जो विश्व स्तरीय खेल आयोजनों की मेजबानी करने में उत्तर प्रदेश की क्षमता को उजागर करेगा। उल्लेखनीय है कि यह ऐतिहासिक समझौता उत्तर प्रदेश को प्रमुख खेल आयोजनों के लिए अंतिम गंतव्य के रूप में मजबूत करता है, जो वर्ष 2025 से प्रतिष्ठित मोटोजीपी रेस इवेंट की वार्षिक मेजबानी की गारंटी देता है।राज्य की प्रमुख निवेश प्रोत्साहन एजेंसी इन्वेस्ट यूपी द्वारा संचालित यह समझौता उत्तर प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने और पर्याप्त निवेश आकर्षित करने की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है।उत्तर प्रदेश सरकार ने पूरे मोटोजीपी आयोजन की निगरानी के लिए एक उच्च स्तरीय कार्यकारी समिति भी बनाई है।इस समिति की अध्यक्षता मुख्य सचिव तथा अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह करेंगे और इसमें नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण के सीईओ सदस्य होंगे।



गौतमबुद्ध नगर के जिलाधिकारी और डोरना स्पोर्ट्स के मुख्य खेल अधिकारी भी इस समिति के सदस्य होंगे।उच्च स्तरीय कार्यकारी समिति को सहयोग देने के लिए एक आयोजन समिति भी बनाई जाएगी। औद्योगिक विकास प्राधिकरणों और स्थानीय प्रशासन के प्रतिनिधियों के साथ-साथ डोरना स्पोर्ट्स के मुख्य खेल अधिकारी और राज्य के कुछ जाने-माने निवेशक भी इसके सदस्य होंगे।उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में प्रतिष्ठित बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में रोमांचक मोटो जीपी मोटरसाइकिल दौड़ का आयोजन किया जाएगा, जो विश्व स्तरीय मोटर स्पोर्ट आयोजित करने के लिए प्रसिद्ध है।डोर्ना के साथ रणनीतिक सहयोग के माध्यम से, उत्तर प्रदेश का लक्ष्य प्रत्येक मोटो जीपी कार्यक्रम को निर्बाध रूप से क्रियान्वित करना है, जिससे वैश्विक खेल केंद्र के रूप में इसकी प्रतिष्ठा मजबूत होगी। इस समझौते को हासिल करने में इन्वेस्ट यूपी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। निवेश को बढ़ावा देने और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के साथ, इन्वेस्ट यूपी का लक्ष्य उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति देना और असंख्य रोजगार के अवसर पैदा करना है।वर्ष 1988 में स्थापित, डोर्ना स्पोर्ट्स दुनिया की अग्रणी मोटरसाइकिल रेसिंग चौंपियनशिप के लिए विशेष वाणिज्यिक और टीवी अधिकार धारक है।मैड्रिड, स्पेन में स्थित, बार्सिलोना में परिसर और रोम में एक सहायक कंपनी के साथ, समूह खेल प्रबंधनए विपणन और मीडिया में अग्रणी है। दुनिया भर में मोटो जीपी इवेंट्स को व्यवस्थित करने में डोर्ना स्पोर्ट्स के पास विशाल अनुभव है। उत्तर प्रदेश सरकार और डोर्ना स्पोर्ट्स के बीच सहयोगात्मक तालमेल आर्थिक और सांस्कृतिक समृद्धि को बढ़ावा देने वाली साझेदारी को बढ़ावा देने में राज्य के सक्रिय दृष्टिकोण का प्रतीक है।

मोटो जीपी की मेजबानी के लिए उत्तर प्रदेश सरकार की अटूट प्रतिबद्धता राज्य को अंतरराष्ट्रीय आयोजनों और निवेशों के लिए पसंदीदा गंतव्य के रूप में स्थापित करने के अपने व्यापक दृष्टिकोण का प्रतीक है। यह दूरदर्शी पहल पर्याप्त आर्थिक लाभांश को अनलॉक करने और उत्तर प्रदेश की वैश्विक स्थिति को ऊपर उठाने के लिए तैयार है।

# लापरवाह संस्थाओं व ठेकेदारों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ** खेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चंद्र यादव ने निर्देश दिए कि खेल निर्माण से संबंधित कार्यों को समयबद्ध और गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। खेल मंत्री ने लापरवाही करने वाली कार्यदायी संस्थाओं पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की और निर्देश दिया कि ऐसी संस्थाओं के साथ-साथ ठेकेदारों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाए।



जिन कार्यदायी संस्थाओं को कार्य की पूरी धनराशि मिल चुकी है, वे प्रत्येक दशा में कार्य पूरा करना सुनिश्चित करें।खेल राज्यमंत्री गुरुवार को केडी सिंह स्टेडियम, लखनऊ में खेल विभाग की निर्माण अवस्थापना कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए स्पोर्ट्स कॉलेज बनाने और उन्हें अपडेट करने का कार्य कर रहे हैं। इन स्पोर्ट्स कॉलेज के बनने से प्रदेश के खिलाड़ियों को एक अच्छा वातावरण मिलेगा और राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खेलों का आयोजन भी किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिया कि कार्यदायी संस्थाओं को ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य के लिए बनाए गए पर्ट चार्ट का नियमित रूप से खेल अधिकारी निरीक्षण करें।खेल विभाग के अंतर्गत 6 कार्यदायी संस्थाओं द्वारा 72 कार्य कराए जा रहे हैं।

# एलडीए की बोर्ड बैठक आज, एजेंडे में रखे गये 40 प्रस्ताव

## प्राधिकरण क्षेत्र में विकास शुल्क व सुख-सुविधा लागू करने की तैयारी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण बोर्ड की 181वीं बैठक शुक्रवार को गोमती नगर स्थित प्राधिकरण मुख्यालय में कमिश्नर व अध्यक्ष रौशन जैकब की अध्यक्षता में होगी। चुनाव बाद हो रही बोर्ड बैठक में इस बार 40 प्रस्तावों को एजेंड़े में शामिल किया गया है। इनमें एक दर्जन प्रस्ताव परिचालन से पास हो चुके हैं जिन्हें बोर्ड के समक्ष अनुमोदन के लिए लाया जा रहा है।

बोर्ड का एजेंडा प्राधिकरण कई दिनों से तैयार कर रहा था जिसे गुरुवार को सभी सदस्यों को भेज दिया गया। एजेंडे के अनुसार एलडीए की सीमा पूरे लखनऊ तक बढ़ाने का प्रस्ताव चर्चा के लिए लाया जा रहा है तो विकास शुल्क बढ़ाने व सुख सुविधा शुल्क पूरे प्राधिकरण क्षेत्र में लागू करने का प्रस्ताव पास किया जाएगा। इन फैसलों के बाद प्राधिकरण क्षेत्र में मकान बनवाना महंगा हो जाएगा। लखनऊ विकास प्राधिकरण के विकास क्षेत्र के विस्तारीकरण सम्बंधी प्रस्ताव को परिचालन के माध्यम से पास किया गया था। इसे भी अनुमोदन के लिए लाया जा रहा है। अविकसित क्षेत्र में देय एफएआर के अनुसार प्राधिकरण की ओर से विकसित योजनाओं में रिक्त पड़े भूखण्डों के निस्तारण के लिए समतुल्य एफएआर उपलब्ध कराने का प्रस्ताव लाया जा रहा है। प्रस्ताव के अनुसार लखनऊ में कई योजनाएं विकसित की गयी हैं। इन योजनाओं में प्राधिकरण की ओर से आवासीय, ग्रुप हाउसिंग, व्यवसायिक, सामुदायिक सुविधाएं आदि भूखण्ड विकसित किये गये हैं। प्राधिकरण योजनाओं के बढ़े क्षेत्रफल के ग्रुप हाउसिंग, व्यवसायिक, सामुदायिक सुविधाएं आदि के भूखण्ड भवन निर्माण एवं विकास उपविधि के प्राविधानों के अनुसार विकसित क्षेत्र में स्थित होने के कारण कई बार विज्ञापन देने के बावजूद भी बिक नहीं पा रहे हैं। संपत्ति विभाग के सुझाव पर इन भूखण्डों का एफएआर एवं आच्छादन नये क्षेत्रों की भांति किया जाएगा। ग्रुप हाउसिंग के लिए नये, अविकसित क्षेत्र में 2.50 एफएआर की अनुमति मिल सकती है। मगर प्रस्तावित किया गया है कि मूल एफएआर 1.50 से अधिक परन्तु 2.50 एफएआर तक के लिए क्रय योग्य एफएआर शुल्क देय होगा। प्राधिकरण की निष्प्रयोज्य पड़ी भूमि के निस्तारण के लिए ऐसी भूमि की वर्तमान में निर्धारित दर में वर्तमान में अनुमन्य एफएआर एवं नये, अविकसित क्षेत्रों में अनुमन्य एफएआर दिये जाने पर अन्तर पर आगणित धनराशि ऐसे भूखण्डों की मूल धनराशि में जोड़ते हुए दर निर्धारित किया जाने का प्रस्ताव है।

### जांच मामलों में आवंटी को देना होगा शपथ पत्र

इसके अलावा जिन प्रकरणों में किसी भी जांच एजेन्सी की ओर से जांच आदि की कार्यवाही की गयी हो अथवा चल रही हो उनके सम्बन्ध में जांच में पाये गये गुणदोष व निष्कर्ष के अनुसार कार्यवाही की जाएगी। समिति केस टू केस अपनी संस्तुति सक्षम प्राधिकारी के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया जायेगा। जो धनराशि प्राधिकरण में कम जमा होनी पायी जाती है, एमसीएलआर दर के अनुसार साधारण ब्याज की प्रक्रिया के अनुसार गणना कराकर धनराशि जमा कराए जाने का प्रस्ताव है। हालांकि ऐसे आवंटियों को आगणित अतिरिक्त धनराशि जमा करने के लिए शपथ-पत्र देना होगा। असल में, हर महीने करीब 20 मामले सामने आते हैं जिनमें एलडीए को वित्तीय क्षति होती है। सीजी सिटी में सबसीडियरी इन्टेलिजेन्स ब्यूरो (एमएए) के कार्यालय, सह-आवास योजना की स्थापना के लिए आवंटित भूखण्ड की समय सीमा बढ़ाने, गोमती नगर योजना, विराज खण्ड-1 के स्वीकृत मानचित्र में भूखण्डीय विकास के स्थान पर 02 भूखण्ड ग्रुप हाउसिंग, 01 भूखण्ड व्यवसायिक तथा 01 भूखण्ड का पुनर्नियोजन, ममता सिंह के फ्लैट संख्या- पीआर- 2/216, टाइप-प्रेमायन के स्थान पर फ्लैट संख्या-आर-51, टाइप-रूपायन, नेहरू इन्क्लेव में परिवर्तन करने, अकबर नगर-प्रथम एवं द्वितीय के विस्थापित निवासियों के विस्थापन नीति, सेक्टर-आई, बसंतकुंज योजना में बने प्रधानमंत्री आवासों के इक्जीक्युशन प्लान।

### आवासीय भूखण्डों पर बहु-आवासीय का प्रस्ताव

अनिस्तारित फ्लैटों के मूल्य में छूट, आवासीय भूखण्डों पर बहु-आवासीय व एक से अधिक भूखण्डों को आमेलित करने, विभूति खण्ड व जानकीपुरम योजना, सेक्टर-जे (विस्तार) के तलपट मानचित्र में आंशिक संशोधन, टीओडी जोन में स्थित प्राधिकरण की नियोजित व विकसित योजनाओं एवं पूर्ववर्ती संस्था लखनऊ इम्प्रूवमेन्ट ट्रस्ट की तरफ से विकसित योजनाओं में टीओडी नीति के प्राविधान लागू किये जाने के लिए टीओडी प्रभाव क्षेत्र के चिन्हांकन करने का प्रस्ताव पास किया जाएगा।

### तलपट मानचित्र में संशोधन के प्रस्ताव

प्राधिकरण विकास क्षेत्र के अन्तर्गत विशेष सुख सुविधा (ग्रीन कॉरीडोर) विकास के लिए अतिरिक्त विकास शुल्क को बढ़ाने, सेक्टर-4, गोमती नगर विस्तार के तलपट मानचित्र में कार्यालय भूखण्ड, संख्या-6 को आवासीय में परिवर्तित किये जाने, अनियोजित व बिना तलपट मानचित्र स्वीकृति के प्राप्त होने वाले मानचित्रों, पेट्रोल पम्प / फ्यूल स्थापित करने के लिए 'भूखण्ड का आकार' मानकों में संशोधन, गोमती नगर विस्तार में शैक्षिक भूखण्ड में परिवर्तित करने, द्वारका नाथ आनन्द एवं कविता आनन्द के भूखण्ड को खिल खारिज एवं फ्रीहोल्ड किये जाने का प्रस्ताव।

### आवासीय योजना के लिए लैंड पूलिंग

गोमती नदी के किनारे कैण्ट सीमा से एक्वाडक्ट तक ग्रीन कॉरीडोर / बंधा निर्माण के लिए भूमि लेने, वेल्नेस सिटी योजना एवं आईटी सिटी योजना की भूमि को भू-स्वामियों से आम सहमति से लेने, मोहान रोड योजना के अर्जित ग्राम प्यारेपुर की भूमि की दर निर्धारित करने, चबूतरों के बकाये धनराशि पर ब्याज लिए जाने, ब्याज दरों में एकरुपता का प्रस्ताव। किसानों को आवंटित चबूतरों को फ्रीहोल्ड किये जाने, अलीगंज योजना का भूखण्ड को फ्रीहोल्ड किये जाने, कानपुर रोड में व्यवसायिक चबूतरों मे धनराशि समय से जमा न करने पर अतिरिक्त ब्याज के सम्बन्ध में प्राविधानित व्यवस्था में संशोधन पर विचार किया जाएगा।

### एलडीए में लागू होगी ई-ऑफिस प्रणाली

लंदन आई की तर्ज पर लखनऊ आई को आरएफपी के आधार पर संचालित करने, विभिन्न झीलों के जीर्णोद्धार व सुंदरीकरण के कार्य के लिए विशेषज्ञ व्यक्ति व फर्म को नियुक्त किये जाने, प्राधिकरण में ई-ऑफिस प्रणाली लागू करने, प्रवर्तन दल के सुरक्षाकर्मियों को सीधे खाते में भुगतान करने, सलाहकार फर्म व प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग सेल के चयनित विशेषज्ञों का समय विस्तार, 14 अवर अभियन्ता (सिविल) व 04 अवर अभियन्ता (वि./यां.) की आउटसोर्सिंग के माध्यम से आपूर्ति, भू-अर्जन से सम्बन्धित विभिन्न माननीय न्यायालयों में योजित वादों में प्रभावी तथा अर्जन सम्बन्धी कार्य के लिए मानदेय के आधार पर सेवानिवृत्त अधिकारियों व कर्मचारियों को रखे जाने सम्बंधी प्रस्तावों पर चर्चा होगी।

# परिचालक ने दिव्यांग यात्री से किया अभद्रता, होगी जांच

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बुधवार को परिचालक ने एक दिव्यांग यात्री से न केवल अभद्र व्यवहार किया बल्कि उसका दिव्यांग प्रमाण पत्र मानने से इनकार कर उसे टिकट खरीदने के लिए मजबूर कर दिया। यही नहीं, 98 रुपये टिकट के लिए 100 रुपये के भुगतान पर बकाया धनराशि भी यात्री को वापस नहीं किया। इस मामले में क्षेत्रीय प्रबंधक लखनऊ ने मामलें की जांच के आदेश दिए हैं। दिव्यांग यात्री प्रमोद श्रीवास्तव ने रोडवेज परिचालक पर अभद्रता का आरोप लगाया है। क्षेत्रीय प्रबंधक लखनऊ आरके त्रिपाठी ने बताया कि दिव्यांग यात्रियों का सफर बस में निःशुल्क है। इस मामले की जांच की जाएगी। परिचालक के दोषी पाए जाने पर कार्रवाई होगी। उन्होंने बताया कि बीते बुधवार को बारिश में भीगते हुए चारबाग बस अडडे पहुंचकर हैदरगढ़ जाना था। यहां एक बस जगदीशपुर होते हुए हैदरगढ़ जा रही थी। वह इस बस में चढ़ने लगे तो परिचालक ने उन्हें ले जाने से इनकार कर दिया। टिकट खरीदने की बात पर परिचालक ने उन्हें बस में बैठा लिया। इसके बाद वह बस संख्या यूपी 33 एटी 5497 से रवाना हो गए। रास्ते में परिचालक ने टिकट बनाना शुरू किया तो उन्होंने दिव्यांगता प्रमाण पत्र दिखाया।

# निकाय एक पेड़ मां के नाम पर रोपेंगे 35 लाख पौधे

विशेष संवाददाता (vol)

- 10 नगर निगमों में बनाये गये मियावाकी पार्क, 197,500 पौधे रोपित किये

**लखनऊ।** नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने कहा कि नागरिकों को ग्लोबल वार्मिंग तथा पर्यावरण असंतुलन जैसी परेशानियों से बचाने के लिए प्रधानमंत्री ने एक पेड़ मां के नाम स्लोगन के साथ इस बार पौधारोपण करने का अभिनव आह्वान किया है।

इस दृष्टि से सभी नगर आयुक्त एवं अधिशासी अधिकारी अपने अपने निकायों में हरियाली बढ़ाने, सुंदरीकरण करने, जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने, पर्यावरण तथा नगरीय वातावरण को बेहतर बनाने के लिए 20 जुलाई को प्रदेशव्यापी वृहद पौधरोपण अभियान के दौरान अधिक से अधिक पौधरोपण कराना सुनिश्चित करायें। इसके लिए नगरों की सड़कों व फुटपाथों के किनारे पड़ी खाली जमीन, पार्कों, उद्यानों, अमृत सरोवरों, साफ किए गए कूड़ा स्थलों पर पौधरोपण करायें। नगरों में ग्रीन कॉरिडोर भी बनाए जाएं और पौधरोपण के साथ थीमपार्क, नक्षत्र वन, आयुष वन, उपवन, मियावाकी पार्क भी विकसित किया जा सकते हैं। कहा कि अभियान के अभी 14 दिन शेष हैं। इस बार नगरों में 35 लाख पौधारोपण किया जाना है, इसके लिए स्वयंसेवी संस्थाओं, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों तथा नागरिकों का भी सहयोग लिया जाए। उन्होंने कहा कि निकायों में प्रदेश की 50 प्रतिशत आबादी रहती है। प्रदेश की जीडीपी में 60 से 65 प्रतिशत योगदान निकायों का है, जहां पर नागरिकों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए सभी प्रयास किया जा रहे हैं। इस अवसर पर वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉक्टर अरुण कुमार सक्सेना ने कहा कि प्रदेश ग्रीन यूपी तथा ग्रीन सिटी बनने की ओर बढ़ रहा है। इस वर्ष 20 जुलाई को प्रदेशभर में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम किया जाना है। उन्होंने कहा कि नगरीय निकायों के पास खाली जगह काफी है, जहां पर पौधों का रोपण किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पेड़ लगाने के साथ-साथ बचाने का भी पूरा प्रयास करें। प्रदेश सरकार आगे पेड़ बचाओं अभियान भी चलायेगी। अपर मुख्य सचिव वन एवं पर्यावरण मनोज कुमार सिंह ने बताया कि पूरे प्रदेश में 35 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारित है। इन पौधों के लगने से कार्बन उत्सर्जन में कमी आयेगी।

# सहारा शहर से 100 एकड़ जमीन की लीज निरस्त करेगा एलडीए

विशेष संवाददाता (vol)

- यहां अतिक्रमण हटाकर विकसित होगा मियावाकी वन

**लखनऊ।** गोमती नगर में मेसर्स सहारा इंडिया हाउसिंग लि. को लीज पर दी गई 100 एकड़ जमीन का अनुबंध एलडीए निरस्त करेगा। जियामऊ, ग्राम-उजरियांव एवं रेलवे लाइन के मध्य अर्जित भूमि पर लाईसेन्स के आधार पर ग्रीन बेल्ट के उपयोग के लिए मेसर्स सहारा इंडिया को दी गई थी। यहां अवैध तरीके से सहारा शहर बन गया। इसलिए अनुज्ञप्ति अनुबन्ध को निरस्त कर यहां वृहद पौधारोपण कर सघन वन विकसित करने का प्रस्ताव बोर्ड में लाया जा रहा है। मेसर्स सहारा इंडिया हाउसिंग लिमिटेड को 28 फरवरी 1995 को 100 एकड़ अर्जित भूमि सशर्त ग्रीन बेल्ट के उपयोग के लिए उपलब्ध करायी गयी थी। अनुज्ञप्ति विलेख में यह शर्त रखी गयी थी कि 50 प्रतिशत भूमि नर्सरी प्रयोजन में प्रयोग करें, जॉगिंग ट्रैक बनाये, बच्चों के खेलने का उपकरण लगाये, फव्वारा लगाये, ग्रीन बेल्ट की विज्ञापन पट्टिका लगाये, इसके अतिरिक्त वृक्ष लगाने के लिए 30 वर्ष की अवधि का समय दिया गया था। जिसका 30-30 साल पर नवीनीकरण होता है। लीज में दी गयी शर्तों का उल्लंघन होने की दशा में अनुबन्ध विहित प्रक्रिया अपना कर निरस्त करने का प्रस्ताव लाया जा रहा है। लीज के 29 वर्ष बीत जाने के बाद भी मेसर्स सहारा इंडिया की ओर से इस भूमि पर ग्रीन बेल्ट का विकास नहीं किया गया। भूमि पर झुग्गी-झोपडियों के रूप में अतिक्रमण है, जिस पर भविष्य में और अधिक अवैध अतिक्रमण होने की प्रबल सम्भावना व्यक्त की गई है। यह मामला सर्वोच्च न्यायालय में भी विचाराधीन है। वर्तमान जलवायु परिवर्तन एवं ग्लोबल वार्मिंग के दुष्प्रभाव जैसे- तापमान में अत्याधिक वृद्धि, पर्यावरणीय प्रदूषण के दृष्टिगत प्रश्नगत स्थल पर ग्रीन बेल्ट एंव सघन वन विकसित करने के लिए मियावाकी तकनीकी से हरित वन का विकास करने के लिए एलडीए यह प्रस्ताव लाया है। बता दें कि मास्टर प्लान में दो किलोमीटर लंबे एवं 75 मीटर चौड़े रास्ते में 45 मीटर चौड़ा हिस्सा ग्रीन बेल्ट के लिए और 30 मीटर सड़क के लिये प्रस्तावित है। वर्ष 1994-95 में लखनऊ नगर निगम ने 170 एकड़ तथा एलडीए ने 100 एकड़ जमीन सहारा इंडिया को लीज पर दी थी।

# आरडीएसओ कार्यशाला में जीएम ने रिसर्च पर की पूछताछ

लखनऊ। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधरी गुरुवार को आरडीएसओ में आयोजित कार्यशाला में शामिल हुए। कार्यशाला में चल रहे रिसर्च की समीक्षा किया। इसके साथ ही चारबाग रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का जायजा लेने के साथ ही निर्देश भी दिया। सीनियर डीसीएम रेखा शर्मा ने बताया कि अनुसंधान, अभिकल्प एवं मानक संगठन (आरडीएसओ) में सिग्नलिंग उपकरणों तथा संसाधनों की उपलब्धता, इनकी दक्षता, कार्यक्षमता और विश्वसनीयता पर आयोजित कार्यशाला में शामिल होने के लिए जीएम पहुंचे। इसमें रेलवे बोड के अधिकारी, क्षेत्रीय रेलवे के महाप्रबंधक, महानिदेशक आदि भी शामिल हुए। जीएम शोभन चौधरी ने आरडीएसओ में चल रहे अनुसंधानों के बारे में भी जानकारी ली। चारबाग रेलवे स्टेशन पर डीआरएम सचिंद्र मोहन शर्मा ने जीएम का स्वागत किया। स्टेशन के अपग्रेडेशन के बारे में जानकारी ली।

# आदेश 6 का कटौती हो रही है 9 घंटे

लखनऊ। प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में ऊर्जा विभाग द्वारा जारी छह घंटे कटौती के आदेश के बाद ग्रामीण उपभोक्ताओं की दिक्कत बढ़ गई है। रोस्टर के हिसाब से बिजली देने के आदेश तो कारपोरेशन ने कर दिए मगर छह घंटे की कटौती के अलावा लोकल फॉल्ट के नाम पर बत्ती गुल रहने से लोग परेशान हैं। वहीं उपभोक्ता परिषद का आरोप है कि पावर कारपोरेशन ने 3 व 4 जुलाई को प्रदेश के छह पावर हाउस बंद कर दिए गए। यह रिजर्व शटडाउन इसलिए लिया गया कि यदि पावर हाउस चलेंगे तो उत्पादित होने वाली बिजली का क्या करेंगे। बारिश के कारण तमाम ब्रेकडाउन हो रहे हैं। ऐसे में गांवों में 10 घंटे भी बिजली नहीं मिल पा रही। इससे ग्रामीणों में रोष है। वर्मा ने कहा कि अभी एक महीना पहले रोज पावर कॉरपोरेशन और ऊर्जा मंत्री की तरफ से नए-नए रिकार्ड पर प्रेस नोट जारी कर यह बताने की कोशिश की जा रही थी कि उत्तर प्रदेश में बिजली पूरी तरह विकास का पहला मापदंड बन गया है।

# अवध कॉलेजियट की संयुक्त निदेशिका ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में सम्मानित



लखनऊ। अवध कॉलेजियट की संयुक्त निदेशिका डॉ ब्रहमजोत कौर को लंदन की ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के प्रेक्षागृह में सम्मानित किया गया। इंस्पायरिंग एजुकेटर एंड स्कूल लीडर ऑफ द ईयर 2024 सम्मान, डॉ. ब्रह्मजोत को शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रयत्नशील रहने के लिए ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय लंदन द्वारा उनके शिक्षा के क्षेत्र में उनके असाधारण नेतृत्व और प्रेरणादायक प्रभाव का प्रमाण है। यह प्रतिष्ठित सम्मान न केवल शिक्षण के प्रति उनके समर्पण और नवीन दृष्टिकोण को उजागर करता है, बल्कि पूरे भारत देश के संस्थान को गौरवान्वित करता है। उनकी उपलब्धि हर जगह के शिक्षकों के लिए एक शक्तिशाली उदाहरण के रूप में कार्य करती है, जो यह दर्शाती है कि भावुक और प्रतिबद्ध नेतृत्व शिक्षा के भविष्य को आकार देने में कितना गहरा अंतर ला सकता है। संस्थापक प्रबंधक सर्वजीत सिंह और संस्थापक निदेशक जतिंदर वालिया ने कहा कि उन्हें अपनी दोनों बेटियों पर गर्व है। वे दोनों न केवल दूसरों के लिए ऊंचे मानक स्थापित कर रहे हैं, बल्कि दुनिया को यह भी दिखा रही हैं कि एक बार जुनून के साथ यदि लक्ष्य मिल जाए तो कोई भी हमेशा के लिए सफलता के चरम पर रह सकता है। डॉ. ब्रह्मजोत कौर का बचपन से ही पढ़ाई और बेहतर शिक्षा की ओर झुकाव रहा है। शिक्षा के क्षेत्र मे उनके जुनून का प्रतिफल है कि वह कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्लेटफार्मों पर कई मान्यता प्राप्त डिग्रियों प्राप्त कर चुकी हैं।

# मलिन बस्तियों का समग्र विकास का लक्ष्य

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित व मलिन बस्ती विकास योजना के अंतर्गत प्रदेश के नगरीय क्षेत्र में आने वाली मलिन बस्ती व अल्प विकसित बस्तियों के समग्र विकास के लिए कार्यशाला का आयोजन सूडा सभागार में किया गया।

निदेशक सूडा डा. अनिल कुमार की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य मलिन एवं अल्प विकसित बस्तियों का चिन्हीकरण व सूचीबद्ध करने के लिए ऐसी व्यवस्था को बनाना, जिससे इन बस्तियों का समग्र विकास कर इनको संतृप्त किया जा सके। कार्यशाला के दौरान निदेशक सूडा डा. अनिल कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित व मलिन बस्ती विकास योजना का लक्ष्य सिर्फ नाली, खड़ंजा, इंटरलॉकिंग व सड़कों का निर्माण करना ही नहीं है, इस योजना का उद्देश्य समग्र विकास करना है। यानी कि इन बस्तियों में रहने वाले लोगों को बुनियादी न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए उनके रोजगार व आजीविका में वृद्धि करना है। कार्यशाला में अपर निदेशक सूडा आनंद कुमार शुक्ला, नगरीय रोजगार व गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग के अनु सचिव अरविंद कुमार गिरी, उप निदेशक सूडा कीर्ति प्रकाश भारती व कार्यक्रम अधिकारी सूडा अतुल सिंह चौहान ने भी अपने विचार साझा किए। वर्कशॉप में विशेषज्ञों ने विचार व्यक्त किए। इनमें मुख्य रूप से एके गुप्ता, अपर निदेशक, आरसीयूईएस, मुरली मोहन थिम्मापुरम व सपन, डेलॉइट से, उदय सिंह, ग्रैण्ड थॉर्नटन भारत एलएलपी से, अनिमा गुप्ता, ए.वी.पी, ई.वाई. इंडिया व ऋषिकेश मेधज ग्रुप से शामिल रहे।

# शहर में कहीं भी अतिक्रमण नहीं होगा बर्दाश्त : महापौर

लखनऊ। शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए महापौर और नगर निगम प्रशासन ने तैयारी की है। गुरुवार को महापौर सुषमा खर्कवाल ने कैंप कार्यालय पर नगर आयुक्त, सभी अपर नगर आयुक्त, जोनल अधिकारियों एवं अधिशासी अभियंताओं की बैठक ली। बैठक में शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए महापौर ने सख्त रवैया अपनाते हुए जल्द अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई के लिए हर आवश्यक कड़े कार्यवाही करने के निर्देश दिए। महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा हमारा लक्ष्य है कि लखनऊ में कहीं भी कोई भी अतिक्रमण ना रहे, यदि कहीं किसी प्रकार का अतिक्रमण पाया जाता है तो उसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से अतिक्रमण मुक्त की कार्रवाई की साप्ताहिक रिपोर्ट देने के लिए निर्देश दिया।

# संजय तिवारी ने आरटीओ का चार्ज संभाला

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** लखनऊ के नए आरटीओ (प्रशासन) संजय तिवारी ने गुरुवार को ट्रांसपोर्टनगर स्थित आरटीओ कार्यालय में कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने चार्ज लेने के बाद आरआर का कार्य फिटनेश सेंटर पर कराये जाने का निर्देश दिया। जिससे गाड़ी मालिक आरआर कराने के लिए इधर-उधर न भटके।

सड़क सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने का निर्देश भी दिया है। उन्होंने कर्मचारियों के साथ बैठक में कहा कि सभी लोग ध्यान से कार्य करना, आवेदक से शिकायत नही आनी चाहिए। आरटीओ लखनऊ ने कहा कि रोड सेफ्टी पर भी कार्ययोजना बनाई गई है। उस पर हर हाल में ध्यान देंगे। इसको लेकर जन जागरूकता फैलाएंगे, ताकि लोग सड़क पर नियम का पालन करें और सुरक्षित रहें। कार्यालय में किसी भी तरह की दलाली या अन्य कोई शिकायत होने पर आवेदक अधिकारी से मिल कर अवगत कराएं। आवेदक के शिकायत पर जांच होगी और जांच में सही पाया जायेगा तो कार्रवाई भी किया जायेगा।

# आबकारी नियमों का उल्लंघन करने वालों पर की गयी कार्यवाही

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** लखनऊ जिले में चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत गुरुवार की रात 9 बजे से देर रात्रि तक जिला आबकारी अधिकारी लखनऊ के नेतृत्व में आबकारी निरीक्षकों की तीन टीमों द्वारा शहर के विभिन क्षेत्रों में सार्वजनिक स्थानो पर मदिरा पीने और पीलाने वालों तथा रात्रि 10 बजे के पश्चात मदिरा बेचने वालों के विरुध अभियान चलाया गया।

आबकारी निरीक्षक सेक्टर 1 तथा आबकारी निरीक्षक सेक्टर 12 की टीम द्वारा चाइना बाजार, तुलसी सिनेमा के निकट, तथा परिवर्तन चौक के आस पास के क्षेत्रों में कार्यवाही की गयी। आबकारी निरीक्षक सेक्टर 8, आबकारी निरीक्षक सेक्टर 10, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 3 व आबकारी निरीक्षक सेक्टर 7 की टीम द्वारा आलमबाग, श्रृंगार नगर मेट्रो स्टेशन के आस पास क्षेत्रों में अभियान चलाया गया। इसी क्रम में हनीमेन चौराहा, ग्वारी चौराहा, विभूतिखंड मायरस हॉस्पिटल के निकट पार्क के आस पास क्षेत्र में आबकारी निरीक्षक सेक्टर 2, आबकारी निरीक्षक सेक्टर 5, आबकारी निरीक्षक सेक्टर 6 तथा आबकारी निरीक्षक सेक्टर 4 की टीम द्वारा सार्वजनिक स्थान पर पीने-पिलाने वालों व गुमटी आदि से छुपाकर देर रात तक बिक्री करने वालों के विरुद्ध अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान शराब की दुकानों के आस पास लगे ठेलो और ढाभो तथा स्टेशन व बस अड्डे के आस पास के इलाकों को विशेष रूप से चेक किया गया। अभियान के दौरान आबकारी नियमों का उल्लंघन करने वालों दो व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की गयी। सार्वजनिक स्थानो पर पीने और पिलाने वालों तथा देर रात्रि तक शराब बिक्री करने वालों के विरुद्ध चलाया जा रहा अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# 50 वर्ष पुराने सभी पुलों का किया जाये बारीकी से निरीक्षण: योगी

## सात वर्ष में 270 नदी सेतु, 115 आरओबी,10 फ्लाईओवर सहित 395 परियोजनाएं हुई पूरी

विशेष संवाददाता (vol)

- मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग के कामकाज की समीक्षा की



लखनऊ। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को लोक निर्माण विभाग के कामकाज की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि 50 वर्ष पुराने प्रदेश के सभी पुलों का बारीकी से निरीक्षण कराया जाए। उनके सुपर स्ट्रक्चर, पियर की स्थिति, सेतुओं के वाटर-वे में ब्लाकेज, पियर के साइड में स्कावर होल, सेतु के एबटमेन्ट ढाल व बोल्डर का परीक्षण किया जाएगा। असुरक्षित पुल को तत्काल यातायात के लिए बंद किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सात साल में प्रदेश की रोड कनेक्टिविटी में अभूतपूर्व विस्तार हुआ है।

सात साल में स्टेट हाइवे 7002 किमी से बढ़कर 10214 किमी हो गया है। जबकि ग्रामीण मार्गों की लंबाई 1,87,517 किमी से बढ़कर 1,93,581 किमी हो गई है। प्रदेश में प्रतिदिन औसतन 9 किलोमीटर मार्गों का चौड़ीकरण हो रहा है। हर दिन गांवों में लगभग 11 किमी नई सड़क बन रही है। इस रफ्तार को और तेज करने के निर्देश दिए। कांवड़ यात्रा को लेकर मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इनसे जुड़े मार्गों को 15 जुलाई तक शतप्रतिशत गड्ढामुक्त कर दिया जाए। जलभराव वाली सड़कों पर जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। ब्लॉक मुख्यालयों को दो लेन सड़क की कनेक्टिविटी का अभियान समय से पूरा करने पर जोर देते हुए संतोष जताया कि कुल 165 में से 143 मार्गों का निर्माण पूरा हो गया है। सीमाओं पर भव्य द्वार बनाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के अंतरराज्यीय तथा अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पड़ने वाले मार्गों पर भव्य द्वार तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। सड़कों के पुराने मैटेरियल को रीसाइकिल कर दोबारा प्रयोग की तकनीक की सराहना करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश में सबसे पहले यूपी पीडब्ल्यूडी ने इस तकनीक का प्रयोग किया है। उन्नाव में इस तकनीक से पुराने मार्ग को रीसाइकिल कर सीमेंटेड बेस और कानपुर देहात में एडिटिव का प्रयोग कर निर्माण कार्य कराया गया था। कुल बनने वाली सड़कों में आधी सड़कें इसी तकनीक से बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने संतोष जताया कि राज्य सेतु निगम द्वारा सात वर्ष में 270 नदी सेतु, 115 आरओबी, 10 फ्लाईओवर सहित जनहित से जुड़ी 395 परियोजनाओं को पूरा किया गया है।

# योगी सरकार बना रही हर विकास खंड में स्टेडियम

विशेष संवाददाता (vol)

- युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल मंत्री ने विभागीय निर्माण कार्यों की समीक्षा की

**लखनऊ** । युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चंद्र यादव ने कहा कि निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और इन्हें समयबद्ध और गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। योगी सरकार प्रत्येक विकास खंड में ग्रामीण स्टेडियम का निर्माण करा रही है।

प्रथम चरण में उन 12 जिलों को प्राथमिकता दी जा रही है जहां पूर्व से विभागीय स्टेडियम नहीं हैं। युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने गुरुवार को विभाग में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा युवा कल्याण मुख्यालय में की। समीक्षा के दौरान ग्रामीण स्टेडियम स्थापना, खेलो इंडिया योजनांतर्गत निमार्णाधीन परियोजनाएं, प्रान्तीय रक्षक दल केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान, युवा केन्द्रों का अनुरक्षण, ग्रामीण स्टेडियमों का अनुरक्षण, अधूरे निर्माण कार्यों और 12 जिलों में ग्रामीण स्टेडियम की स्थिति पर चर्चा की गई। वर्तमान में प्रदेश में 111 ग्रामीण स्टेडियम निर्मित, निर्माणाधीन हैं, जिनमें 95 ग्रामीण स्टेडियम हस्तान्तरित हो चुके हैं और 16 निमार्णाधीन हैं। मुख्यमंत्री की घोषणान्तर्गत 20 ग्रामीण स्टेडियम निर्मित या निमार्णाधीन हैं, जिसमें 14 हस्तान्तरित हो चुके हैं और 6 निमार्णाधीन हैं। 12 जिलों में से जहां ग्रामीण स्टेडियम उपलब्ध नहीं हैं, 8 जिले हापुड़, सम्भल, मुजफ्फरनगर, सुलतानपुर, अम्बेडकरनगर, महोबा, सीतापुर, औरैया में भूमि प्राप्त हो चुकी है और प्रस्ताव तैयार किए जाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। शेष 4 जिले श्रावस्ती, अमरोहा, रामपुर और इटावा में भूमि प्राप्त करने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। उन्होंने बताया कि खेलो इंडिया योजनांतर्गत निमार्णाधीन परियोजनाओं के लिए 2500 लाख रुपये, प्रान्तीय रक्षक दल केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान के लिए 500 लाख रुपये, युवा केन्द्रों एवं शहरी व्यायामशालाओं के रख रखाव के लिए 100 लाख रुपये, ग्रामीण स्टेडियमों का संचालन एवं अनुरक्षण के लिए 725 लाख रुपये और अधूरे ग्रामीण स्टेडियमों के निर्माण के लिए 200 लाख रुपये वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए बजट आवंटित किया गया है।

महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108



# सरेराह छात्रा पर एसिड फेंकने का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में घायल

चौक थाना क्षेत्र का मामला

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** चौक इलाके में सरेराह एसिड फेंक कर छात्रा समेत उसके भाई को घायल करने के आरोपी को पुलिस ने कुछ ही घंटों के अन्दर मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। जिसका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

डीसीपी पश्चिम दुर्गेश कुमार ने बताया कि चौक निवासी एक प्रॉपर्टी डीलर की 20 वर्षीय बेटी बुधवार सुबह साढ़े सात बजे लोहिया पार्क के पास अपने मौसेरे भाई से मिलने गई थी। लखीमपुर निवासी मौसेरा भाई एमबीबीएस का छात्र है। वह ई रिक्शा से पार्क तक पहुंची थी। जैसे ही वह ई रिक्शा से उतरकर भाई के आने का इंतजार करने लगी, वैसे ही एक शोहदा आया और उस पर कमेंट करने लगा। छात्रा को शोहदा परेशान कर ही रहा था तभी उसका भाई भी आ गया। उसने शोहदे को फटकारा, तो वह वहां से जाने लगा। कुछ दूर जाने के बाद वह तेजी से वापस आया और एसिड उड़ेल दिया था। इससे दोनों झुलस गए थे। चौक में लोहिया पार्क के पास बुधवार सुबह सरेराह एक शोहदे ने छात्रा पर एसिड फेंक दिया था। छात्रा को बचाने में उसका मौसेरा भाई भी चपेट में आ गया। दोनों गंभीर रूप से झुलस गए। वारदात के बाद हमलावर पैदल भाग निकला। दोनों को किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के प्लास्टिक सर्जरी वार्ड में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों ने दोनों की हालत खतरे से बाहर बताई है। वहीं, देर रात गुलाला घाट के पास पुलिस मुठभेड़ के बाद आरोपी अभिषेक वर्मा निवासी ग्राम अण्डूबेहड, नीमगाँव खीरी को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके कब्जे से 1-बोतल सल्फ्यूरिक एसिड कन्सन्ट्रेटेड, व 1 बोतल हाइड्रोजन पेरोक्साइड सॉल्यूशन तथा घटना में प्रयुक्त हुई मोटरसाइकिल यूपी31वाई 9714 हीरो स्प्लेन्डर बरामद की गयी है। डीसीपी वेस्ट दुर्गेश कुमार ने बताया कि पुलिस आयुक्त के निर्देश पर चार टीमें गठित की गई थी। जिसमें एसीपी राजकुमार, डीसीपी की क्राइम टीम, इंस्पेक्टर चौक की टीम व सेंट्रल की क्राइम टीम शामिल थी। सीसीटीवी फुटेज, इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य, मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपी को पकड़ा गया तो उसने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में वह घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। गिरफ्तारी की कार्यवाही कर पूछताछ की जा रही।

# जालसाजों ने तीन महिलाओं से लाखों ठगे

● जानकीपुरम व हुसैनगंज कोतवाली क्षेत्र की घटनाएं

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** गोरखपुर में तैनात एसपी क्राइम की बहन समेत तीन महिलाओं को साइबर जालसाजों ने ठग लिया। सपना पंजवानी निवासी उदयगंज कबीर मार्ग ने सूचना दिया कि उन्होंने करीब एक माह पहले फेसबुक पर स्टॉक में निवेश करके प्रॉफिट कमाने के नाम पर एचडीएफसी सिक्युरिटी समेत एसलोट्र्स सिक्युरिटी सत्यापन में में 2 लाख 65 हजार रुपये डाले थे। जिसमे उसने 30 हजार रुपये निकाले तो वह तुरंत आ गया। जिसके बाद उसे और रुपया डालने को कहा गया। जब उसने रुपये नहीं भेजे तो उन लोगों ने पीड़िता को सब जगह ब्लॉक कर दिया।

**जेल भेजने की धमकी देकर वसूले रुपयेः** जानकीपुरमइंस्पेक्टर ने बताया कि मोनिका सिंह निवासी अभिषेक पुरम, निकट अटल चौराहा जानकीपुरम विस्तार ने थाना जानकीपुरम पर सूचना दिया कि उनके मोबाइल नम्बर पर कॉल आई थी। कॉल करने वाले ने खुद को चारवाग थाने का पुलिसकर्मी बताते हुए कहा कि आपके मोबाइल नंवर से पोर्न वेवसाइड खोली गई है। जो कि अपराध है। जिस पर मोनिका ने इस तरह की वेबसाइट खोलने से इंकार किया। जिसके बाद पुलिसकर्मी ने धमकाते हुए गिरफ्तार करने और पड़ोसियों को इस की जानकारी देते हुए बदनाम करने की धमकी दी। जिसके बाद पीड़िता से डरते हुये 3,500 रुपये उसे गूगल पे कर दिया।

जिसके बाद वह और रुपया मांगने लगा। ठगी का अहसास होने पर रुपया देने से मना कर दिया। जिस पर वह उनके साथ अभ्रदता से बात करना शुरू कर दिया।

**एसपी क्राइम ब्रांच की बहन को ठगाः** हुसैनगंज इलाके में साइबर जालसाजों ने एसपी क्राइम की बहन को हजारों रुपये की चपत लगा दी। जालसाज ने बैंक मैनेजर बनकर पीड़िता के बैंक अकाउंट की डिटेल हासिल की थी। हुसैनगंज के अरिया अपार्टमेंट में रहने वाली कनीज फात्मा बाराबंकी में सरकारी स्कूल की प्रधानाध्यापिका हैं। उनके भाई असलम सिद्दीकी गोरखपुर में एसपी क्राइम हैं।

पीड़िता ने बताया कि 25 जून को उनके मोबाइल पर रजिया नाम कि युवती की कॉल आई थी, जिसने बैंक की स्कीम के बारे में बताया। पीड़िता ने युवती से बलिया में एसबीआई का बैंक खाता लखनऊ में ट्रांसफर करवाने के लिए कहा था। 29 जून को बैंक मैनेजर बनकर अमित कुमार की कॉल आई। अमित ने उनसे मोबाइल फोन पर एक ऐप डाउनलोड करवाया, धोखे से करीब 17 हजार रुपये ट्रांसफर करवा लिए। इसके बाद उसका फोन बंद हो गया। पीड़िता ने साइबर क्राइम सेल और हुसैनगंज कोतवाली में एफआईआर दर्ज करवाई है। पुलिस आरोपियों की तलाश में लगी हुई है। आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए सर्विलांस सेल और साइबर क्राइम ब्रांच की मदद ली जा रही है।

# पर्स छीन रहे लुटेरे को राहगीरों ने पीटा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** गाजीपुर इलाके में महिला का पर्स छीन रहे स्कूटी सवार लुटेरों को राहगीरों ने पकड़ लिया। जिसकी जमकर पिटाई करने के बाद पुलिस के हवाले कर दिया। इस मामले में पुलिस ने 24 घंटे के अंदर लुटेरे की गिरफ्तारी का दावा करते हुए लूट की करीब दो दर्जन घटनाओं का खुलासा करने का दावा किया है। बसेरा विहार कल्याणपुर की रहने वाले आशुतोष सिंह वायरलैस विभाग में तैनात हैं। उनकी पत्नी विभा सिंह कंस्ट्रक्शन कंपनी में मैनेजर हैं। बुधवार को भूतनाथ की तरफ से ई-रिक्शा से जा रही थी। गाजीपुर गांव मोड़ के पास पहुंची थी। तभी एक काली स्कूटी से लोवर-टीशर्ट पहने अज्ञात बदमाश ने उनका पर्स छीनने का प्रयास किया। इस पर महिला शोर मचाने लगी। जिसकी वजह से बदमाश हड़बड़ा गया और वहीं गिर गया। घटना को देखकर आसपास भीड़ जमा हो गई। लोगों ने लुटेरे को पकड़कर पिटाई कर दी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके से पहुंची पुलिस आरोपी को भीड़ से छुड़ाकर हिरासत में ले लिया। पूछताछ में आरोपी की पहचान शक्तिनगर, गाजीपुर के रहने वाले अक्षत जोशी उर्फ उत्कर्ष जोशी के रूप में हुई। आरोपी को पुराने सीसीटीवी फुटेज दिखाकर अन्य घटनाओं के बारे में पूछा गया तो उसने कई अन्य घटनाओं को अंजाम देना भी स्वीकार किया।

**जान से मारने की धमकी दीः** सरोजनीनगर। बंथरा के हिंदू खेड़ा निवासी महिला कमला ने पड़ोस में रहने वाले संदीप के खिलाफ गाली गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कमला का कहना है कि बुधवार अपराह्न करीब 1 बजे पड़ोस में रहने वाला संदीप मामूली बात को लेकर पीड़िता से गाली गलौज करने लगा और उसके घर में घुसकर बच्चों को जान से मारने की धमकी दी। जब कमला ने विरोध किया तो आरोपी उसे भी मारने दौड़ा। लेकिन जब वह किसी तरह जान बचाने के लिए घर की तरफ भाभी तो आरोपी ने उसे मारने की धमकी दी। फिलहाल बंथरा पुलिस मामले के रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

**पति का फर्जी डेथ सर्टिफिकेट बनवा पत्नी ने लिया लोनः** तालकटोरा कोतवाली में युवक ने पत्नी के खिलाफ फाइनेंस कम्पनी से लोन लेने और फर्जी डेथ सर्टिफिकेट बनवाने का मुकदमा दर्ज कराया है। खदरा निवासी इजहार अहमद का पत्नी फरीना बानो पारिवारिक विवाद के बाद मई 2023 में मायके चली गई। कुछ वक्त बाद फाइनेंस कम्पनी के कर्मचारी लोन कि किस्त जमा नहीं होने पर तकादा करने पहुंचे। तब इजहार को पत्नी की धोखाधड़ी का पता चला। पीड़ित के मुताबिक पत्नी ने उसका फर्जी डेथ सर्टिफिकेट भी बनवाया है। यह जानकारी होने पर इजहार ने तालकटोरा कोतवाली में तहरीर दी। मुकदमा दर्ज नहीं होने पर न्यायालय में अर्जी दायर की, जहां से मिले आदेश पर फरीना और मैनेजर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**गोसाईंगंज।** सुल्तानपुर हाईवे पर गोसाईंगंज कोतवाली के पास गुरुवार सुबह तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत हो गयी। बाराबंकी लोनीकटरा के बुढ़नापुर निवासी किसान पवन मिश्र गुरुवार सुबह पत्नी ज्योति मिश्रा (24) का इलाज कराने बाइक से लखनऊ आ रहे थे। सुबह 10 बजे वह गोसाईंगंज कोतवाली के पास पहुंचे ही थे। तभी पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर से ज्योति उछलकर सड़क पर जा गिरी। सिर में गंभीर चोट आने से मौके पर ही ज्योति ने दम तोड़ दिया। पवन के हाथ पैर में मामूली चोटें आई हैं। पुलिसकर्मियों ने पवन को अस्पताल भेजवाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। इंस्पेक्टर गोसाईंगंज के मुताबिक पीड़ित परिवार की ओर से अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पवन ने बताया कि वह तो पत्नी ज्योति का इलाज कराने घर से निकला था। मेरी आंखों के सामने पत्नी की मौत हो गई। पल भर में सब खत्म हो गया।

**घायल युवती ने इलाज के दौरान तोड़ा दमः** गोसाईंगंज चौराहे पर दुर्घटना का शिकार हुई युवतीं ने बुधवार की रात इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस के मुताबिक मूल रूप से गाजीपुर के रहने वाली सुधा यादव (20) कुछ दिन पहले अपने भाई धनंजय के घर चिनहट स्थित मटियारी आई हुई थी। भाई धनंजय ने बताया उसकी बहन बीते माह की 28 जून को अपने किसी काम से गोसाईगंज कस्बा गई थी। गोसाईगंज चौराहे पर वह खड़ी थी इतने में एक तेज रफ्तार डंफर चालक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इलाज के दौरान बुधवार देर रात सुधा ने ट्रामा में दम तोड़ दिया। घर वालों ने बताया कि सुधा घर पर रहकर सिलाई का काम करती थी। पिता अशोक खेती किसानी करते हैं। वहीं मां संतरा देवी है।

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड अल्पकालीन ई-निविदा सूचना** अधोहस्ताक्षरी द्वारा विद्युत वितरण मण्डल, अयोध्या के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराने हेतु अनुभवी एवं पंजीकृत निविदाकारों से दो अलग-अलग भागों में निविदायें ई-टेण्डिरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र उ.प्र. सरकार की बेवसाइट www.etender.up.nic.in पर डाउनलोड / देखे जा सकते है। द्वितीय भाग में मूल्य / दरें निविदादाता द्वारा उ.प्र. सरकार की वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर दिनॉक 18.07.2024 को 17.00 बजे तक अपलोड की जायेगी जो दिनॉक 19.07.2024 को 12.00 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके नामित प्रतिनिधि के द्वारा ई-निविदा पोर्टल पर आन-लाइन सिस्टम द्वारा खोली जायेगी। निविदा खुलने की तिथि पर सार्वजनिक अवकाश होने की दशा में निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। निविदा के प्रथम भाग के मूल्यांकन के बाद उपयुक्त पाये गये निविदा के द्वितीय भाग खोले जायेंगे जिसकी सूचना पत्र द्वारा / ई-मेल द्वारा अन्य माध्यम से दी जाएगी। निविदा शुल्क एवं धरोहर धनराशि अधोहस्ताक्षरी के बैंक खाते में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. के माध्यम से (Punjab National Bank, Branch Chowk, Bajaja, Faizabad A/c No. 0166002100017035, IFSC Code-PUNB0016600 of Superintending Engineer, Electricity Distribution Circle, Faizabad) जमा करायी जायेगी तथा बैंक जमा की साक्ष्य यथा योज्य यू.टी.आर. संख्या, पे-इन- स्लिप मूल की प्रति (इश्यूडस बैंक के कन्फरमेशन मेल की प्रति) ई-टेण्डर के प्रपत्रों के साथ आन-लाइन अपलोड की जायेगी। कोई भी निविदा प्रपत्र ऑफ लाइन अथवा निविदा बाक्स में स्वीकार नहीं किया जायेंगा। निविदा प्रपत्र का मूल्य निविदा के सम्मुख अंकित है। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये एक या सभी निविदाओं को निरस्त करने / विभिन्न फर्मों के मध्य कार्य विभक्त करने / त्रुटि सुधार / पुनः प्रकाशन करने का अधिकार सुरक्षित होगा। निविदा मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि0 की वेबसाइट www.mvvnl.in पर देखे जा सकते है। निविदा में कोई संशोधन अथवा निविदा खुलने की तिथि में विस्तार होता है तो इसकी सूचना ई-निविदा की बेवसाइट www.etender.up.nic.in पर एवं संबंधित निगम की बेवसाइट पर उपलब्ध कराये जायेगे । निविदा का विवरण निम्नवत् हैः- **1. ई - निविदा संख्या 38 एच (एफ) (कार्य) / 2024-25:** मुख्य अभियन्ता (वितरण), अयोध्या क्षेत्र, अयोध्या को विभागीय कार्यो एक डीजल चलित वाहन मय चालक 12 माह तक उपलब्ध कराने का कार्य। ई निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 3120.00 **2. ई - निविदा संख्या 39 एच (एफ) (कार्य) / 2024 - 25:** अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल, अयोध्या को विभागीय कार्यो के लिए एक डीजल चलित वाहन मय चालक 12 माह तक उपलब्ध कराने का कार्य। ई निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 3000.00 **अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल, अयोध्या।**

**''राष्ट्र हित में ऊर्जा बचायें, बल्ब की जगह एलईडी लगायें''**

**(पत्रांक 7149 / दि. 04.07.2024)**

## चोरियों के खुलासे न होने से ग्रामीण दहशत में

**मोहनलालगंज।** निगोहां क्षेत्र में बीते दिनों तीन गांवों में हुयी आठ घरों में चोरी की घटनाओं के खुलासा न होने से ग्रामीण दहशत में है। जो पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए टीम बनाकर रतजगा करने के लिए मजबूर हो गए। बताते चले कि बीते मंगलवार को बरवलिया गांव निवासी स्कूल प्रबंधक शैल बाजपई और गांव के ही किसान सज्जन लाल के घर मे चोरों ने धावा बोल कर 95 हजार की नगदी और करीब 10 लाख के जेवरात उठा ले गए थे। वहीं बीते रविवार की रात कुशमौरा गांव के सोनू कश्यप और शयमलाल के घर में नगदी जेवरात चोरी हुए थे। इसी दिन बाजपई खेड़ा के सुनील पांडेय के घर मे भी नगदी समेत जेवरात चोरी हुए थे। इससे पहले करीब एक सप्ताह पूर्व कुशमौरा के ही मेडिकल स्टोर संचालक हृदेश कुमार व राजगीर सुनील उर्फ पप्पू शर्मा व भूसा व्यवसायी रामपाल रावत के यह बीते 10 जून को चोरों ने धावा बोलकर नगदी व जेवरात उठा ले गए थे। इसी तरह दो सप्ताह में ही आधा दर्जन से अधिक चोरी की वारदातों से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया है। जिसको लेकर ग्रामीणों ने बुधवार शाम को एकत्रित होकर बैठक किया और रतजगा करने की बात रखी। टीमें बनाकर खुद ही गांव की सुरक्षा का मोर्चा सँभालते हुए रात में लाठी डंडो के साथ ग्रामीण रतजगा करने लगे। वहीं पुत्तन शुक्ला, संत बक्स सिंह, बबलू सिंह कृपा शंकर पांडे, विजय तिवारी, राम आधार कोटेदार, प्रधान राहुल साहू, कमल प्रकाश रावत ने बताया कि 4- 4 लोगों की 8 टीम बनाई गई है।

# भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष समेत उसके बेटे पर लगाये गंभीर आरोप

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** मेडिकल संचालक ने भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष व उनके बेटों समेत 40-50 अज्ञात लोगों के खिलाफ कार्रवाई मारपीट व लूटपाट का आरोप लगाते हुए दुबग्गा कोतवाली में तहरीर दी है। दुबग्गा निवासी रामगोपाल के मुताबिक दुबग्गा सब्जी मंडी के पास उनका मेडिकल स्टोर है। वहीं पास में ही उनके भाई की मिठाई की दुकान है। राम गोपाल का कहना है कि वह बुधवार सुबह अपने भाइयों के साथ गांव जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में पराग दूध का वाहन खड़ा था। चालक से वाहन को साइड में करने को कहा तो वहां पर मौजूद दो-तीन युवकों ने अभद्रता की थी। जिसके बाद वह लोग गांव चले गए। आरोप है कि बुधवार सुबह उनकी गैर मौजूदगी में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष श्रीकृष्ण लोधी, बेटे निर्मल, गनर और 40-50 अज्ञात साथियों के साथ पहुंचकर भतीजे मयंक व भांजा आशोक के साथ अभद्रता करने लगे। विरोध करने पर मारपीट कर मोबाइल व नकदी भी लूट ली। आरोप है कि हंगामा बढ़ने पर आरोपी भतीजे व भांजे को जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। राम गोपाल ने बताया कि सड़क पर मारपीट होता देख मौजूद लोगों ने मोबाइल से वीडियो तैयार कर वायरल कर दिया। वायरल हो रहे वीडियो में साफतौर पर देखा जा सकता है कि सड़क कुछ युवक हाथ में लाठी-डंडा लिए एक युवक को बुरी तरह से पीट रहे हैं। इंस्पेक्टर ने बताया कि तहरीर व वीडियो फुटेज के आधार पर जांच-पड़ताल कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## दबंगों ने महिला की जमीन पर किया कब्जे का प्रयास

**माल।** दलित महिला ने पुलिस आयुक्त को लिखित शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसकी जमीन पर दबंगों द्वारा जबरन कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। मलिहाबाद तहसील के गौंदा मोअज्जम नगर के नत्था खेड़ा मजरे निवासी नन्ही की गोंदा मोअज्जम नगर में जमीन है। जिसकी वह काबिज खातेदार है। नन्ही का आरोप है कि बीती 23 तारीख को जब मैं अपनी जमीन देखने गयी तो देखा कि मेरी जमीन में चौहद्दी में लगे पिलर उखाड़ दिये गये हैं। पता चला कि गांव के रहने वाले उसमान, जब्बार, अनीस, रऊफ और सद्दाम व उनके घर की महिलाओं ने पिलर तोड़ डाले हैं और कब्जा करना चाहते हैं। आरोप यह है कि जब मैं उनसे शिकायत करने पहुंची तो उन्होंने जाति सूचक गालियां दीं और जमीन के नजदीक गयी तो जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने पुलिस आयुक्त को तहरीर देकर न्याय की मांग की है।

**अंबेडकर प्रतिमा खंडित करने का आरोपी पकड़ाः** महुरा कला में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा खंडित करने को लेकर हंगामा हुआ। जिस पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया। जिसके बाद आक्रोशित लोग शांत हुए। महुरा कला निवासी हरिशचंद्र के मुताबिक गुरुवार सुबह संविधान निमार्ता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा खंडिम मिली। छानबीन करने पर पता चला कि अनुज वर्मा ने मूर्ति को नुकसान पहुंचाया है। इस बात से नाराज ग्रामीण हंगामा करने लगे। विवाद की सूचना पर पहुंची गोसाईंगंज पुलिस ने हरिशचंद्र की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी को अनुज को गिरफ्तार किया गया है।

## सूचना

सूचित करना है कि मैंने अपने पुत्र मो. राशिद को उसके गलत चाल-चलन के चलतें अपनी चल-अचल सम्पत्ति सें बेदखल कर दिया है। भविष्य में मेरा व मेरे परिवार का इसके किसी भी कृत्यों से कोई सरोकार नहीं होगा। अफसरुन पत्नी स्वः अब्दुल रसीद निवासी-कटरा, बांसा, थाना मसौली, बाराबंकी।

## सूचना

सूचित करना है कि मेरे ड्राइविंग लाइसेन्स नम्बर यू.पी. 4120030018882 में पिता का नाम आर.एस यादव त्रुटिवश अंकित हो गया है। सही नाम रामसागर यादव है। विनोद कुमार यादव पुत्र रामसागर यादव निवासी- मझपुरवा, पोस्ट शुगरमिल, थाना कोतवाली नगर, बाराबंकी

## आवश्यकता

सम्बद्ध-डा. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या से

**ठा. दीप नारायण सिंह स्मा. लॉ कॉलेज**

कुन्दाभैरोपुर (नेमपुर)-सुलतानपुर

**आवश्यकता है**

**स्नातक स्तर पर विधि संकाय के अन्तर्गत** एल.एल.बी. पंचवर्षीय पाठ्यक्रम हेतु अर्थशास्त्र-2, अंग्रेजी-2, इतिहास-2, राजनीति-2, मनोविज्ञान-2, समाजशास्त्र-2 एवं विधि प्रवक्ता-3 पद।

**योग्यता एवं वेतनमान**-यू.जी.सी./बी.सी.आई. एवं डॉ.रा.म.लो.अ.वि.वि. अयोध्या की परिनियमावली के अनुसार वेतन देय होगा।

इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर अपने समस्त अंकपत्रों एवं प्रमाण पत्रों को दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ महाविद्यालय में उपरोक्त पते पर जमा करें।

अविजित प्रताप सिंह
(प्रबन्धक)
मो.नं.-9076964444, 9455505510

# पहले दें 20 परसेंट सुविधा शुल्क... फिर मिलेगा टीए-डीए !

● बाबुओं से पीड़ित पुलिस कर्मियों ने बंद जुबां में बयां किया दर्द

राजा शेख (vol)






टीए-डीए में सुविधा शुल्क का मामला गंभीर है, इसकी जांच करायी जायेगी।
**लखनऊ पुलिस कमिश्नर अमरेन्द्र कुमार सेंगर**

**लखनऊ।** पुलिस जो सब गलत कामों को रोकने के साथ ही आरोपियों को पकड़कर सलाखों के बीच डालती है। वहीं, पुलिस अपने ही विभाग के आगे बेबस नजर आती है। चिर परिचित पुरानी कहावत 'चिराग तले अंधेरा' इनकी मजबूरी पर सटीक बैठती है। मामला पुलिस की टीए-डीए से जुड़ा है, जिसमें विभाग के बाबुओं को सुविधा शुल्क दिये बगैर उनका हक नहीं मिल पाता, वो भी कम नहीं बल्कि तय 20 परसेंट। यह दर्द किसी एक पुलिस वाले का नहीं बल्कि कई पुलिसकर्मियों ने दबीं जुबां में कहीं है।

लखनऊ कमिश्नरेट में यह आम बात है और यह परम्परा काफी समय से चली आ रही है। जहां तेज तर्रार निरीक्षकों दारोगाओं व सिपाहियों पर नियम को छड़ी चलाने वाले पुलिस विभाग के बाबू कुछ कम हनक नही रखते है। इनका जलजला इस बात से आंका जा सकता है कि बड़े से बड़े तुर्रम खां साहब भी इनकी ड्योढी पर झुक कर सलाम करते हुए पान का बीड़ा पहले नजर करते है फिर अपने काम की बात करते है। सूत्रों के मुताबिक, यात्रा भत्ता (टीए) और महंगाई भत्ता (डीए) क्लियर करने के लिए लगभग 20 पर्सेंट का चढ़ावा चढ़ाना पड़ता है। इन बाबू लोगों को तब कहीं जाकर बिल क्लियर होता है। वह भी काफी दौड़ भाग के बाद। इसी तरह से मकान भत्ता (एच आर ए) के लिए भी एड़ी चोटी का जोर लगाना पड़ता है। लेकिन यह वर्जिश निरीक्षक से ऊपर के स्तर के अधिकारी गण को नही करना पड़ता है। यानी की सारी गुणा, गणित और नियम इंस्पेक्टर, दारोगा और सिपाही स्तर के अधिकारियों के लिए है। जानकारों के अनुसार विभाग ने इस सौतेले व्यवहार के लिए बाबू लोगो का काकस जिम्मेदार है। बाबू लोग अफसरों की फाइल तो बिना देरी के पास कर देते है लेकिन दरोगा और निरीक्षकों से चक्कर लगवाते है जब तक उनके हाथ में सुविधा शुल्क नहीं पहुंच जाता।

## 32वीं वाहिनी पीएसी परिसर में प्रतियोगिता आयोजित

**सरोजनीनगर।** कानपुर रोड स्थित 32 वीं वाहिनी पीएसी परिसर में गुरुवार को प्रथम अंतर वाहिनी पीएसी मध्य जोन भारोत्तोलन क्लस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पीएसी के पुलिस उपमहानिरीक्षक आईपीएस किरीट राठौड़ ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे किरीट राठौड़ का स्वागत सचिव वाहिनी पीएसी सेनानायक विक्रांत वीर आईपीएस द्वारा पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। बैण्ड की धुन पर मार्च-पास्ट के माध्यम से मुख्य अतिथि को सम्मान प्रदान किया गया। इस प्रतियोगिता में उत्तरप्रदेश पीएसी मध्य जोन की 02वीं /11वीं/27वीं सीतापुर, 10वीं बाराबंकी, 30वीं गोंडा, 26 वीं गोरखपुर, 25 वीं रायबरेली, 32वीं/35वीं वाहिनी पीएसी लखनऊ और एसडीआरएफ सहित कुल 10 टीमों के लगभग 180 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

# चांदी के मुकुट धारण कर भ्रमण पर निकलेंगे प्रभु जगन्नाथ, तैयारी शुरू



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी में भगवान जगन्नाथ रथयात्रा की तैयारियां शुरू हो गई है। शहर में अमीनाबाद, मोतीनगर, अलीगंज व डालीगंज से भगवान की रथ यात्राएं निकाली जाती है। चौपटिया, रानी कटरा स्थित चारों धाम मंदिर की रथ यात्रा लगभग 122 वर्ष पुरानी है। रथयात्रा उत्सव 7 जुलाई को मनाया जाएगा। हिन्दी कैलेण्डर के अनुसार आषाढ़ मास की शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को यह यात्रा निकाली जाती है।

यात्रा उत्सव के संयोजक मंडल के सदस्य आशीष अग्रवाल ने बताया कि इस बार भगवान का सिंहासन चांदी से नए तरीके से बनाया जाएगा। सदस्य रिद्धि किशोर गौड़ ने बताया चारों धाम पालकी यात्रा मंदिर से दोपहर को 12 बजे से प्रारंभ होकर देवी मंदिर चौराहा पहुंचेगी। उसके बाद भगवान जगन्नाथ बलभद्र भैया, माता सुभद्रा लोगों को दर्शन देने के लिए दिलाराम बारादरी, चौपटिया, खेत गली का भ्रमण करेंगे। भक्त जोर-शोर से भगवान के आगमन की तैयारी में जुट गए हैं। अनुराग साहू ने बताया कि डालीगंज में इस बार रथ को चार कुंटल फूलों सजाया जाएगा, बनारसी वस्त्र और चांदी का मुकुट धारण कर नगर भ्रमण को निकाला जाएगा वहीं पूरे रास्ते रथ के आगे भक्तों द्वारा झाड़ू लगाते, इत्र की वर्षा करते हुए दिखगें। रथ 40 फीट लंबी रस्ता से बांधकर भक्तो द्वारा खींचकर भगवान जगन्नाथ को नगर भ्रमण कराया जाएगा।

## फूलों से सजी चांदी की पालकी पर होंगे सवार

लखनऊ। चारों धाम रथ यात्रा समिति की ओर से चांदी की पालकी में भगवान जगन्नाथ दोपहर 12 बजे यात्रा पर निकलेंगे। ये यात्रा रानीकटरा स्थित चारों धाम मंदिर से चौपटिया, दिलाराम बारादरी होते हुए खेत गली ठाकुर द्वारा में विश्राम कर चारों धाम मंदिर वापस आएगी। आयोजक समिति के सदस्य ऋद्धि गौड़ ने बताया कि भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और माता सुभद्रा की चंदन की प्राचीन मूर्तियां चांदी की पालकी में शहर भ्रमण पर निकलेगी।

## फूलो की वर्षा के बीच नगर भ्रमण

जगन्नाथ स्वामी नयन पथगामी भवतुमय, जय जगन्नाथ जय बलदेव जय मायी सुभद्रा की प्राथना के साथ फूलो की वर्षा के बीच नगर भ्रमण पर देश विदेशी फूलो से सजा रथ विराजमान होकर तथा बनारसी वस्त्र, चांदी का मुकुट धारण किये हुए भगवान जगन्नाथ भक्तो के कष्ट हरने को 7 जुलाई 4:30 बजे शहर में सबसे पहले पूरी के तर्ज पर डालीगंज स्थित माधव मन्दिर निकलेगी। महामंत्री अनुराग साहू ने बताया कि इस बार भगवान जगन्नाथ रथ महोत्सव में बाहर से कलाकार अपनी सेवा में वृन्दावन का मयूर नृत्य, उज्जैन की प्रभात फेरी में डमरू व शंख ध्वनि से स्वागत, मुम्बई गणपति उत्सव का बैंड तथा दस पंजाबी ढोल बजाकर यात्रा में अपनी सेवाए तथा वानर सेवा के जय श्री राम के जयकारे लगते चलेगे।

**भजनों की वर्षा:** रथ यात्रा में आये हर भक्त को जामुन, मीठे चावल, बूंदी प्रसाद स्वरूप वितरित की जाएगी तथा यात्रा सबसे आगे 15 फीट हनुमान रथ यात्रा की अगुवायी करते चलेगी। भजन गायक पवन मिश्र भी यात्रा के दौरान भजनो की वर्षा करेगा। इस्कॉन ब्रह्मचारी प्रभु द्वारा संकीतन हरे कृष्ण हरे कृष्ण...महामंत्र एवं जय जगन्नाथ जय जगन्नाथ... एवं हरि नाम संकीर्तन की वर्षा करेगे।

**कपूरथला:** कपूरथला के जगन्नाथ मंदिर से भगवान जगन्नाथ 24 फिट ऊंचे रथ पर यात्रा करेंगे। यात्रा दोपहर 12:30 बजे जगन्नाथ मंदिर कपूरथला से निकलेगी। 98 हजार रुपये मूल्य की चांदी की झाड़ू से जगन्नाथ भगवान की यात्रा का मार्ग साफ किया जाएगा। मंदिर के बाद अलीगंज नॉवेल्टी सिनेमा, इंडियन ऑयल चौक, नगर निगम चौराहा 3 कार्यालय, चन्द्रलोक हाइडिल कॉलोनी, नीरा नर्सिंग होम, मिडलैंड क्रॉस होते हुए अलीगंज के नए हनुमान मंदिर पर संपन्न होगी।

**चौक:** श्री जगन्नाथ रथ यात्रा एवं नवरात्रि मेला प्रबंधन समिति की ओर से दोपहर एक बजे तीन रथ रवाना किए जाएंगे। जो बड़ी कालीजी मंदिर चौक, नाईबाड़ा, माली खांसराय, कक्कड़ पार्क, चौपटिया, भोलानाथ कुआं, अकबरी गेट, सराफा बाजार, चौक चौराहा, कोणेश्वर मंदिर, लाजपत नगर होते हुए कुड़ियाघाट पहुंचेंगे। शाम 5:30 बजे वहां भगवान को गोमती नदी में नौका विहार करवाया जाएगा। वहां से हरदोई रोड, कालीजी बाजार होते हुए यात्रा को वापस बड़ी कालीजी मंदिर लाया जाएगा।

## प्रभू को 56प्रकार का लगेगा भोग

रथ यात्रा के मार्ग के पांच मुख्य स्थानों पर सेब, केला, अंगूर, आम, काजू, पिस्ता, बादाम, तीस से अधिक प्रकार की मिठाईयो का भोग लगाया जाएगा। जगन्नाथ जी रथ यात्रा माधव से प्रारम्भ होकर नजीरगंज, शंकरनगर, निरालानगर, श्रीकृष्ण मठ, आई टी चौराहा, बाबूगंज, फैजाबाद रोड, इक्का अड्डा, डालीगंज पुल होते हुआ डालीगंज बाजार, हसनगंज कोतवाली, माधव मंदिर चौराह पर सम्पन्न होगी। रथ के यात्रा भक्तो द्वारा झाड़ू लगा कर अपनी सेवा देगे।



## जगन्नाथ रथ यात्रा से पूर्व विश्व शांति सद्भावना सामूहिक यज्ञ

लखनऊ। डालीगंज श्री राधा माधव सेवा संस्थान के बैनर तले स्थित 63 वा श्री माधव मंदिर वार्षिकोत्सव व जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव कार्यक्रम में जगन्नाथ रथ यात्रा से पूर्व विश्व शांति सद्भावना सा यज्ञ का आयोजन पुजारी लालता प्रसाद द्वारा किया गया। महामंत्री अनुराग साहू ने बताया कि यज्ञ में औषधि वाले पेड़ जैसे आम की लकड़ी, जौ, तिल, गाय के दूध से बना घी और करीब 55 तरह की अलग-अलग औषधि व लकड़ियों से हवन को आहुति देकर विश्व शांति सद्भावना यज्ञ संपन्न कराया गया। श्याम जी साहू ने बताया कि हवन यज्ञ करने का उद्देश्य औषधियां वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का निर्माण करती हैं, साथ ही कई तरह के बीमारी फैलाने वाले बैक्टिरिया को खत्म करते हैं। प्रकृति के लिए भी ये काफी सहायक हैं। प्रकृति को संतुलित करते हैं, वातावरण को दूषित होने से बचाते हैं।

# दुनिया का सबसे छोटा आम, स्वाद में दशहरी को दे रहा टक्कर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** अंगूर तो आपने खूब खाए होंगे लेकिन अंगूर के आकार का आम क्या देखा है? अगर नहीं तो आपको बता दें कि इस साल आमों के सीजन में अंगूर के आकार का आम लोगों की जुबान पर अपने स्वाद का जलवा बिखेरे हुए है। इसका नाम है अंगूर दाना। इस अनोखे आम का आकार भी अंगूर के बराबर है। वजन में ये आम मात्र 5 ग्राम का है, लेकिन खाने में इतना मीठा है कि आप दशहरी को भी भूल जाएंगे।

दरअसल दुनिया के सबसे छोटे आम का दर्जा इसे मिला हुआ है। इसी साल यह आम उगा भी है और खास बात यह है कि इस आम को उगाया है अपने बाग में एससी शुक्ला ने जो कि लखनऊ के रहने वाले हैं, वो अपने बाग पर 300 से ज्यादा वैरायटी के आम उगा चुके हैं।

**गुच्छे में आता है ये आम:** खास बात यह है कि अंगूर दाने का पेड़ अंगूर की ही तरह होता है। यह आम गुच्छे में आता है। देखने में पूरी तरह से अंगूर की तरह ये आम लगते हैं। इसी महीने जुलाई में होने जा रहे आम महोत्सव में एससी शुक्ला दुनिया के सबसे छोटे आम अंगूर दाना को लॉन्च करेंगे। आपको बता दें कि एससी शुक्ला वही हैं जिन्होंने पिछले साल उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम पर योगीराज आम लॉन्च किया था और जिसकी खूब चर्चा हुई थी।

**बड़ी हस्तियां भी हैं स्वाद के मुरीद:** एससी शुक्ला के आमों के स्वाद का मुरीद न सिर्फ लखनऊ बल्कि इनके आम के स्वाद के दीवानों में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मशहूर कवि कुमार विश्वास, अभिनेता अनुपम खेर, आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर, संघ प्रमुख मोहन भागवत के साथ ही योग गुरु बाबा रामदेव भी हैं।

**नेचुरल ब्रीड है अंगूर दाना:** एससी शुक्ला से जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि अंगूर दाना एक नेचुरल ब्रीड है। इसे इन्होंने शौक में उगाया है। देश की मशहूर हस्तियों के पास इसे भेजा है, उन्हें इसका स्वाद काफी पसंद आया है। बाजार में इसे इसलिए नहीं उतारेंगे क्योंकि इसके लिए इसका बड़ी मात्रा में पैदावार करनी होगी।

# जैन सन्त गणाचार्य श्री विराग सागर की समाधि

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। वर्तमान युग के महान जैन धर्म प्रवर्तक गणाचार्य श्री विराग सागर महाराज 04-07-2024 को प्रातः 03 बजे समाधि मरण जिला जालना (महाराष्ट्र )के निकटवर्ती ग्राम देवमूर्ति सिन्धखेड़ा संघस्थ मुनिराजों और अर्यिका माताओं के मंत्रों सम्बोधन के साथ हो गया। विराग सागर महाराज ने सर्वाधिक 350 दिगम्बर मुनि दीक्षायें प्रदान की जिनमें से 09 मुनिराजों को आचार्य पद प्रदान कर गणाचार्य बनें। महाराजश्री स्वयं 75 मुनिराजों एवं अर्जिका माताओं के साथ 25 मई 2018 लखनऊ में पधारे और आशियाना जैन मन्दिर में धर्मसभा कर जैन धर्म संस्कृति को जयवन्त किया। आपके परम प्रभावी शिष्य आचार्य विशुद्ध सागर और आचार्य विमर्श सागर का मंगल आशीर्वाद लखनऊ वासियों को मिला। जैन समाज लखनऊ के मन्दिरों में सायंकाल महामंत्र णमोकार मंत्र की एक माला द्वारा आचार्य विराग सागर को विनयांजलि दी गयी।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद सोनभद्र, जनपद-सोनभद्र

पत्रांक :-214/निविदा/2024 दिनांक : 04.07.2024

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद सोनभद्र में पंजीकृत एवं निदेशक, स्थानीय निकाय उ.प्र. लखनऊ के पत्रा संख्या-एक/708/कम्प्यु.सेल/2019 दिनांक 27 सितम्बर, 2019 के अनुसार ठेकेदारों से वित्तीय वर्ष 2024-25 में पालिका निधि मद में उपलब्ध धनराशि से प्रस्तावित कार्य की सीलबन्द निविदा दिनांक 12.7.2024 को समय 12.00 बजे से अपरान्ह 2.00 बजे तक नगर पालिका परिषद सोनभद्र कार्यालय में आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन अपरान्ह 3.00 बजे नगर पालिका परिषद सोनभद्र कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 11.07.2014 को 11.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक कार्यालय नगर पालिका परिषद सोनभद्र के निर्माण लिपिक काउण्टर से नकद भुगतान के आधार पर की जायेगी। कार्य के सम्मुख अंकित निविदा का 2% जमानत धनराशि FDR/TDR या NSC मूल रूप से अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, सोनभद्र के पदनाम से बन्धक कर निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। उक्त निर्धारित समय के पश्चात प्राप्त अथवा अपूर्ण एवं सशर्त निविदा पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। प्राप्त निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। विशेष जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि (लाख रु. में) | जमानत की धनराशि 2% | निविदा प्रपत्र का मूल्य | आपूर्ति करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| पालिका निधि | | | | | |
| 1 | नगर के विभिन्न वार्डो में कच्ची रोड व रोड में बने गडढों को भराई हेतु जी. एस.बी. आपूर्ति का कार्य । | 4.81 | 9650.00 | 500.00 | 07 दिन |

**निविदा की अन्य शर्ते-:**

1. सर्शत निविदायें मान्य नहीं होगी और स्वतः ही निरस्त समझी जायेगी।
2. निविदा के साथ 02 प्रतिशत धरोहर राशि की एफ.डी.आर./टी.डी.आर./एन.एस.सी. कालम संख्या-4 में अंकित विवरण के अनुसार अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, सोनभद्र के पदनाम से बन्धक कराकर संलग्न करना अनिवार्य होगा ।
3. निविदा स्वीकृत होने के पश्चात सम्बन्धित ठेकेदार को शेष 8 प्रतिशत धरोहर धनराशि एफ.डी.आर./टी.डी.आर./एन.एस.सी. के रूप में अधिशासी अधिकारीए नगर पालिका परिषद सोनभद्र के पदनाम से बन्धक कराकर जमा करना अनिवार्य होगा।
4. निविदा खोले जाने के समय निविदादाताओं की उपस्थिति वांछनीय है।
5. निर्माण कार्य में प्रत्येक निविदा के साथ निविदादाता को फर्म के प्रोपराईटर के स्वयं के नाम का टी.-4, टी.-5, टी.-6, पैन नं., जी.एस.टी. एवं श्रम विभाग का पंजीयन प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य होगा ।
6. निविदा स्वीकृति के उपरान्त निविदादाता को अपने व्यय से निर्धारित स्टैम्प पर अनुबन्ध करना अनिवार्य होगा।
7. निविदादाता द्वारा विभागीय लागत से कम लागत की निविदा डालने की दशा में शासनादेश सं.-622/23-12-2012-2आडिट/09 टी.सी.-2 दिनांक 08.06.2012 के अनुसार 10 प्रतिशत तक निम्न दरें प्राप्त होने पर 0.5 प्रतिशत प्रति प्रतिशत दर तथा 10 प्रतिशत से अधिक कम दरों पर 1.00 प्रतिशत प्रति 1.00 प्रतिशत कम दर पर परफार्मेन्स गारण्टी की अतिरिक्त धनराशि जमा करने के उपरान्त अनुबन्ध गठित किया जायेगा। निविदादाताओं द्वारा उक्त जमा न किये जाने पर उसकी धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी ।
8. निविदा के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार का विवाद उत्पन्न होने पर न्यायिक क्षेत्र अधिकार जनपद सोनभद्र न्यायालय में होगा ।
9. जी.एस.टी. के सम्बन्ध में शासन द्वारा जारी प्राविधान लागू होने तथा नियमानुसार आयकर व अन्य करों की कटौती की जायेगी।
10. निविदा स्वीकृति के पश्चात फर्म एवं ठेकेदार को 03 दिन के अन्दर अनुबन्ध की कार्यवाही पूर्ण करनी होगी अन्यथा ठेकेदार की निविदा को निरस्त कर जमा धरोहर धनराशि जब्त करते हुए दूसरे नम्बर की निविदा पर विचार किया जा सकता है।
11. ऐसे निविदादाता जिसका सगा, सम्बन्धी नगर पालिका में अधिकारी/कर्मचारी के पद पर आसीन होंगे को कार्य करने की अनुमति प्रदान नहीं की जायेगी। निविदादाता को इस सम्बन्ध में नाम तथा पद सहित कार्यकारी रिश्तेदार का शपथ पत्र पर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. कोई भी निविदादाता जो स्टेट बार कौंसिल में पंजीकृत है उन्हे निविदा प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जायेगी, यदि संज्ञान में आया तो निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
13. कार्य निर्धारित अवधि में पूर्ण करना होगा, विलम्ब की दशा में ठेकेदार के अनुबन्ध निरस्तीकरण की कार्यवाही/नियमानुसार अग्रेतर कार्यवाही की जा सकती है, जिसके लिए ठेकेदार का कोई क्लेम मान्य नहीं होगा।
14. कायादेश निर्गत होने के एक सप्ताह के अन्दर कार्य के सापेक्ष श्रम विभाग का पंजीयन प्रमाण पत्र उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद -सोनभद्र**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद -सोनभद्र**


## भगवान का दर्शन सबसे महत्वपूर्ण होता है



लखनऊ। दुर्गा जी मंदिर में वृन्दावन से पधारे श्री प्रिय शरण दास जी महाराज ने भक्त ध्रुव की कथा में बताया कि ध्रुव ने तपस्या करते हुए सब कुछ छोड़ दिया, और एक समय आया के उन्होंने स्वांस लेना भी छोड़ दिया। भगवान प्रसन्न होकर तुरंत गरुड़ की मदद से ध्रुव के पास पहुँचे, लेकिन ध्रुव अपने ध्यान में अधिष्ठित थे। एक भक्त के लिए उसका भगवान का दर्शन सबसे महत्वपूर्ण होता है, लेकिन भगवान भी उसके तपस्या के कष्ट को सहन नहीं कर पा रहे थे। अंत में, साक्षात भगवान्‌को अपने सामने उपस्थित देखकर ध्रुव तुरंत उनके चरणों में लोट गये। ध्रुव जी ने छह महीने की कठिन तपस्या से भगवान विष्णु का साक्षात्कार किया। भगवान विष्णु ध्रुव जी की तपस्या से खुश होकर उनके सपने प्रकट हो गए और उन्हें आपकी गोद में बिठाया, प्रेम से ध्रुवजी की वाणी में रुकावट आ गई, उनके शरीर में आनंद उत्पन्न हुआ और उनके नेत्रों से प्यारे आंसू बहने लगे। वे प्रेम से भरपूर थे, लेकिन वे प्रभु की स्तुति करने में असमर्थ थे, क्योंकि उनकी वाणी बंद हो गई थी। वे केवल हाथ जोड़कर प्रभु के सामने खड़े थे और स्तुति करने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन वे असफल रहे। उन्हें भगवान श्रीहरि की करुणा से आपने विशेष वेदमय शंख को छूने का मौका मिला, और यह शंख ध्रुव के गाल पर स्पर्श किया। इस स्पर्श के बाद, ध्रुवजी को दिव्य वाणी की प्राप्ति हो गई और उन्हें सम्पूर्ण वेद-ज्ञान की प्राप्ति हो गई। वो भगवान की स्तुति करने लग गए. भक्त ध्रुव को अपनी भक्ति से भगवान की प्राप्ति हो गयी।

# ध्रुव योग और आर्द्रा नक्षत्र में आषाढ़ अमावस्या आज

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** आषाढ़ अमावस्या के दिन स्नान, पितरों के लिए तर्पण, दान आदि करने का महत्व है। हर मा ?ह में एक अमावस्या आती है, जो कृष्ण पक्ष की 15वीं तिथि को होती है। ऐसे में आषाढ़ अमावस्या आषाढ़ माह के कृष्ण की अमावस्या तिथि को होगी। हिंदू कैलेंडर के अनुसार, आषाढ़ अमावस्या की तिथि का प्रारंभ 5 जुलाई को 04:57 एएम से होगा और उस दिन सूर्योदय 05:29 ए एम पर होगा। इस तिथि का समापन 6 जुलाई को 04:26 एएम पर होगा और उस दिन सूर्योदय 05:29 ए एम पर होगा।

अब देखा जाए तो 5 जुलाई को सूर्योदय के समय आषाढ़ अमावस्या की तिथि होगी, जबकि 6 जुलाई को अमावस्या तिथि सूर्योदय से पूर्व ही खत्म हो जाएगी। ऐसे में आषाढ़ अमावस्या 5 जुलाई शुक्रवार को होगी। यही इसकी सही तारीख है। इस बार की आषाढ़ अमावस्या ध्रुव योग और आर्द्रा नक्षत्र में है. उस दिन ध्रुव योग प्रातःकाल से लेकर 6 जुलाई को 03:49 ए एम तक है, वहीं आर्द्रा नक्षत्र प्रातःकाल से लेकर 6 जुलाई को 04:06 ए एम तक है।

**आषाढ़ अमावस्या तिथि में 20 मिनट का सर्वार्थ सिद्धि योग:** आषाढ़ की अमावस्या तिथि में सर्वार्थ सिद्धि योग भी बन रहा है, लेकिन यह 6 जुलाई को बनेगा. यह 6 जुलाई को 04:06 ए एम से 05:29 ए एम तक है। अमावस्या तिथि 6 जुलाई को 04:26 एएम तक है। ऐसे में यह योग 20 मिनट का है। सर्वार्थ सिद्धि योग एक शुभ योग है, जिसमें किए गए कार्य सफल होते हैं।

**आषाढ़ अमावस्या के उपाय:** आषाढ़ अमावस्या के दिन आप पवित्र नदियों में से किसी एक में स्नान करें। उसके बाद अपनी क्षमता के अनुसार अन्न, वस्त्र, फल और एक पात्र का दान जरूर करें। इससे आपको पुण्य लाभ होगा. आपके सुख और समृद्धि में बढ़ोत्तरी होगी। आषाढ़ अमावस्या के अवसर पर प्रातःकाल में स्नान के करने के बाद अपने पितरों को स्मरण करें। कुशा के पोरों से उनको जल, काले तिल, सफेद फूल आदि से तर्पण दें। तर्पण देने से पितर तृप्त होकर आशीर्वाद देते हैं। इससे धन, दौलत, सुख, समृद्धि में बढ़ोत्तरी होती है।

# अब संस्कृत में भी बनेंगी इंस्टाग्राम की रील्स

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** अभी तक आपने फेसबुक और इंस्टाग्राम के साथ ही यूट्यूब पर इंग्लिश और हिंदी में वीडियो और व्लॉग तो देखे होंगे, लेकिन जल्द ही आपको संस्कृत में भी यूट्यूब पर वीडियो, इंस्टाग्राम रील और फेसबुक पर भी रील और वीडियो देखने के लिए मिलेंगे। दरअसल अब संस्कृत में व्लॉग बनने जा रहे हैं। देश के युवा लखनऊ शहर स्थित केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में संस्कृत में व्लॉग बनाने की ट्रेनिंग ले रहे हैं। यहां पर असम, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और दिल्ली के साथ ही मुंबई, केरल और उड़ीसा तक से बच्चे आए हुए हैं। पांच दिन की यह वर्कशॉप है जिसमें बच्चे ना सिर्फ व्लॉग बनाने की ट्रेनिंग ले रहे हैं बल्कि स्क्रिप्ट राइटिंग की भी ट्रेनिंग यहां दी जा रही है।

**द केरला स्टोरी के राइटर दे रहे ट्रेनिंग:** व्लॉग वर्कशॉप में द केरला स्टोरी के राइटर प्रसिद्ध लेखक नेशनल अवार्ड से सम्मानित सूर्यपाल सिंह ने बच्चों को स्क्रीन राइटर को लेकर संस्कृत कार्यशाला में कहा की हमें व्लॉग बनाते समय स्क्रीन राइटिंग सबसे पहले लिखना होता हैं, हमें इसे निरंतर लिखना चाहिये. व्लॉग बनाते समय कई बार कई सीन को एकत्रित करके एक बाइट बनती हैं, हमें विषय की शुरूआत से उसके अंतिम विषय तक जाना चाहिये। लेखन कुछ भी हो वह रचनात्मकता से जुडा होना चाहिये। उन्होंने कहा कि हर एक देश अपनी लोकल भाषा को महत्व देता है तो भारत की असली भाषा तो संस्कृत है तो हम इसे विलुप्त क्यों होने दे रहे हैं। अच्छा हो कि अगर इसमें भी वीडियो और व्लॉग बने।

**ब्लॉगर्स ने कही ये बात:** इस दौरान छात्र-छात्राओं से बात की गई तो कानू चरण मिश्रा, सौरभ मिश्रा, उत्कर्ष शुक्ला और दिव्याश्री ने बताया कि संस्कृत में व्लॉग बनाना बहुत आसान है। संस्कृत में व्लॉग बनाना मतलब अपने शहर की खासियत जो लोग हिंदी और इंग्लिश में बताते हैं उसी को हम लोग संस्कृत में बताएंगे। भारत की खोई पहचान वापस मिलेगी और लोग इसे दिलचस्पी से देखेंगे भी। आने वाले वक्त में संस्कृत में लोगों को रील और वीडियो देखने के लिए मिलेंगे।

# 9 से शुरू होंगे विवाह, 17 जुलाई से नहीं होंगे मांगलिक काय

लखनऊ। जुलाई माह से एक बार फिर शहनाई गूंजने वाली है। 61 दिन बाद शुक्र देव के उदय के साथ शुभ मुहूर्त शुरू हो गए है। शादियों के लिए 9 जुलाई से शुभ मुहूर्त शुरू हो गए है। जुलाई में विवाह के लिए कुल 8 शुभ मुहूर्त हैं। इसके बाद नवंबर-दिसंबर माह को मिलाकर सिर्फ 17 शुभ लग्न हैं। पं. बिन्द्रेस दुबे ने बताया कि 6 मई को गुरु अस्त हो चुके हैं। इस कारण मई और जून महीने में एक भी शुभ लग्न नहीं था। 3 महीने के लंबे अंतराल के बाद धन, वैभव, प्रेम, सौंदर्य और सुख-समृद्धि के कारक शुक्र ग्रह का उदय हो गया है। मिथुन राशि में शुक्र उदय होने के साथ ही मांगलिक कार्यों शुरू हो गए है। विवाह के लिए इस माह पहला मुहूर्त 9 जुलाई को रहेगा।

**जुलाई से दिसंबर तक ये हैं मुहूर्त:** इस वर्ष के जुलाई, नवंबर और दिसंबर महीनों में कई शुभ मुहूर्त बन रहे हैं। जुलाई में 9, 11, 12, 13, 14, 15 और 17 तारीख को शुभ मुहूर्त हैं। 17 जुलाई को देवशयनी एकादशी है। इसके बाद विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन संस्कार आदि मांगलिक कार्य बंद हो जाएंगे। वहीं, नवंबर में 17, 18, 22, 23, 24, 25 और 26 तारीख को भी शुभ मुहूर्त बनेंगे।

# पेपर लीक को लेकर सरकार के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

- उप्र युवा कांग्रेस के नेतृत्व में हुआ प्रदर्शन
- कांग्रसियों और पुलिस के बीच हुई तींखी नोकझोंक, कई घायल

विशेष संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व के आवाहन पर पेपर लीक सरकार के खिलाफ गुरुवार को उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस पूर्वी के अध्यक्ष विशाल सिंह, मध्य के अध्यक्ष दीपक शिवहरे एवं पश्चिमी के अध्यक्ष पारस शुक्ला के संयुक्त नेतृत्व में विधानसभा का घेराव आंदोलन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व एमएलसी दीपक सिंह मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस मौके पर कांग्रेस ने डीएम को ज्ञापन भी सौंपा।

उप्र युवा कांग्रेस के अध्यक्ष विशाल सिंह, दीपक शिवहरे, पारस शुक्ला के संयुक्त नेतृत्व मे सैंकड़ों की संख्या में युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय से निकलकर विधानसभा घेरने के लिए निकले जहां रास्ते पर भारी पुलिस बल द्वारा बैरीकेडिंग लगाकर जबर्दस्ती बलपूर्वक रोका गया। युवा कांग्रेसजनों और पुलिस में हुई नोकझोंक में कई युवा कांग्रेसजनों को चोटें भी आई। इसके बाद भारी पुलिस बल द्वारा युवाओं को गिरफ्तार कर बसों में भरकर इको गार्डेन ले जाया गया जहां देर शाम उन्हें रिहा किया गया।

इसके पूर्व प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में युवा कांग्रेसजनों को सम्बोधित करते हुए पूर्व एमएलसी दीपक सिंह ने कहा कि राहुल गांधी लगातार युवाओं के लिए आवाज उठा रहे हैं। उत्तर प्रदेश में जबसे भाजपा की योगी सरकार आई है तबसे सारी भर्तियों के पेपर लीक हो रहे हैं, चाहे आरओ, एआरओ हो, लेखपाल भर्ती हो, पुलिस भर्ती हो, योगी सरकार युवाओं के साथ धोखा कर रही है। नीट-यूजीसी की परीक्षा लीक होने से पूरे देश में युवा आक्रोशित हैं। बेरोजगार युवाओं को भर्ती के नाम पर छलने का काम कर रही है। युवा कांग्रेस पूर्वी के अध्यक्ष विशाल सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार में आज तक कोई भी भर्ती सकुशल नहीं हो पायी है यह सरकार की घोर विफलता है। बेरोजगार युवाओं के साथ धोखा है। उन्होने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव युवाओं के हितों के लिए संघर्ष करती रही है। यदि सरकार रोजगार नहीं दे सकती तो भर्ती के नाम पर उन्हें धोखा देना बन्द करे। नीट-यूजीसी परीक्षा में लीक योगी सरकार की युवा विरोधी नीति का परिचायक है। उन्होने कहाकि महाकुंभ मेले में साल स्लीपर सप्लाई में गुजरात की कंपनी को टेण्डर देकर भ्रष्टाचार किया गया। भ्रष्टचार के खिलाफ लड़ाई कांग्रेस पार्टी लड़ेगी। युवा कांग्रेस मध्य के अध्यक्ष दीपक शिवहरे ने युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहाकि भाजपा की सरकार-पेपर लीक सरकार बनकर रह गई है। भाजपा के साथ ही उनके सहयोगी गठबन्धन के दल भी इस कुकृत्य में शामिल हैं। प्रदेश का युवा आज हताश और निराश है। युवा कांग्रेस पश्चिमी के अध्यक्ष पारस शुक्ला ने युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहाकि जब तक नीट-यूजीसी की परीक्षा निरस्त कर पुनः परीक्षा नहीं कराई जाती है कांग्रेसजन चुप नहीं बैठेंगे और युवाओं के लिए संघर्ष करते रहेंगे। विधानसभा घेराव में प्रमुख रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप ठकुराई, शरद शुक्ला, मो. तारिक, मीडिया चेयरमैन देवांश तिवारी, महासचिव प्रद्युम्न सिंह, अभिजीत तिवारी सत्यम, अश्विनी सिंह, समीर अहमद, अश्विनी सिंह सोलंकी, संकट मोचन त्रिपाठी, अभिजीत पाठक, शशांक शर्मा, अक्षत सिंह, विशाल वर्मा, अभय सिंह, सचिवगण अभय दुबे, दीपक पाण्डेय, वर्चस्व पाण्डेय, मो. सारिक, जिलाध्यक्षगण माधवेन्द्र मूर्ति ओझा, शुभम सिंह, रामेन्द्र नाथ त्रिपाठी, अंशू कुमार पाण्डेय, सौरभ पाण्डेय, अंकुर शुक्ला, शशांक मिश्रा, विशाल सिंह, गौरव शुक्ला सहित सैंकड़ों की संख्या में युवा कांग्रेसजन शामिल रहे।

## सीएम योगी को जयंत चौधरी ने लिखा पत्र

लखनऊ। केंद्रीय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी ने गुरुवार को मुजफ्फरनगर के मोरना में 'गंगा किसान सहकारी चीनी मिल' के विस्तार और आधुनिकीकरण के संबंध में बिजनौर लोकसभा से सांसद चंदन चौहान के अनुरोध पर प्रकाश डालते हुए मुख्यंमत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा। जिसमें उन्होंने 16 दिसम्बर 2021 को की गई सरकार की घोषणा के अनुसार इस मील की दैनिक पेराई क्षमता बढ़ाने व चीनी उत्पादन प्रक्रिया में सुधार के लिए त्वरित एवं उचित कार्रवाई का आग्रह किया।

## 15 दिवसीय पालि एवं सिंहली शिक्षण कार्यशाला का समापन

लखनऊ। गोमतीनगर स्थित अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान की ओर से 15 दिवसीय पालि एवं सिंहली शिक्षण कार्यशाला का समापन हुआ। 21 जून को इसका शुभारंभ हुआ था। इस अवसर पर संस्थान के कार्यकारी अध्यक्ष हरगोविन्द कुशवाहा (बौद्ध) ने बताया कि पालि एवं सिंहली भाषा में गौतम बुद्ध के सभी ग्रंथो को लिखा गया है और जब तक हम पालि एवं सिंहली भाषा को नहीं जानेंगे तब तक हम इन ग्रंथो में छिपी गहराइयों को नहीं समझ सकते।

संस्थान के निदेशक डॉक्टर राकेश सिंह ने बताया कि अब आगे भी इसी तरह की कार्यशालाएं चलाई जाएंगी। तरुणेश और डॉ. धीरेन्द्र सिंह ने भी अपने विचार किया। इस कार्यक्रम में संस्थान के सदस्य, तरुणेश, नालंदा विश्वविद्यालय के प्रो. राम नक्षत्र प्रसाद, केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के डॉ. प्रफुल्ल गडपाल वेन, विद्यारतन विश्व विद्यापीठ, कोलाम्बू, श्रीलंका के डॉ. जूलम्पिटिये पुण्यासार महास्थविर संस्थान के निदेशक डॉ. राकेश सिंह, डॉक्टर धीरेंद्र सिंह, अरुणेश मिश्र, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## बलरामपुर अस्पताल में उल्टी दस्त से महिला की मौत

लखनऊ। बलरामपुर अस्पताल में गुरुवार दोपहर उल्टी-दस्त से पीड़ित महिला ने दम तोड़ दिया। परिजन हालत बिगड़ने पर अस्पताल की इमरजेंसी में लेकर आए थे। राजाजीपुरम निवासी शशांक ने बताया कि सोमवार को मां शांति (52) को कई बार उल्टी-दस्त पड़ने पर नजदीक के एक डॉक्टर को दिखाया। दवाएं दीं, लेकिन राहत नहीं मिली। मंगलवार को हालत बिगड़ने पर बलरामपुर अस्पताल की इमरजेंसी लेकर आए। डॉ. आरएन मिश्रा की निगरानी में भर्ती कर इलाज शुरू किया गया। गुरुवार दोपहर करीब डेढ़ बजे सांस लेने में दिक्कत होने पर ऑक्सीजन सपोर्ट पर लिया गया। इसके बावजूद हालत में सुधार न होने पर डॉक्टर ने मरीज को आईसीयू में ?शिफ्ट करने को कहा। कर्मचारी महिला को आईसीयू में शिफ्ट करने की तैयारी कर रहे थे, तभी दम तोड़ दिया।

## एसिड पीड़िता से मिलने पहुंची सपा की पूजा व पवन

लखनऊ। उत्तर विधानसभा क्षेत्र से सपा की पूर्व प्रत्याशी पूजा शुक्ला, लखनऊ व्यापार मण्डल वरिष्ठ महामंत्री पवन मनोचा और समाजवादी छात्रसभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा गुरुवार को एसिड पीड़िता से मिलने केजीएमयू में पहुंचे।

कल पीड़िता अपने भाई के साथ नीट की कांउसलिंग कराने जा रही थी तभी चौक में सिरफिरे ने उनके ऊपर एसिड फेंक दिया, जिसमें पीड़िता का आधा चेहरा झुलस गया और उसको बचाने में उसके भाई की पीठ भी एसिड से काफी झुलस गयी। पीड़िता और उसके भाई को केजीएमयू में एडमिट कराया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। पीड़ित परिवार से मिलकर संवेदना प्रकट की व परिवार की हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया। इस अवसर पर आशिका वर्मा, चांदनी कश्यप, राकेश कुशवाहा, कुश अरोड़ा, रूबल सिंह, विपिन, सिद्धार्थ, सूरज वर्मा, शुभम यादव आदि मौजूद रहे।

## एकेटीयू में हरियाली लाने को किया गया पौधरोपण

लखनऊ। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय परिसर को हरा भरा करने के लिए कुलपति प्रोफेसर जेपी पांडेय के निर्देशन में पौधारोपण अभियान का शुभारंभ गुरुवार को किया गया। इस दौरान परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधों को लगाया गया। कुलपति प्रो. जेपी पांडेय के नेतृत्व में आम आंवला सहित अन्य फलदार और छायादार पौधों को रोपा गया। इस मौके पर कुलपति प्रो. जेपी पांडेय ने कहा कि परिसर को हरा भरा करने का हमें संकल्प लेना होगा।

कुलसचिव रीना सिंह ने भी पौधे लगाते हुए पर्यावरण का संदेश दिया। कहा कि परिसर को हरा-भरा करने के लिए खाली जगहों को चिह्नित कर और भी पौधे लगाये जाएंगे। वित्त अधिकारी ने भी पौधरोपण किया। इस दौरान उपकुलसचिव डॉ. आरके सिंह, डॉ. डीपी सिंह सहित अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने पौधरोपण कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

## लविवि में कॉन्फ्रेंस की पुस्तक का हुआ विमोचन



लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय में सत्र 2023-24 में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कान्फ्रेंस आईसीसीआईसीएस-2023 की पुस्तक रीसेंट एडवांसेस इन कम्प्यूटशनल इंटेलीजेंस एंड साइबर सिक्योरिटी, टेलर एंड फ्रांसिस प्रकाशन एवं राष्ट्रीय कांफ्रेंस आरएसीएमईई-2023 की रीसेंट एडवांसेस इन सिविल, मैकेनिकल एंड इलेट्रिकल इंजीनियरिंग की पुस्तक श्रृंखला का लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने विमोचन किया। कुलपति ने संकाय में शोध आधारित कार्यक्रमों एवं संकाय के शिक्षकों और छात्रों की शोध कार्यों में सहभागिता के लिए बधाई दी। संकाय अध्यक्ष प्रोफेसर एके सिंह ने बताया कि कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग और इलेक्ट्रॉनिकी एवं संचार विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस में टेलर एंड फ्रांसिस में 38 शोध पत्र, जो की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, न्यूरल नेटवर्क, इमेज प्रोसेसिंग, इलेक्ट्रॉनिक ऑटोमेशन आदि नई भविष्य की तकनीकी पर शोध पत्र प्रकाशित किए गए। मैकेनिकल इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित राष्ट्रीय कांफ्रेंस में 59 शोध पत्र जिसमें से 12 शोध पत्र ब्रिटेन, युगांडा, मॉरीशस, सऊदी अरब के डिलेगेट्स के द्वारा इंडस्ट्री 4.0, 3डी प्रिंटिंग, बायोमैकेनिक्स, नैनोटेक्नोलॉजी, रोबोटिक्स संबंधित शोध पत्र प्रकाशित किए गए थे। इस अवसर पर कॉन्फ्रेंस के कोऑर्डिनेटर डॉ. जीशान अली सिद्दीकी, डॉ सिद्धार्थ सिंह, डॉ कमलेश तिवारी सहित कांफ्रेंस आगेर्नाइजिंग कमेटी के सदस्य उपस्थित रहे।

# समाजवादी छात्रसभा ने निकाला कैंडल मार्च




- हाथरस में भगदड़ में हुई मौतों से पीड़ित परिवारों के प्रति प्रकट की संवेदना और मृतकों की आत्मा की शांति के लिए की प्रार्थना

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** समाजवादी छात्र सभा ने हाथरस में सत्संग के दौरान भगदड़ में हुई दर्दनाक मौतों से पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करने के लिए लखनऊ में केडी सिंह स्टेडियम से लेकर बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा तक कैंडिल मार्च निकाला और मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। समाजवादी छात्र सभा द्वारा राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन में बताया गया कि भाजपा सरकार एवं प्रशासन की लापरवाही से यह घटना हुई। जब सरकार को पता था कि सत्संग में 50 हजार से एक लाख लोग उपस्थित होते हैं तो सरकार को सुचारू व्यवस्था करनी चाहिए थी जिसमें सरकारी तंत्र पूरी तरह से फेल रहा। कैंडिल मार्च में समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा, पूजा शुक्ला, दीपू श्रीवास्तव, अनिल यादव मास्टर, धीरज श्रीवास्तव, माधुर्य सिंह मधुर, ममता शर्मा, कांची सिंह यादव, तनवीर अली, सुधीर मौर्य, दीपक यादव, मनोज यादव, जयसिंह प्रताप यादव, ओम लोधी, अरविन्द यादव, वीरेन्द्र कुमार, तौफीक, आशुतोष तिवारी, दुर्गेश यादव, जावेद अली, राज साहनी समेत सैकड़ों पदाधिकारी शामिल रहे।

# पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान ने सपा की ली सदस्यता

- सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पार्टी में शमिल होने वाले नेताओं का जताया आभार

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय में गुरुवार को लोकसभा सहारनपुर के पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान अपने सैकड़ों साथियों के साथ गुरुवार को पार्टी में शामिल हो गए। उन्होंने अखिलेश यादव को मजबूती देने के लिए हर प्रयास करने का भरोसा जताया। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने हाजी फजलुर्रहमान के साथ समाजवादी पार्टी में शामिल हुए सभी साथियों का आभार जताते हुए उम्मीद जताई है कि वे सभी मिलकर सपा और समाजवादी जिन सिद्धांतों के लिए संघर्षरत है, उनको मजबूती देने का काम करेंगे। हाजी फजलुर्रहमान के साथ आज बड़ी संख्या में बसपा के तमाम चेयरमैन नगर पंचायत, पूर्व सांसदों के कई साथी, जिलाध्यक्ष, पूर्व मेयर प्रत्याशी, पूर्व ब्लाक प्रमुख, सदस्य जिला पंचायत, पार्षद नगर निगम, व्यापारी नेता, प्रधान पूर्व सभासद आदि समाजवादी पार्टी में शामिल हुए।

पार्टी में शामिल होने वाले प्रमुख बसपा नेताओं में चौधरी विनोद पंवार पश्चिम उप्र प्रभारी भाईचारा कमेटी बसपा, शराफत खान चेयरमैन तीतरों नगर पंचायत, हाजी तस्लीम कमाल डायरेक्टर ए.एल.एम इंडस्ट्रीज, शकील अहमद खान चेयरमैन जलालाबाद, चौधरी अनुज गुर्जर जिलाध्यक्ष प्रधान संगठन, अकबर कुरैशी पूर्व चेयरमैन नगर पंचायत सुल्तानपुर, अबूबकर चौधरी पूर्व कोऑर्डिनेटर बसपा, नरेन्द्र खोटीयान सदस्य रेलवे बोर्ड मुरादाबाद मंडल, मुन्नू खान पूर्व सांसद प्रतिनिधि आदि है। इस अवसर पर विधानसभा में प्रतिपक्ष के पूर्व नेता राम गोविन्द चौधरी, राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल सहित नीरज मौर्य, श्रीमती रूचिवीर, सभी सांसद, आशु मलिक, उमर अली खान, विधायकगण, शाहनवाज खान एमएलसी, तथा माविया अली पूर्व विधायक, राहुल भारती राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ, जसवीर बाल्मीकि, फैजल सलमानी, चौधरी अब्दुल वाहिद जिलाध्यक्ष सहारनपुर, नवाब अंसारी महानगर अध्यक्ष भी मौजूद रहे।

## सपा प्रतिनिधिमंडल कल जायेगा मथुरा

लखनऊ। समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधि मण्डल 06 जुलाई को मथुरा जायेगा। मथुरा के कृष्ण विहार कालोनी में गंगाजल परियोजना के तहत करीब 6 करोड़ की लागत से वर्ष 2021 में बनाई गई 2.5 लाख लीटर की पानी की टंकी मकानों पर गिर गई जिसमें मौके पर दो महिलाओं की मौत हो गई तथा करीब नौ लोग गम्भीर रूप से घायल हैं जिसकी जांच एवं जानकारी तथा घायलों से मिलने हेतु प्रतिनिधि मण्डल कृष्णा विहार कालोनी मथुरा पहुंचेगा। प्रतिनिधि मण्डल के सदस्यगण नरेश उत्तम पटेल सांसद लोकसभा क्षेत्र फतेहपुर, अतुल प्रधान विधायक विधान सभा क्षेत्र सरधना मेरठ, अयूब अंसारी पूर्व मंत्री, सहित कई मौजूद रहेंगे।

# बसों की वजह से बाधित न हो कांवड़ यात्रा मार्ग : दयाशंकर सिंह

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने 22 जुलाई से प्रारम्भ होने वाले श्रावण मास में कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत निगम बसों के सुरक्षित संचालन तैयारियां करने के निर्देश परिवहन निगम के अधिकारियों को दिये हैं। उन्होंने कहा है कि 22 जुलाई से 19 अगस्त, 2024 तक पूरे एक माह कांवड़ यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान शिव के प्रसिद्ध मंदिरों पर जल चढ़ाने के लिए जाते हैं। इस दौरान चलने वाली बसें साफ-सुथरी एवं फिट बसों का ही संचालन किया जाए। इसके अलावा बस स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। स्टेशन परिसर एवं बैठने वाले जगह पर साफ-सफाई का भी ध्यान रखा जाए। परिवहन मंत्री ने निर्देश दिये हैं कि इस दौरान आगरा, बरेली, मुरादाबा, मेरठ, गाजियाबाद, अलीगढ़ एवं सहारनपुर क्षेत्र के मार्ग मुख्य रूप से संचालन हेतु तैयारियां कर लें, क्योंकि इन रूटों पर अधिक संख्या में शिव भक्तों का आवागमन रहता है। उन्होंने साथ ही लखनऊ, अयोध्या, गोरखपुर से वाराणसी एवं प्रयागराज हेतु अतिरिक्त बसों के संचालन के लिए भी निर्देश दिये हैं। क्योंकि बड़ी संख्या में कांवड़ यात्री वाराणसी एवं प्रयागराज जाते हैं।

कांवड़ यात्रियों के आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रियों की सुविधा के लिए क्षेत्रीय मुख्यालय स्तर पर 24 घंटे क्रियाशील कन्ट्रोल रूम स्थापित किया जाए। परिवहन मंत्री ने निर्देशित किया कि श्रावण मास के दौरान बस चालकों का ब्रीथ एनलाइजर टेस्ट अवश्य किया जाए। सावन माह में हर सोमवार और श्रावण शिवरात्रि के दिन जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित डायवर्जन/वैकल्पिक मार्ग पर ही बसों का संचालन हो, जिससे किसी को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। अधिकारी इस बात का ध्यान दें कि कांवड़ यात्रा मार्ग निगम बसों के कारण अवरूद्ध न हो। साथ ही निगम के अधिकारी/कर्मचारी श्रद्धालुओं के सहयोग के लिए तत्पर रहने एवं उनके साथ अच्छा व्यवहार करने व सहायता प्रदान करें। उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं कि किसी प्रकार की अव्यवस्था होने पर संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही भी सुनिश्चित करेंगे।

# एक सीट पर बीबीए में 14 और बीसीए में 38 दावेदार

- आज तक अभ्यर्थी कर सकते हैं आवेदन

विशेष संवाददाता (vol)

- 2023-24 में बीबीए- 3700, बीसीए- 3392
- 2024-25 में बीबीए- 4120, बीसीए- 3786

एलएलबी (इंटीग्रेटेड पंचवर्षीय)

- 2023-24 - 5464
- 2024-25 - 6935

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक एवं स्नातक प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों में अब तक पिछले शैक्षणिक सत्र की तुलना में काफी अधिक आवेदन आ चुके हैं। विश्वविद्यालय के स्नातक एवं स्नातक प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों में ऑनलाइन आवेदन तहत पर्याप्त वृद्धि पिछले वर्ष की तुलना में दर्ज हुई है।

सबसे अधिक प्रतिस्पर्धा स्नातक विधि पांच वर्षीय पाठ्यक्रम (एलएलबी इंटीग्रेटेड पंचवर्षीय) एवं प्रबंधन (बीबीए व बीसीए) के पाठ्यक्रमों में देखी जा रही है। लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि स्नातक पांच वर्षीय पाठ्यक्रम के प्रवेश में जबर्दस्त प्रतिस्पर्धा दिखाई दे रही है। विधि स्नातक पांच वर्षीय पाठ्यक्रम में विश्वविद्यालय परिसर 160 सीटें उपलब्ध हैं, जिनके सापेक्ष लगभग सात हजार ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हो चुके हैं जबकि आवेदन करने की अंतिम तिथि में 05 जुलाई है। इस प्रकार एक सीट के सापेक्ष लगभग 44 दावेदार हैं। इसी प्रकार बीबीए (320) और बीसीए (100) पाठ्यक्रम में 420 सीटों के सापेक्ष अभी तक लगभग आठ हजार आवेदन फॉर्म आ चुके हैं यानि कि एक सीट के सापेक्ष बीबीए में लगभग 14 दावेदार एवं बीसीए में 38 दावेदार दिखाई दे रहे हैं जबकि आवेदन की अंतिम तारीख 05 जुलाई है ।

# पवन खेड़ा की ओर से दाखिल निगरानी याचिका खारिज

विधि संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिता पर अशोभनीय टिप्पणी कर जानबूझकर अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी के नाम के साथ जोड़ने के मामले में सीजेएम कोर्ट द्वारा डिस्चार्ज अर्जी खारिज करने के आदेश के विरुद्ध कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा की ओर से दाखिल निगरानी याचिका को एमपी/एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश हरबंस नारायण ने खारिज कर दिया है।

एमपी एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश हरबंश नारायण के समक्ष निगरानीकर्ता ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट लखनऊ के 5 जनवरी 2024 के आदेश को चुनौती दी थी। जिसमें उन्होंने राज्य सरकार के अलावा भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष शंकर लाल शर्मा को पक्षकार बनाया था। विशेष अदालत ने अपने निर्णय में कहा है कि निगरानी कर्ता के विरुद्ध विभिन्न जिलों एवं राज्यों में जो प्रथम सूचनाए दर्ज हुई है उनसे संज्ञेय अपराध का होना पाया जाता है। इसके अलावा स्थानीय थाना हजरतगंज पुलिस द्वारा दायर आरोप पत्र को भी निगरानीकर्ता ने माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष चुनौती दी थी। जिसमें उच्च न्यायालय ने किसी भी प्रकार से हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया था तथा उसे आदेश दिया था कि वह निचली अदालत के समक्ष अपने तर्क प्रस्तुत करे।

पवन खेड़ा की ओर से दी गई निगरानी याचिका का विरोध करते हुए विशेष अधिवक्ता रमेश कुमार शुक्ला एवं एडीजीसी ज्वाला प्रासाद शर्मा का तर्क था कि आरोपी पवन खेड़ा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता हैं और वह सरकार के पूर्व राजनीतिक सचिव के पद पर 1998 से 2013 तक रह चुके हैं। विरोध के दौरान कहा गया है कि पवन खेड़ा ने अपने पदीय कर्तव्य में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिता का नाम दामोदर दास मूल चंद्र मोदी की जगह दुराशय से नरेंद्र गौतम दास मोदी लिया था। अदालत को बताया गया कि पवन खेड़ा के इन आपत्तिजनक वक्तव्यों को लेकर 20 फरवरी 2023 को बनारस के थाना कैंट एवं जनपद लखनऊ के थाना हजरतगंज के अलावा 22 फरवरी 2023 को असम के थाना हाफ लॉन्ग में एफआईआर दर्ज कराई गई थी।

अदालत को बताया गया कि निगरानी कर्ता ने भिन्न-भिन्न थानों में दर्ज एफआईआर को माननीय सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष चुनौती दी गई थी। जिस पर माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने 20 मार्च 2023 को सभी रिपोर्ट को जनपद लखनऊ के थाना हजरतगंज में स्थानांतरित कर दिया था। जहां पर विवेचना के उपरांत आरोपी पवन खेड़ा के विरुद्ध आरोप पत्र सीजेएम लखनऊ की अदालत में दाखिल किया गया था। अदालत को यह भी बताया गया कि आरोप पत्र एवं एफआईआर को खंडित करने के लिए पवन खेड़ा की ओर से उच्च न्यायालय इलाहाबाद की लखनऊ पीठ के समक्ष याचिका भी दायर की गई थी। जिस पर न्यायालय ने निगरानी कर्ता को कोई राहत नहीं दी थी।

# गांव में कोई जमीन का नक्शा मांगे तो उसे दिया जाये : डीएम

- डीएम ने बुलाई गई राजस्व कार्यो की मासिक समीक्षा बैठक किया

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम सूर्य पाल गंगवार द्वारा राजस्व कार्यो की मासिक समीक्षा बैठक किया। जिसमें गांवो में सीमा स्तंभ की स्थापना करने संबंधित बिंदु की समीक्षा की गई। उन्होंने निर्देश दिया कि उप जिलाधिकारी स्वय यह सत्यापन करे की कहां-कहां सीमा स्तंभों की स्थापना करनी है।

गांवो में नक्शा मांगने (नक्शे की प्रति मांगने) संबंधित काफी प्रार्थना पत्र दिए जाते है। जिसके लिए सभी तहसीलों और कलेक्ट्रेट में बड़ी फोटोकापी मशीन की व्यवस्था को सुनिश्चित किया जाए। ताकि किसी को भी अपने ग्राम के नक्शे आदि की आवश्यकता हो तो उसे आसानी से नक्शे की प्रति उपलब्ध कराई जा सके। उप जिलाधिकारी न्यायलय और तहसीलदार न्यायलयों में लंबित 1 वर्ष से ऊपर के वादों का निस्तारण आगामी 15 दिवसों में सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। अपर जिलाधिकारी न्यायिक हनुमान प्रसाद और अपर नगर मैजिस्ट्रेट शिप्रा पाल को निर्देश दिए गए की उनके द्वारा प्रतिदिन 1 वर्ष से ऊपर के जितने भी वाद तहसीलों में लंबित है उनकी मॉनिटरिंग की जाए की किस दिन कहा कितने वाद लगे है और कितने निस्तारित हुए इसकी रिपोर्ट प्रतिदिन जिलाधिकारी को उपलब्ध कराई जाए और अगले 15 दिवसों के भीतर 1 वर्ष से ऊपर के लंबित सभी वादों का शत प्रतिशत निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। उक्त के बाद जिलाधिकारी द्वारा धारा 24 पैमाइश के वादों की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी द्वारा बताया गया की धारा 24 में बाद दाखिल होने के बाद यदि गाटा मिंजुम्ला न हो तो वादी को 24 घंटे के अंदर प्रारंभिक आदेश उपलब्ध करा दिया जाए और पक्की पैमाईश के लिए तिथि का निर्धारण करते हुए नोटिस जारी कर दिया जाए। पक्की पैमाईश के दौरान यदि विवाद की स्थिति बनती है तो पैमाईश नही की जाएगी। अपत्तिकर्ता की लिखित आपत्ति लेते हुए अपत्तिकर्ता को न्यायलय में अपना पक्ष रखने का मौका दिया जाएगा। विवादग्रस्त हो जाने की स्थिति में 3- 4 दिन के भीतर उप जिलाधिकारी न्यायलय में सुनवाई के लिए तिथि नियत की जाएगी। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया है पांचों तहसीलों के उप जिलाधिकारी साथ बैठक कर धारा 24 और धारा 80 का बनाना सुनिश्चित करे और उसी के अनुसार वादों का निस्तारण कराए ताकि राजस्व वादों में पारदर्शिता बनी रहे। समीक्षा के बाद जिलाधिकारी द्वारा एंटी भू माफिया अभियान की गहन समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी द्वारा बताया गया की जिन क्षेत्रों में प्लाटिंग हो रही है। उसके संबंध में पूर्व में भी निर्देश दिए गए थे। उन्होंने बताया की इस माह एंटी भू माफिया अभियान का लक्ष्य है की प्रत्येक तहसील में कहा कहा प्लाटिंग हो रही है उसकी सूचना बनवाई जाए। अगर कोई व्यक्ति प्लाटिंग कर रहा है, तो उसका लेआउट और मानचित्र पास होना और पंजीकृत होना अनिवार्य है। इन मानकों को पूरा नहीं करने वाले डेवलपर को चिन्हित किया जाए। सभी अधिकारी पूरे मनोयोग से अवैध कालोनियों को बसने से रोके। अगर किसी डेवलपर द्वारा सरकारी भूमि पर प्लाटिंग की जा रही है तो उसके विरुद्ध तत्काल कार्यवाही की जाए। मुख्यमंत्री संदर्भ के तहत ऑनलाइन प्राप्त होने वाले प्रकरणों की समीक्षा से की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रकरणों के सभी निस्तारण गुणवत्तापूर्ण हो।

# एक पेड़, मां के नाम

कई बार हम राजनीति में इतना अधिक धंस जाते हैं कि सामाजिक, आर्थिक बदलाव व जनजीवन में व्यापक परिवर्तन के पहलुओं को भी अनदेखा कर देते हैं। हाल ही में केन्द्र में नयी सरकार बनी और संसदीय प्रक्रिया के तहत राष्ट्रपति का अभिभाषण हुआ, पक्ष-विपक्ष के बीच चर्चा हुई और पूरे देश में माहौल गर्म रहा। इंटरनेट मीडिया के बहादुरों ने, इस-उस खेमे से जुड़े चाटुकारों ने माहौल बनाने में कोई कसर नही छोड़ी। कुल मिलाकर संसद में विपक्ष ने सरकार पर उल्टे-सीधे आरोप लगाये और बदले में सरकार ने भी विपक्ष पर प्रहार किया। अब इस तरह के संसदीय जनतंत्र से हमारे जन-जीवन में क्या बदलाव आयेगा, किस तरह सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय पहलुओं का पोषण होगा, यह शोध का विषय है। लेकिन जिस बात का कोई ठोस वर्थ नहीं है, उसी पर हमारा फोकस रहता है। जबकि पर्यावरणीय संकट के हम ऐसे मुहाने खड़े हैं, जहां हमारा जीवन ही नहीं बल्कि यह धरती और धरती पर जीवन के अस्तित्व पर भी गंभीर संकट है। लेकिन विडम्बना देखिए कि हम बेकार की बातों पर कुछ ज्यादा ही गंभीर रहते हैं और जनजीवन में सुधार के ठोस पहलुओं पर नजर भी नहीं दौड़ाते, या कहें हमारा ध्यान ही नहीं जाता है। हाल ही में उत्तर प्रदेश से ही एक बहुत अच्छी मुहिम शुरू हुई है। अगर यह मुहिम हमारे धर्म, संस्कृति और परम्पराओं के साथ साझा हो जाये, हमारे समाज में यह रीति-रिवाज और परंपरा के रूप में रच-बस जाये, तो यह समाज के लिए न सिर्फ एक दूरगामी प्रभाव वाला साबित होगा बल्कि ग्लोबल वार्मिंग के संकट के कारण हमारी धरती और जीवन पर आये भयानक संकट का प्रभावी समाधान भी निकल सकता है। 'एक पेड़ मां के नाम' मुहिम का जिक्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में भी किया है और अब भाजपा शासित राज्यों मुख्यमंत्रियों ने, केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी अपने सरकारी निवास में पौधरोपण कर 'एक पेड़ मां के नाम' मुहिम से जुड़ने की अपील की है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जब से सरकार का कामकाज संभाला है तब से हर साल बड़े पैमाने पर वृक्षरोपण अभियान के तहत करोड़ों पौधों का रोपण किया जाता है। इस साल भी उत्तर प्रदेश सरकार ने 35 करोड़ पौध लगाने का लक्ष्य रखा है। उत्तर प्रदेश की आबादी 25 करोड़ से भी अधिक है और इस तरह देखा जाये तो 35 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य कोई बहुत बड़ा नहीं है। लेकिन प्रायः यह देखा गया है कि वृक्षारोपण अभियान के तहत रिकॉर्ड बनाने या फिर मीडिया में सुर्खियां हासिल करने के लिए एक ही दिन रिकॉर्ड संख्या में पौधे लगाये जाते हैं। वैसे जितने अधिक पौधों का रोपण किया जाये, उतना ही अच्छा है लेकिन बेहतर यह होगा कि अब सरकार सुर्खियां बटोरने के बजाय वर्षा ऋतु के दौरान जो एक-दो दिन नहीं बल्कि पूरे महीने वृक्षारोपण अभियान चलाये और अभियान में अधिक से अधिक पौधे लगाये जायें। जुलाई माह में वृक्षारोपण का अभियान चलाया जाये तो उसके बाद अगले जून माह तक इन पौधों की निराई-गुड़ाई, उर्वरक देने, सर्दी और विशेषकर गर्मियों के मौसम में सिंचाई का अभियान भी चलाया जाये। इस तरह एक पौध जिसका रोपण जुलाई माह में किया जाये उसकी देखभाल ठीक अपने नौनिहाल बच्चे की तरह कम से कम एक साल तक किया जाये। एक साल में पौधे कुछ हद तक बड़े हो जायेंगे और वे अपना विकास जारी रखने में सक्षम हो सकते हैं। इस तरह अगर नियोजित पौधरोपण का प्रयास एक दशक तक किया जाये, तो हमे हरियाली हर जगह दिखायी देने लगेगी। प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री के द्वारा शुरू किया गया वृक्षारोपण अभियान अति सराहनीय है लेकिन इसके साथ समाज को भी जुड़ना चाहिए।



प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा शुरू किया गया 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान सराहनीय है।

### विचार

पानी और उसका बुलबुला एक ही चीज है। उसी प्रकार जीवात्मा और परमात्मा एक ही चीज है। अंतर सिर्फ यह है कि एक परिमित है, दूसरा अनंत, एक परतंत्र है दूसरा स्वतंत्र।

–गुरुनानक.

अस्पृश्यता का कोई शास्त्रीय आधार नहीं। परमेश्वर का दरवाजा किसी के लिए बंद नहीं और यदि वह बंद हो जाये तो परमेश्वर, परमेश्वर नहीं।

–बाल गंगाधर तिलक.

शिक्षा का उद्देश्य है मन को संयम में लाना, सजाना नहीं, उसको अपनी शक्तियों का योग करना सिखाना। दूसरे के विचारों को इकट्ठा करना नहीं।

– ड्रायन एडवर्ड.

यदि आपका हृदय ईमान से भरा है तो एक शत्रु क्या, सारा संसार आपके सम्मुख हथियार डाल देगा।

–स्वामी रामतीर्थ.

# अचानक मूसलाधार बारिश का भयावह पैटर्न



संजय श्रीवास्तव

हीटवेव से हलकान और मानसून का इंतजार करने वाले लोग अचानक मानसून के आगमन से सहम गये हैं। क्योंकि मौसम विभाग के द्वारा दो दर्जन राज्यों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट और चेतावनियां जारी करने से पहले उत्तर भारत के कई शहर मूसलाधार बारिश के कहर का शिकार हो चुके हैं। देश के तमाम शहरों से मिले वर्षा संबंधी आंकड़ों को देखने से पता चलता है कि ज्यादातर के वहां महीनेभर, सालभर की बारिश एक दिन एक हफ्ते या कुछ घंटों में हो जा रही है। लोग चैनलों और इंटरनेट पर हरिद्वार, दिल्ली, भागलपुर जैसे शहरों में उतराती, बहती कारें देख रहे हैं, तो कई राज्यों में महज कुछ घंटों में हुई बारिश के बाद का खौफनाक मंजर भी सामने है। बंग्लुरु, राजस्थान ही नहीं दुबई, सऊदी अरब की अचानक आयी वर्षा को याद कर रहे हैं। पिछले कुछ सालों से मानसून के दौरान कई जगहों पर वर्षा दिवसों में कमी तो कुछ जगहों पर इनकी संख्या अपेक्षा से ज्यादा है। बारिश का कहीं कम या ज्यादा होना पहले भी होता आया है लेकिन बेहद कम समय में अत्यधिक वर्षा एक नया मौसमी चलन है, जो इन दिनों बहुधा देखने में आ रहा है।

> कम समय में ज्यादा बारिश एक चिंतनीय रेन पैटर्न है। पर्यावरणविद व जलवायु वैज्ञानिकों का दावा है कि इनका दौर, संख्या और व्यापकता भविष्य में और बढ़ेगी। समस्या का पानी सर के ऊपर से गुजरे इससे पहले ही सरकार को सचेत हो जाना चाहिए और पर्यावरण व प्रकृति के प्रति लापरवाह आम लोगों को भी।



सवाल यह है कि आखिर इस साल यह चलन क्यों कर आया, बारिश का पुराना पैटर्न बदलने का कारण क्या है? क्या यह मानव निर्मित है और उसके द्वारा इसे ठीक किया जा सकता है अथवा मानवीय नियंत्रण से बाहर पूर्णतया प्राकृतिक प्रक्रिया है? अतिवृष्टि से सबसे ज्यादा सामान्यजन ही प्रभावित होते हैं, लेकिन वे अलनीनो प्रभाव, वेस्टर्न डिस्टर्बेंस, साइक्लोनिक सक्युलेशन, मानसून टर्फ, ऑरोग्राफिक लिफ्टिंग जैसे तमाम तकनीक कारकों को न जानते है, न उसकी तह में जाना चाहते हैं। जागरूकता के अभाव में उनके लिए यह बस मौसम की मर्जी है। मानसून में अचानक और भारी वर्षा तमाम तरह की समस्याएं बरसाकर निकल जाती है और बाकी समय में शहर, शासन, प्रशासन, जनता अगले मानसून में फिर अलग स्तर पर उन्हीं समस्याओं के लिए प्रतीक्षारत हो जाता है। जलवायु वैज्ञानिकों का दावा है कि आगे से वर्षा ऋतु में भारी वर्षा वाले दिन ज्यादा होंगे और इसका दौर साल दर साल बढ़ता जायेगा। ऐसे में इस अचानक और भारी वर्षा के पीछे क्या कारक हैं, उसके संभावित निवारक तत्व क्या हो सकते हैं और उससे उपजने वाली समस्याओं के खिलाफ भविष्य में क्या तैयारियां अपेक्षित हैं? जानना जरूरी होगा और सरकार तथा आमजन दोनों को अपने कार्य व्यवहार के लिए उसके अनुरूप छोटे तथा दीर्घावधि वाले लक्ष्य तय करने होंगे। क्लाइमेट चेंज पर अंतर-सरकारी पैनल की रिपोर्ट कहती है कि 1950 के दशक से संसारभर में भारी वर्षा की घटनाएं बढ़ी हैं। देश के लोग तकरीबन तीस सालों से अनियमित मानसून पैटर्न के तहत कहीं अतिवृष्टि, कही अनावृष्टि की घटनाओं को देख रहे हैं। हालांकि इस पर ज्यादा ध्यान बीते कुछ बरसों में ही दिया गया है। एक अध्ययन बताता है कि दक्षिण-पश्चिम मानसून के दौरान पिछले 10 वर्षों में भारत के 4,419 उपजिलों के 55 प्रतिशत में बारिश में वृद्धि दर्ज की गई जबकि 11 फीसद उपजिलों में बारिश में कमी आयी है। पर्यावरणविदों के अनुसार कम समय में ज्यादा बारिश होने की अधिकांश वजहें मानव-जनित जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग से जुड़ी हुई हैं, जिनके चलते भारी वर्षा के मुख्य कारण वातावरण में नमी की मात्रा और वायुमंडलीय तापमान प्रभावित होता है, ज्यादा नमी और ठंडे वायुमंडलीय तापमान का मतलब है, भारी बारिश।

नासा ने दो बरस पहले कहा था कि धरती के तापमान में हर एक डिग्री की बढ़त वायुमंडल में जलवाष्प की मात्रा लगभग 7 प्रतिशत बढ़ाता है। इससे थोड़े समय में भारी बारिश की आशंका बढ़ती है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अनुसार वर्ष 1901-2018 के बीच देश में सतह की हवा का तापमान दशमलव सात डिग्री सेल्सियस बढ़ा है, इसके चलते वायुमंडलीय नमी में भी बढ़ोत्तरी हुई है। 1951-2015 के दौरान हिंद महासागर में समुद्री सतह का तापमान 1 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ा है, बीते बरसों से समुद्री सतह के तापपान में तेज बढ़त जारी है। पहले मानसून के दौरान इसका तापमान गिरता था, लेकिन अब नहीं।

## जलवायु परिवर्तन

सो ये असामान्य ताप वृद्धि नमी में बढ़ोत्तरी कर मानसून का नियमित पैटर्न बिगाड़ देती है। पर्वतीय क्षेत्रों में ग्लोबल वॉर्मिंग के चलते वायुमंडल की नमी बढ़ती है, इस नम हवा को पहाड़ियां रोकती और उठाती हैं, इस ऑरोग्राफिक लिफ्टिंग के कारण पर्वतों में भारी बारिश, भूस्खलन जैसी तबाही आती है। इसके अलावा जब ठंडी हवा वातावरण में ऊपर की तरफ जाती है, तो साइक्लोनिक सकुर्लेशन की स्थिति बनती है और ज्यादा बारिश होती है, इसी तरह मानसून के दौरान कम दबाव वाले क्षेत्र में इकट्ठा हुई हवाएं मानसून टर्फ बना लेती हैं, पश्चिमी विक्षोभ से यह मानसून टर्फ टकराता है तो भीषण वर्षा होती है। तापमान और नमी में वृद्धि के साथ-साथ अचानक भारी वर्षा का दौर लगातार बढ़ते जाने वाला है। हमारा नियंत्रण इससे संबंधित बहुत सी परिस्थितियों पर नहीं है। पर जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग को कम करने और इनकी वजह से गड़बड़ाए रेन पैटर्न के दुष्प्रभावों, समस्याओं से निपटने के उपाय हम अवश्य कर सकते हैं। बरसों अनियोजित विकास ने बारिश से होने वाली आपदा को रोकने वाली जिन प्राकृतिक सुरक्षा को नष्ट कर दिया है, हमें उनको पुनर्जीवित करना होगा। व्यापक बाढ़ और सूखे जैसी खतरनाक परिस्थितियों के शिकार होने से पहले नेतृत्व को सचेत होना होगा और देश को अपना हरितक्षेत्र बढ़ाने, हरित ईंधन पर जोर देने के साथ उन सभी पर्यावरणीय नियमों, उपायों को अपनाना होगा, जिससे पर्यावरण की रक्षा हो सके और धरती का ताप न बढ़े। बेशक इसमें सरकार की सक्रियता, सदिच्छा जनता का सहयोग बहुत आवश्यक है। जलवायु पैटर्न को सुरक्षित और स्थिर बनाने के लिये सरकार को जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय कार्ययोजना को पूरी ईमानदारी से लागू करना होगा, साथ ही अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी इसके लिये बेहतर प्रयास की आवश्यकता है। संबंधित विभाग द्वारा मौसम संबंधी अधिकतम आंकड़े एकत्र कर उनका विश्लेषण करना चाहिये ताकि मानसून के अनिश्चित व्यवहार के बारे में बेहतर समझ बने। मौसम विभाग को मौसम संबंधी पूवार्नुमानों की सटीकता, विश्वसनीयता और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए अधिक अवलोकन केन्द्र स्थापित करने होंगे, अधिक संसाधनों में बड़ा निवेश करना होगा, इसके अलावा संचार चैनलों को बढ़ावा देकर प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों को सशक्त, समुदाय-आधारित और सर्वग्राही बनाना होगा।

मानवीय प्रवृत्तियों पर नियंत्रण लगाने के अलावा कुछ पर्यावरणीय कानून भी लाने होंगे। मानसून केवल बारिश नहीं बाढ़ भी ला रहा है, जिससे जान माल का भारी नुकसान हो रहा है। बीमारियां फैल रही हैं। नीति आयोग की एक रिपोर्ट के अनुसार बाढ़ के चलते देश के 5,649 करोड़ रुपए हर साल पानी में चले जाते हैं। औसतन 1,654 मानव जीवन का नुकसान होता है। मरने वाले पशुधन की संख्या भी बड़ी है। निस्संदेह इससे निपटने के लिये मजबूत बुनियादी ढांचे में निवेश करना होगा, बाढ़ की रोकथाम की तकनीक शामिल हैं जल निकासी प्रणाली का विकास, नदी तटबंधों का निर्माण, जल ग्रहण क्षेत्रों के विकास हेतु छोटे बड़े तालाबों, झीलों को खोदना। टिकाऊ शहरी डिजाइन अवधारणाओं के तहत शहरी नियोजन को नये सिरे से देखना और भूमि उपयोग प्रबंधन के सुविचारित नियम बनाना भी आवश्यक होगा जैसे उन क्षेत्रों को निर्माण से अलग रखना जहां बाढ़ आ सकती है या वर्षा का जल इकट्ठा होता है। इसके साथ ही नष्ट होती जा रही प्रभावी प्राकृतिक जल निकासी प्रणालियों की पुनर्स्थापना भी। समस्या का पानी सर के ऊपर से गुजरे इससे पहले सचेत होना जरूरी है।

### सोशल मीडिया



उप्र. के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए हर व्यक्ति से वृक्षा-रोपण महाअभियान का हिस्सा बन मां के नाम पेड़ लगाने की अपील की है। उप्र. सरकार.



विपक्ष संख्याबल की बात कर रह है, तो अभी परिणाम आये 15 दिन हुए हैं, एक दल टूट गया है, आप ने घोषणा की है कि हमारा कांग्रेस से गठबंधन समाप्त हो गया है। सुधांशु त्रिवेदी.



मानसून से पहले ही जयपुर में ट्रैफिक की स्थिति बिगड़ने लगी थी जो मानसून में पूरी तरह चरमरा गयी है, जबकि सीएम व डिप्टी सीएम जयपुर से ही विधायक हैं। अशोक गहलोत.

# जीवन से प्रेम करो

### अंतर्दृष्टि

जब तुम प्रेम में होते हो और खुश होते हो तो भूल जाते हो। लेकिन, जब संघर्ष, नफरत और गुस्सा होता है तो तुम उसे बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने लगते हो। ऊपर से वे अक्षम लोग, वे नैतिकतावादी, वे पुरोहित, वे राजनेता, वे मिल कर चिल्लाते हैं एक स्वर से कि देखो, हमने तुमसे पहले ही कहा था, और तुमने हमारी नहीं सुनी। प्रेम को त्यागो। प्रेम दुख बनाता है। इसे त्यागो, उसे त्यागो, जीवन को त्यागो। इन बातों को अगर बार-बार दोहराया जाता रहता है तो उनका असर होने लगता है। लोग उनके सम्मोहन में फँस जाते हैं। तुम कहते हो कि तुम उपवास करते रहे हो, तुमने ब्रह्मचर्य व्रत का पालन किया है। उपवास का भला बुद्धत्व से क्या ताल्लुक हो सकता है? ब्रह्मचर्य का बुद्धत्व से कोई संबंध नहीं हो सकता? बेतुकी बात है। जो भी तुम करते हो जैसे कि तुम कहते हो कि मैं बुद्धत्व प्राप्त करने के लिए रात-रात भर जागता रहता हूँ। दिन में बुद्धत्व प्राप्त करने की कोशिश क्यों नहीं करते? रात भर जागने की क्या जरूरत है? ये कुदरत के विरोध में तुम कयों खड़े हुए हो? बुद्धत्व प्रकृति के खिलाफ नहीं होता। वह प्रकृति की परितृप्ति है। वह तो प्रकृति की चरम अभिव्यक्ति है। वह तो जितना संभव हो सकता है, उतनी प्रकृति है। प्रकृति के खिलाफ होने पर नहीं, बल्कि साथ होने पर ही तुम बुद्धत्व तक पहुँचते हो। वह बहाव के खिलाफ तैरने से नहीं, बल्कि उसके साथ बहने से मिलता है। नदी की यात्रा तो पहले से ही समुद्र की तरफ है। तुम्हें उसके खिलाफ तैरना शुरू करने की कोई जरूरत नहीं, जबकि तुम करते यही रहे हो। अब तुम पूछोगे कि तो मुझे क्या करना चाहिए? मैं कहूँगा कि दुख के प्रति अपनी आसक्ति त्याग दो। तुम बुद्धत्व की खोज नहीं कर रहे हो, बल्कि तुम तो दुख की खोज में लगे हुए हो। बुद्धत्व तो सिर्फ एक बहाना है। जीवन से प्रेम करो, और अधिक खुश रहो। जब तुम एकदम प्रसन्न होते हो, संभावना तभी होती है, वरना नहीं। कारण यह है कि दुख तुम्हें बंद कर देता है, सुख तुम्हें खोलता है। क्या तुमने यही बात अपने जीवन में नहीं देखी? जब भी तुम दुखी होते हो, बंद हो जाते हो, एक कठोर आवरण तुम्हें घेर लेता है। तुम खुद की सुरक्षा करने लगते हो, तुम एक कवच-सा ओढ़ लेते हो। वजह यह है कि तुम जानते हो कि तुम्हें पहले से काफी तकलीफ है और अब तुम और चोट बर्दाश्त नहीं कर सकते। दुखी लोग हमेशा कठोर हो जाते हैं। उनकी नरमी खत्म हो जाती है, वे चट्टानों जैसे हो जाते हैं। एक प्रसन्न व्यक्ति तो एक फूल की तरह है। उसे ऐसा वरदान मिला हुआ है कि वह सारी दुनिया को आशीर्वाद दे सकता है।

**– वीओएल.**

# कवि को सजग रहना चाहिए

### व्यंग्यलोक

साहित्यिक गोष्ठी में जाने का अवसर मिला। गोष्ठी अपने पीक पर थी। मैंने साहित्यकार की कुहनी मारकर कहा आंखें खोलो प्रभू! निर्लज्जता की भी हद होती है। काव्य-मीमांसा के तत्वों की व्याख्या की जा रही है। मेरी बात पर ध्यान न देते हुए साहित्यकार बोला- यार दो-तीन दिन से ठीक तरह से सो नहीं पा रहा-घर में बच्चे सोने नहीं देते। लेकिन साहित्यिक गोष्ठी का तो ख्याल करो। मैंने कहा। ख्याल करके ही तो खरार्टे नहीं ले रहा वर्ना नींद जोरों की आ रही है। फिर आए क्यों थे। सोने के लिए। साहित्यकार फिर निद्रालीन होकर साहित्य से बेखबर हो गया। मैंने फिर कहा- यार सुनो आलोचक जी काव्य मीमांसा में रोचकता की दलील दे रहे हैं। क्या साहित्यिक गोष्ठी में निद्रा लेना खुद गंभीर रोचकता नहीं है। ऐसा करो मित्र साहित्य में क्या कुछ होना है, उसे ध्यान से सुनो तथा जागने पर मुझे बता देना। मेरी खोपड़ी मत चाटो-अपना काम करो। मैं चुप रहा-बगल में देखा तो दीपंकरजी ने भी आंखें ढेर रखी थीं। मैंने दीपंकरजी को हिलाया और चौकस किया। दीपंकरजी उबल पड़े- सोते हो न सोने देते हो साहित्य साहित्य की रट लगा रखी है। भैया चुपचाप सुनो। तुम्हारे हाजमे के लिए यह जरूरी है-मेरे स्वास्थ्य के लिए सोना जरूरी है। मैं ठंड पी गया और सोचने लगा कि साहित्यिक गोष्ठी में क्यों कर आया? आलोचक को देखा तो उसका व्याख्यान जारी था। वह इस बात से बिल्कुल बे-खबर था कि अस्सी प्रतिशत संभागी निद्रा में डूब गए हैं और वे उसकी कोई बात नहीं सुन रहे। मैंने आलोचक से ही कहा-देखिए, भाषण ऐसा दीजिए-ताकि लोग जिन्दे और होश में बने रह सकें। हालात देखिए-तमाम लोग बेहोश हैं। वह मेरी कब सुनने वाला था-उसका व्याख्यान जारी था-कविता की भाषा और उसका मुहावरा अब बदल देना है। उन प्रतीकों से नये कवि को हटना होगा जो कविता को बोदा बनाते हैं। इस अर्थ में काव्यगत वैशिष्ट के लिए स्वयं कवि को सजग रहना चाहिए। हिन्दी कविता में यह समय अत्यन्त हौच-पौच का है-अब कवि और आदमी में फर्क नहीं रह गया है। मेरी राय में कवि को आदमी से अलग होना चाहिए। जहां तक काव्य मीमांसा की शैली और उसके वैविध्य का प्रश्न है-साहित्यकार की उन परिवेशगत सच्चाइयों को समालोचक को देखना चाहिए, जो कविता में उपस्थित नहीं होती। मैं बोर हो गया था-अतः बोला-यदि कविता में सच्चाई है ही नहीं तो वह खोजी कहां से जाए। देखिए आप तनिक साहित्य का ख्याल करके उसे सुपाच्य बनाये रखिए। ऐसा नहीं हो कि इस गरिष्ठता के कारण उपस्थित तमाम साहित्यकार अपना हाजमा ही खराब कर बैठें।



पूरन सरमा

# अवसाद की देवी, लीला चिटनिस के अनसुने किस्से



बॉलीवुड

लीला चिटनिस भारत की पहली शिक्षित अभिनेत्री के तौर पर विख्यात हुईं। वह शुहरत की बुलंदी पर पहुंची और लग्जरी सोप ब्रांड लक्स का पहला भारतीय चेहरा बनकर बॉलीवुड स्टारडम की अगली पीढ़ियों के लिए मिसाल स्थापित की। धारवाड़, जो उस समय बॉम्बे प्रेसीडेंसी का हिस्सा था, में जन्मीं लीला ने अपना कॅरियर थिएटर एक्टर के रूप में आरंभ किया। वह बॉम्बे स्थित अवंत-ग्रेड थिएटर कंपनी नाट्यमानवांतर के लिए काम करती थीं। उन्होंने अपना भी एक थिएटर ग्रुप नाट्यसाधना स्थापित किया, लेकिन जल्द ही बॉलीवुड की फिल्मों में काम करने लगीं। लीला ने फिल्म उद्योग में प्रवेश 1935 में किया था, लेकिन उनकी पहचान 1937 की फिल्म 'जेंटलमैन डाकू' से बनी, जिसमें उन्हें मूंछों के साथ पुरुषों के कपड़ों में पेश किया गया था। इस फिल्म का विज्ञापन इस तरह से किया गया था- 'जिसमें हैं लीला चिटनिस, बीए। स्क्रीन पर पहली सोसाइटी लेडी ग्रेजुएट, महाराष्ट्र से।' लीला ने अंग्रेजी में डिस्टिंक्शन के साथ बीए किया था, लेकिन उनका दिल तो अभिनय में था। कुछ समय अध्यापिका रहने के बाद उन्होंने अपने परिवार का खर्च उठाने के लिए एक्टिंग की ओर रुख किया। अपना अभिनय कॅरियर आरंभ करने के समय वह सिंगल मदर थीं, क्योंकि वह अपने पति डा. गजानन यशवंत चिटनिस से अलग हो गईं थीं, जिनसे उन्होंने अपनी किशोरावस्था में विवाह किया था। वह फिल्मोद्योग में न केवल गिनी चुनी तलाकशुदा अभिनेत्रियों में से एक थीं बल्कि लीड रोल करने वाली गिनती की मांओं में से भी एक थीं। लीला की प्रमुख फिल्में 1930 के दशक में आयीं, जब वह बॉम्बे टॉकीज सहित प्रमुख प्रोडक्शन हाउस में काम करती थीं। वह उन सामाजिक फिल्मों में अपने सशक्त अभिनय के लिए अधिक विख्यात थीं, जिनमें भारतीय समाज के मुद्दों को संबोधित किया जाता और संदेश दिया जाता था। हालांकि वह अक्सर 'अच्छी लड़की' की भूमिका में होती थीं, लेकिन उन्होंने बदनाम लड़की के भी रोल किये, मसलन, 'द बेटर हाफ' (1940) में उन्हें स्क्रीन पर सिगरेट पीते हुए दिखाया गया, जोकि स्क्रीन पर दिखाना सामान्य बात तो हो गई थी, लेकिन लीला से यह उम्मीद नहीं थी क्योंकि उन्होंने अपनी एक अलग छवि, रुतबा व मकाम बनाया हुआ था। 'जेलर' (1938), 'बंधन' (1940), 'आजाद' (1940) आदि सफल फिल्मों के कारण आलोचक उनकी प्रशंसा करते थे और दर्शक उनके दीवाने थे। अशोक कुमार के साथ उनकी जोड़ी 'स्टार पेअर' थी और अपने कॅरियर के चरम पर लीला को 'द स्टार ऑफ द ईयर' घोषित किया गया। लेकिन सुंदरता की प्रतीक लीला के लिए सुंदरता ही उनके पतन का कारण बनी। वह अपनी परम्परागत खूबसूरती के लिए विख्यात थीं और कहा जाता था कि बढ़ती उम्र के साथ वह अधिक सुंदर होती जा रही हैं। 1941 में वह लक्स सोप के लिए एम्बेसडर बनीं और इस भूमिका में वह पहली भारतीय अभिनेत्री थीं। इससे उनकी छवि 'स्टारडम के डिसप्ले' की बनी कि आदर्श सुंदरता का यह मानक है। नतीजतन उनकी अभिनय क्षमता (जिसकी बदौलत उन्होंने खुद को स्थापित किया था) की बजाय उनकी लुक्स पर अधिक फोकस किया जाने लगा। आलोचक उनकी लिपस्टिक, स्किन टोन, नाक-नक्श आदि पर अधिक फोकस करते और उनकी परफॉर्मेंस पर कमेंट करने की बजाय अक्सर उनके मेकअप के कम या ज्यादा होने पर कलम चलाते। लीला के साथी पुरुष एक्टर्स की तो परफॉर्मेंस पर लिखा जाता, लेकिन उनके मेकअप पर ही फिल्म की समीक्षा खत्म कर दी जाती। 'बंधन' उनकी हिट फिल्म थी, लेकिन इसकी समीक्षा के कई पैराग्राफ में आलोचकों ने उनके मेकअप की खामियां निकालीं, जबकि अशोक कुमार के परफॉर्मेंस का जिक्र किया गया। लीला सुंदरता की मिसाल अवश्य थीं, लेकिन बढ़ती उम्र उनमें एंजायटी उत्पन्न करने लगी थी। लीला ने हार नहीं मानी, वह काम करती रहीं। वह निर्माता भी बनीं और अपने बैनर 'लीला चिटनिस प्रोडक्शंस' के तहत निर्देशन भी किया। लेकिन तब तक फिल्मोद्योग ने उन्हें 'समर्पित बीमार मां' की भूमिकाओं में कैद कर दिया था, जबकि वह मात्र 39 वर्ष की थीं। अपनी इस नई भूमिका यानी रोती, उदास, बीमार मां में भी उन्होंने अपने अभिनय से प्रभावित किया। विशेषकर शहीद (1948), आवारा (1951), गंगा जमुना (1961) और गाइड (1965) में। उनकी अंतिम फिल्म 1987 में दिल तुझको दिया थी। इसके बाद वह अमेरिका चली गईं और 2003 में 94 वर्ष की आयु में वहीं उनका निधन हो गया।

**– कैलाश सिंह.**

## आप की बात

### सोलर क्रांति का दौर

ग्लोबल वार्मिंग के बढ़ते संकट में सोलर क्रांति का यह दौर पर्यावरण बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। 1991 में आर्थिक सुधारों का सूत्रपात हुआ, उद्योग फ्रेंडली नीति बनी और औद्योगिक क्रांति का दौर आया। इसके पीछे भी सरकार की नीति ही थी। आज भारत एक साथ कई क्रांति के दौर से गुजर रहा है। डिजिटल क्रांति एक मुकाम तक पहुंच गयी है। बुनियादी संरचना में क्रांतिकारी की गति यह है कि भारत का रोड नेटवर्क चीन से ज्यादा हो गया है। इसी तरह सोलार क्रांति का दौर भी हम देख रहे हैं। सरकारी प्रोत्साहन, वित्तीय सहायता, ऊर्जा आत्म निर्भरता की राष्ट्रीय आकांक्षा और स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में आगे बढ़ने की ललक ने भारत में सोलार क्रांति का आगाज कर दिया है। सौर ऊर्जा उत्पादन से आमजन को जोड़ने की मोदी सरकार की नीति के कारण देश में सौर ऊर्जा का उत्पादन बीते दस साल में बीस गुना से भी ज्यादा बढ़ा है। सौर ऊर्जा का उत्पादन बढ़ने से इसकी लागत घटी और यह उम्मीद भी बंधी है कि भारत 2030 तक 280 गीगावॉट सौर ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य प्राप्त कर लेगा। इस मुकाम तक पहुंचने में हाल ही में शुरू की गई पीएम सूर्य घर योजना मील का पत्थर साबित हो सकती है। इस योजना में छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के लिए 75,021 करोड़ मंजूर किए गए हैं। योजना के तहत एक करोड़ घरों को सौर ऊर्जा से रोशन करने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें हर महीने 300 यूनिट तक बिजली का उत्पादन होगा। योजना के तहत 1, 2 या 3 किलोवॉट तक का संयंत्र लगाने पर केंद्रीय वित्तीय मदद मिलेगी। विशेष तौर पर यह योजना 300 यूनिट से कम बिजली खर्च करने वाले घरों को ध्यान में रखकर बनाई गई है। इसमें शहरी क्षेत्र के निम्न और निम्न-मध्य वर्ग के लोगों को लक्षित किया गया है। इस योजना में 2 किलोवॉट के संयंत्र पर 60 प्रतिशत, जबकि 2 से 3 किलोवॉट की अतिरिक्त प्रणाली के लिए 40 प्रतिशत सीएफए उपलब्ध कराई जाएगी। अभी के मूल्य के अनुसार 1 किलोवॉट के सिस्टम पर 30,000 रुपये, 2 पर 60,000 रुपये और 3 किलोवॉट या उससे अधिक के सिस्टम्स के लिए 78,000 रुपये का अनुदान मिलेगा। सोलर सिस्टम लगवाने के इच्छुक लोग नेशनल पोर्टल पर सब्सिडी के लिए आवेदन कर सकते हैं और इसी पोर्टल पर वेंडर का चयन भी किया जा सकता है।

**पवन कुमार त्रिवेदी, लखनऊ.**

### कृषि क्षेत्र में बढ़ायें निवेश

किसानों की हालत सुधारने के लिए कृषि क्षेत्र में निवेश बढ़ाना जरूरी है। कृषि को लेकर लफ्फाजी अधिक और काम बहुत कम किया गया जिसका परिणाम आज देश के करोड़ों किसानों को गरीबी, कम आय और कृषि के लिए पर्याप्त बुनियादी संरचना की अनुपलब्धता के रूप में भुगतना पड़ रहा है। जिन्होंने अस्सी-नब्बे के दशक में पढ़ाई की है उन्होंने यह जरूर पढ़ा होगा कि, भारत कृषि प्रधान देश है, देश की सत्तर-अस्सी प्रतिशत लोगों की जीविका खेती पर निर्भर करती है, खेती से सर्वाधिक रोजगार मिलता है और तुर्रा यह भी कि 'देश की आत्मा गांवों में बसती है।' कृषि, गांव और ग्रामीण जीवन के बारे में इतना अच्छा-अच्छा किताबों में बताकर एक गुलाबी वातावरण जरूर बनाने का प्रयास किया गया लेकिन खुरदुरा सचाई यह है कि खेती और ग्रामीण जीवन को संवारने के लिए, कृषि के साथ भावनात्मक संबंधों को आगे बढ़ाते हुए इसे एक लाभप्रद व्यवसाय में बदलने के लिए कोई ठोस प्रयास नहीं किया गया। शायद इसके पीछे एक कारण यह भी रहा हो कि यह एक लंबी प्रक्रिया थी, इसमें भारी निवेश की जरूरत थी और एक लंबे समय तक इससे कोई सियासी लाभ भी मिलने मिलने वाला नहीं था। इस कारण कृषि की उपेक्षा हुई। लेकिन कृषि को लेकर दूरगामी नीतियों को बनाते समय बड़े सोच की जरूरत है क्योंकि सियासी सोच कृषि के विकास में बड़ी बाधा है।

**ज्ञान प्रकाश सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## रामसागर वर्मा ने बसपा छोड़ सपा का थामा दामन

गोसाईगंज-अयोध्या। गोसाईगंज विधासभा के पूर्व प्रत्यासी रह चुके बसपा के कद्दावर नेता रामसागर वर्मा ने बसपा छोड़कर सपा का दामन थाम लिया।सपा सांसद रामशिरोमणि वर्मा के सानिध्य में समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव के दिल्ली आवास पर जन्मदिन की शुभकामनाएं देने पहुंचे रामसागर वर्मा को पार्टी के मुखिया ने बाकायदा सदस्यता ग्रहण कराई।

माना जा रहा कि रामसागर वर्मा के सपा में आने सपा और मजबूत होकर उभरेगी और आने वाले चुनाव में पार्टी को इसका सीधा लाभ मिलेगा। वार्ता के दौरान रामसागर वर्मा ने कहाकि समाजवादी पार्टी के मुखिया द्वारा जो भी दायित्व मिलेगा उसका निर्वहन करते हुए पार्टी को मजबूती देने का काम किया जाएगा। मालूम हो कि रामसागर वर्मा बेदाग छवि के नेता है और बीते2022 के विधानसभा चुनाव में बसपा के टिकट पर गोसाईगंज विधानसभा से चुनाव लड़ चुके हैं। उनके सपा में आने से समाजवादी पार्टी के लोगो ने हर्ष व्यक्त किया।

# अतिक्रमण पर चला बुलडोजर



जिला संवाददाता(vol)

सोहावल- अयोध्या। क्षेत्र की ड्योढ़ी बाजार में अतिक्रमण पर प्रशासन का बुलडोजर चला। बाजार में बुलडोजर के पहुंचते ही हड़कंप मच गया और सैकड़ो की संख्या में एकत्रित व्यापारियों ने प्रशासन से स्वयं अतिक्रमण हटाने के बात रखी। गुरुवार को रौनाही-ड्योढ़ी सड़क मार्ग चैड़ीकरण के दायरे में आ रहे अतिक्रमण कारियों के दुकानों और मकानों पर बुलडोजर चलने को लेकर भारी संख्या पुलिस बल के साथ एसडीएम अशोक कुमार सैनी के साथ थाना प्रभारी रौनाही पंकज सिंह ड्योढ़ी बाजार में बुलडोजर लेकर पहुंचे। बाजार में हड़कंप मच गया। इस दौरान एक पुरानी दो मंजिला दुकान को बुलडोजर से तोड़वाकर ध्वस्त करवा दिया गया। इसके बाद सैकड़ो की

● व्यापारियों ने प्रशासन से स्वयं अतिक्रमण हटाने के बात रखी

संख्या में बाजार के व्यापारी एकत्र होकर तहसील और पुलिस प्रशासन से मिले।

प्रशासन से व्यापारियों ने कहा पीडब्ल्यूडी द्वारा सड़क निर्माण के लिए चिन्हित स्थल तक व्यापारी स्वयं मकान और दुकान को तोड़ने का काम कर रहे हैं। बचे दुकान और मकान को स्वयं व्यापारी तोड़कर सड़क सीमा से अपने मकान बाहर कर लेने की बात कही। इसके बाद व्यापारियों को दो दिन का समय देते हुए बुलडोजर को वापस करवा लिया। यही हाल रौनाही पड़ाव का भी रहा। यहां पर भी अतिक्रमण में दायरे में आने वाले दुकानदार स्वयं दुकान मकान तोड़ते दिखाई पड़े। पीडब्ल्यूडी के एई विकल्प कनौजिया ने बताया कि सड़क के दोनों तरफ साढ़े चार मीटर के अंदर बने दुकान व मकान अतिक्रमण के दायरे में आ रहे है। एसडीएम सोहावल अशोक कुमार सैनी ने कहा कि बाजार वासियों को रविवार तक का समय दिया गया है। इसके बावजूद अतिक्रमण नहीं हटा तो बुलडोजर से अतिक्रमण हटाने की कवायद की जायेगी। यह ममला मुख्यमंत्री के पास भेज दिया गया है।

## जिला अस्पताल में तैनात रहे कथित चिकित्सक विनोद सिंह लापता

जिला संवाददाता(vol)

अयोध्या। जिला अस्पताल में तैनात रहे कथित चिकित्सक विनोद सिंह का कुछ भी अता-पता नहीं है। अपने आप को रिटायर्ड जज का बेटा और आईएएस अधिकारी का भाई बताने वाला विनोद सिंह इस समय

● फर्जी डिग्री के मामले में कोई भी अधिकारी कुछबोलने को तैयार नहीं

कहां है ? किसी को जानकारी नहीं है। इसे उसका रसूख ही कहेंगे कि अभी तक न तो फर्जी डिग्री के मामले में जांच शुरू हो पाई और न हीं कोई अधिकारी खिलाफ में बोल सकता है। यही वजह है कि अस्पताल में उनके वाहन का पार्किंग स्थल आज भी बरकरार है। दीवार से उसका नाम हटाने की हिम्मत कोई भी नहीं जुटा पा रहा है। जिला अस्पताल में डीएम कार्डियोलॉजिस्ट के पद नियुक्त हुए विनोद सिंह की पोल पट्टी पोर्टल पर उनकी डिग्री लगाते समय ही खुल गई थी, जिसके बाद विनोद सिंह ने इस्तीफा दे दिया था। उसकी एमडी की डिग्री की केजीएमयू से जांच कराई गई तो फर्जी निकली। एमबीबीएस की डिग्री जांच के लिए गोरखपुर मेडिकल कॉलेज भेजी गई तो आज तक रिपोर्ट ही नहीं आई। अस्पताल में कई बार बाहर की दवाएं लिखने के मामले में विनोद सिंह को टोका गया, लेकिन जो भी रोकने जाता उसे मुंह की खानी पड़ती थी। दो-तीन मेडिकल स्टोर वाले आज भी रो रहे हैं, जिन्होंने उनसे दवा लिखाने की एवज में लाख से दो लाख रुपये की रकम पहले ही दे दी थी। अस्पताल की पार्किंग में विनोद सिंह के नाम लिखे जाने के संबंध में सीएमएस डॉ. उत्तम कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि अभी मीटिंग में हूं। बाद में बात करता हूं। अपने आप को डीएम कार्डियोलॉजिस्ट बताने विनोद सिंह गले में अक्सर सोने की मोटी चेन डाले रहता था। ऑडी, थार व वरूना जैसी लग्जरी कारें बदलकर अस्पताल पहुंचता था। वह अक्सर मरीजों को मल्टीविटमिन दवाएं ही देता था। अस्पताल के एक चिकित्सक ऐसे थे कि जो अक्सर विनोद के लाइन ऑफ ट्रीटमेंट पर अंगुली उठाया करते थे। सीएमओ डॉ. संजय जैन ने कहा कि केजीएमयू ने विनोद सिंह की एमडी की डिग्री को फर्जी करार दिया था। उनकी नियुक्ति आयोग से हुई थी। अभी कार्रवाई का कोई निर्देश नहीं आया है।

## आबकारी निरीक्षक ने शराब की बोतलों का होलोग्राम स्कैन कर जांची गुणवत्ता



बाराबंकी। अवैध शराब का धंधा करने वाले माफियाओ के खिलाफ जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर के नेतृत्व मे चलाये जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत आबकारी निरीक्षक की टीमो द्वारा सरकारी दुकानो का औचक निरीक्षण किया गया। आबकारी निरीक्षक सर्किल रामसनेहीघाट धर्मेन्द्र वर्मा की टीम ने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली देशी शराब दुकान मथुरानगर, दरियाबाद नम्बर-1, कस्बा दरियाबाद नम्बर-2, जिठौती, विदेशी शराब दुकान मथुरानगर, दरियाबाद, बेलहा नहर चैराहा, बीयर दरियाबाद, मथुरानगर, ग्राम सभा सोहिलपुर आदि दुकानो का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शराब की बोतलों को होलोग्राम स्कैन कर चेक किया गया। तथा दुकानों में सीसीटीवी कैमरों समेत स्टाक-ब्रिकी रजिस्टर को भी चेक किया। चेकिंग अभियान के दौरान आबकारी हेड़ दीवान दीप नारायण, सिपाही विशाल सिंह, दीपक मिश्रा, महिला सिपाही माधुरी तिवारी मौजूद रही।

## संदिग्ध परिस्थिति में मिला पत्रकार का शव

रामसनेहीघाट, बाराबंकी। थाना टिकैतनगर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सोनिकपूर निवासी युवा पत्रकार अजय कुमार गौतम का संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर शव लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनो में कोहराम मच गया। परिजनो ने बताया कि कल बीती रात 11 बजे अजय अपने घर से खाना खाकर थोड़ी देर में वापस आने की बात पिताजी से कहकर गया था। लेकिन सुबह तक घर वापस नहीं आया। सुबह 5 बजे लोगों ने गांव के बाहर झील के किनारे अजय को पेड़ से लटकते हुए देखा। खबर मिलते ही पूरे गांव में हड़कंप मच गया। तो वही घटना की जानकारी संबंधित पुलिस अधिकारियों को दी गई। सूचना पर क्षेत्राधिकारी जटाशंकर मिश्रा, थाना प्रभारी संजीत कुमार सोनकर ने डॉग स्क्वायड व फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुच घटना स्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। तो वही पुलिस प्रशासन का कहना है की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद घटना का खुलासा किया जायेगा।

## डॉ. डी.आर. भुवन व डॉ. अजय सिंह को मण्डलायुक्त ने किया सम्मानित



अयोध्या। शहर के प्रतिष्ठित डॉ डी आर भुवन ने देश प्रदेश व जिले का नाम रोशन किया है, श्रीलंका में हुई अंतरराष्ट्रीय एयर राइफल शूटिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता में इंडिया शूटिंग टीम के कैप्टन डॉ डी आर भुवन ने दो गोल्ड मेडल वही डॉक्टर अजय कुमार सिंह को भी दो गोल्ड मेडल प्राप्त किए हैं, अयोध्या के लोगों में खुशी की लहर, गुरूवार को मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने अपने कार्यालय में डॉ डी आर भुवन और डॉ अजय सिंह को अपने हाथों से मेडल पहनाकर कर बधाई दी। डॉ डी आर भुवन व डॉ अजय सिंह ने मण्डलायुक्त को बुके देकर स्वागत किया, डॉ भुवन ने अपनी जीत का श्रेय अपने शूटिंग कोच कप्तान दिनेश सिंह को दिया है, डॉ डी आर भुवन को अब तक 55 मेडल मिल चुके हैं वहीं डॉ ब्लॉकपीवटीवआईवहै रिंगटनगंज अयोध्या को अब तक 29 मेडल मिल चुके हैं।

## रक्तदान से बड़ा कोई सेवा नहीं: वेद गुप्ता

अयोध्या। रक्तदान से बढ़कर कोई भी सेवा कार्य नहीं, इससे एक साथ चार व्यक्तियों की जान बचाई जा सकती है। उक्त विचार सपना फाउंडेशन द्वारा स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर आयोजित रक्तदान शिविर में नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने व्यक्त किए। सोशल एक्शन फॉर प्रोग्रेसिव नेशन फाउंडेशन द्वारा प्रतिवर्ष स्वामी विवेकानंद की जयंती 12 जनवरी एवं पुण्यतिथि 4 जुलाई पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। जिला चिकित्सालय में स्थित ब्लड बैंक में आयोजित इस रक्तदान शिविर में आज 17 रक्तदानियों ने अपना रक्त देकर स्वामी विवेकानंद को श्रद्धांजलि अर्पित की । इस मौके पर फाउंडेशन की अध्यक्ष डॉ स्वदेश मल्होत्रा ने श्री गुप्ता को अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया । विशिष्ट अतिथि विदेश प्रकोष्ठ के इंजी रवि तिवारी ने सभी रक्तदानियों को अपनी शुभकामनाएं भी प्रदान की।

## अयोध्या में आठ से प्रारम्भ होगी किसान रजिस्ट्री

जिला संवाददाता(vol)

अयोध्या। किसान सम्मन निधि को और पारदर्शी बनाने तथा किसानों को सरकार की ओर से मिलने वाली विभिन्न योजनाओं का लाभ देने के लिए प्रदेश की योगी सरकार ने किसान रजिस्ट्री स्कीम लागू की है। जिले में पीएम किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त नई व्यवस्था के तहत किसानों को उपलब्ध कराई जाएगी। शासन ने इसके लिए किसान रजिस्ट्री अनिवार्य कर दी है। किसानों को 30 सितंबर तक किसान रजिस्ट्री में अनिवार्य रूप से शामिल होना होगा। अन्यथा की स्थिति मे उनकी किसान सम्मान राशि या सरकार की ओर से मिलने वाली अन्य सुविधाएं रुक सकती हैं। जिला कृषि अधिकारी अयोध्या ओपी मिश्रा ने बताया की यह एक बुनियादी रजिस्ट्री होगी। जिसमें किसानों का पूरा विवरण दर्ज होगा। किसान रजिस्ट्री, किसानों का डिजिटल डाटा बेस होगा। इसमें किसान की यूनीक आईडी बनाई जाएगी। इसके लिए खसरा खतौनी में दर्ज अभिलेख का उपयोग किया जाएगा। नई व्यवस्था के अनुसार यदि कोई किसान या उसका परिवार किसान रजिस्ट्री अभियान के तहत अपना नाम दर्ज नहीं कराता है। तो उसे भविष्य में पीएम किसान सम्मान निधि की किस्त सहित अन्य योजनाओं का लाभ नहीं मिलेगा। यही नहीं एक बार डाटा तैयार होने के बाद भविष्य में किसी भी सरकारी योजना का लाभ लेने के लिए अलग से सत्यापन नहीं कराना होगा। किसान रजिस्ट्री के माध्यम से योजनाओं का लाभ किसानों को तो मिलेगा, साथ ही किसान कृषि वैज्ञानिकों से खेती से संबंधित सलाह भी ले सकेंगे। खेत की मिट्टी और जलवायु के हिसाब से कौन सी फसल बोनी चाहिए, किस किस्म का बीज खरीदना चाहिए और बेहतर पैदावार के लिए कितना खाद, पानी और दवा की जरूरत है, इसकी जानकारी आसानी से की जा सकती है। किसान रजिस्ट्री के माध्यम से विभिन्न फसलों के संभावित उत्पादन एवं वास्तविक उत्पादन के आंकड़े भी आसानी से जुटाए जा सकेंगे। इसके अलावा कृषि उत्पादों का विपणन भी सुविधा जनक होगा। साथ ही किसानों के लिए किसान ऋण, वित्त सहित अन्य सेवा को सुगमता से कराना संभव होगा। किसान रजिस्ट्री तैयार करने का कार्य आठ जुलाई से शुरू हो जाएगा। जिला कृषि अधिकारी श्री मिश्र ने बताया की किसान रजिस्ट्री तैयार करने का कार्य आठ जुलाई से शुरू हो जाएगा। जो 30 सितंबर तक चलेगा। इस कार्य में राजस्व विभाग के लेखपाल, कृषि विभाग तकनीकी सहायक, उद्यान विभाग के कर्मचारियों का सहयोग लिया जाएगा।

## किसानों की समस्याओं को लेकर किसान सभा के पदाधिकारियों ने सौंपा ज्ञापन



बाराबंकी। किसानो की समस्याओ को लेकर अखिल भारतीय किसान सभा के तत्वाधान में महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित 7 सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। ज्ञापन मे छुट्टा जानवरों को गौ आश्रय स्थल में बंद कराने, एमएसपी गारंटी कानून लागू करने, सिंथेटिक मैथा आयात को बंद करने व लाभकारी मूल्य देने आदि प्रमुख मांग की है। राज्य परिषद सदस्य प्रवीण कुमार ने कहा सरकार फसलों के बीज का मूल्य निर्धारण करे और विक्रेताओं द्वारा की लूट की गई है उसकी जांचकर कार्यवाही करे। ज्ञापन देने वाले में जिलाध्यक्ष विनय कुमार सिंह, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला सचिव बृज मोहन वर्मा, संदीप तिवारी, मुनेश्वर प्रसाद, दीपक वर्मा, दीपक शर्मा, सुंदर सोनी, रामनरेश वर्मा, महेंद्र यादव, सच्चिदानंद श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## त्योहारों को शांति, सौहार्द से मनाने की अपील

जिला संवाददाता(vol)



बाराबंकी। आगामी त्योहारों नाग पंचमी, मोहर्रम, रक्षा बंधन व श्रावण मास के अवसर पर जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता मे कलेक्टेज्ट स्थित लोकसभागार मे जिला स्तरीय शाति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक मे जिलाधिकारी ने जनपद के नागरिकों से आपसी सौहार्द और भाईचारे की भावना के साथ त्यौहार मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि जनपद के लोगों ने हमेशा शांति बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग किया है। और हमेशा अपने शांति प्रिय होने का सबूत दिया है, उम्मीद है आगे भी ऐसा ही होता रहेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि आजकल बारिश का मौसम है और बिजली के तारों से ताजिया एवं अलम आदि को बचाने का प्रयास अपने अपने स्तर पर अवश्य करें। उन्होंने कहा की ताजिया की ऊंचाई ज्यादा ना रखें। जिससे उसे ले जाने में अवरोध उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि किसी भी धार्मिक आयोजन के दौरान सभी की प्राथमिकता होनी चाहिए कि कोई अप्रिय घटना न घटे। किसी भी प्रकार की घटना या दुर्घटना या समस्या के समाधान के लिए अपने क्षेत्र के उप जिलाधिकारी अथवा सम्बंधित पुलिस अधिकारी को तत्काल सूचना अवश्य दें। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि बिजली के तारों तथा पोल आदि के समीप से गुजरते हुए अत्यधिक सावधानी रखें तथा अपने अपने क्षेत्रों के प्रभावशाली लोग जिम्मेदार की भूमिका का निर्वहन करें और प्रशासन के साथ सहयोग बनाए रखें। उन्होंने कहा कि किसी भी नई परम्परा को शुरू करने की इजाजत नहीं दी जाएगी और निर्धारित मार्गो पर ही जुलूस का आयोजन किया जाए। बैठक मे अपर जिलाधिकारी अरुण सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी चिरंजीव नाथ सिन्हा सहित जनपद के समस्त उप जिलधिकारी, समस्त पुलिस क्षेत्राधिकारी मौजूद रहे।

## सीएचसी में अंधेरे के कारण ठप रहा मरीजों का उपचार

सोहावल-अयोध्या। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोहावल पर अंधेरे के कारण कुछ देर के लिए मरीजों का उपचार बंद रहा। जिससे नाराज फार्माशिष्ट ने सीएचसी पर होने वाली बड़ी लापरवाहियों को खुलकर उजागर किया। गुरुवार को सीएचसी सोहावल पर अचानक बिजली कट गई। इसके बाद आसमान में छाए घने बादलों वजह से कमरों में अंधेरा हो गया। जिसके चलते चिकित्सकों ने मरीजों को दवा देना और पर्चा लिखना बंद कर दिया। बिजली कटने की वजह से इमरजेंसी और जच्चा बच्चा वार्ड में भर्ती मरीज भीषण गर्मी और उमस से तड़प उठे। हालत यह रहा की गर्मी का सामना सीएससी पर तैनात फार्मासिस्ट और कर्मचारी भी ना कर सके। फार्मासिस्ट जनार्दन गौर तो गर्मी की वजह से भड़क गए और सीएचसी प्रभारी के खिलाफ जहर उगलना शुरू कर दिया। जनार्दन गौड़ ने कहा कि दस दिन से सीएचसी पर इनवर्टर खराब पड़ा है। बिजली कट जाती है। तो धुप अंधेरा हो जाता है और गर्मी से मरीज तड़पने लगते हैं। हालात यह है कि सीएचसी पर दवा स्टॉक रूम में वेंटिलेटर नहीं होने की वजह से दवाएं गुणवत्ताहीन हो रही हैं। चालीस डिग्री के तापमान में स्टॉक रूम में रही जन



स्वास्थ्य रक्षक दवाएं खराब हो रही है। सीएचसी प्रभारी दवा स्टोर में एसी लगवाने और इनवर्टर ठीक करवाने की बात अनसुनी करते है। मामला तो यहां तक बढ़ गया कि भीषण गर्मी और पर्चा न बनता देख मरीज भड़क उठे। इसके बाद जब बिजली आई। तब व्यवस्था बहाल हुई। पूंछे जाने पर सीएचसी प्रभारी प्रेमचंद भारती ने कहा कि फार्माशिष्ट का आरोप बेबुनियाद है। इनवर्टर कुछ देर के लिए खराब हुआ था। व्यवस्था थोड़ी देर बाद बहाल हो गयी।

## वृहद स्तर पर चला पौधरोपण



बाराबंकी। वन विभाग द्वारा 1 से 7 जुलाई तक चलाये जा रहे वन महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत आज जनप्रतिनिधियो द्वारा वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया गया। आज जिला पंचायत कार्यालय पर अध्यक्ष राजरानी रावत, प्रभागीय वनाधिकारी आकाश दीप बधावन, जिला पंचायत सदस्य सोनी यादव द्वारा पौधा रोपण कर पर्यावरण को स्वच्छ बनाने का संकल्प दिलाया गया। इसके अतिरिक्त विधायक हैदरगढ़ द्वारा बाबा टीकाराम धार्मिक स्थल पर जामुन व नीम का पौधा रोपण किया गया। तो वही भाजपा कार्यालय परिसर पर जिलाध्यक्ष अरविन्द कुमार मौर्य द्वारा महोगनी पौधारोपण किया गया।

## राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए स्वःनामांकन की अन्तिम तिथि 15 जुलाई निर्धारित

बहराइच। जिला विद्यालय निरीक्षण नरेन्द्र देव ने बताया कि शिक्षा मंत्रालय स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार वर्ष 2024 के नामांकन के लिए आवेदन की अन्तिम तिथि 15 जुलाई 2024 तक बढ़ा दिया गया है। राष्ट्रीय पुरस्कार हेतु अर्हता रखने वाले राजकीय/अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत प्रधानाचार्य/प्रधानाध्यापक/शिक्षक अपना ऑनलाइन स्वःनामांकन शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार की वेबसाइट नेशनल अवार्डस टू टीचर्स डाट एजुकेशन डाट जीओवी डाट इन पर 15 जुलाई 2024 तक आनलाइन नामांकन कर सकते हैं। नेशनल एवार्ड के सम्बन्ध में अन्य जानकारी जिला विद्यालय निरीक्षक, बहराइच के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

## डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिला स्तरीय समिति की बैठक

बहराइच। अपमिश्रित खाद्य पदार्थों, नकली अधोमानक एवं मिथ्या छाप औषधियों के निर्माण एवं विक्रय की प्रभावी रोकथाम हेतु जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में गत दिवस देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग की जिला स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न हुई। डीएम ने निर्देश दिया कि खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के कार्यों में पारदर्शिता, उत्तरदायित्व एवं एकरूपता लाने हेतु स्टेक होल्डर्स एवं जन सामान्य की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु कार्यशाला/संगोष्ठी के आयोजन के साथ-साथ अन्य माध्यमों के द्वारा भी प्रचार-प्रसार किया जाय।

डीएम ने निर्देश दिया कि संग्रहित नमूनों को प्रयोगशाला में जांच हेतु भेजने के उपरान्त प्रयोगशाला से समय से जांच रिपोर्ट प्रेषित किये जाने के सम्बन्ध में समय-समय पर पत्राचार करने तथा प्राप्त जांच रिपोर्ट पर की गयी अग्रिम विधिक कार्यवाहियों से भी अवगत कराये जाने के निर्देश दिये गये। न्यायिक मजिस्ट्रेट, बहराइच के न्यायालय एवं अपर जिलाधिकारी/न्याय निर्णायक अधिकारी के न्यायालय में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 अन्तर्गत विभागीय वादों को शीघ्रता से निस्तारित किये जाने हेतु प्रभावी पैरवी करने के लिए सहायक अभियोजन अधिकारी को नामित कराते हुए लम्बित वादों की सूची प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये गये।

डीएम ने निर्देश दिया कि पेयजल विक्रय एवं निर्माण प्रतिष्ठानों की नियमित जांच करते हुए, सुनिश्चित किया जाये कि जनपद में उचित गुणवत्ता के पेयजल की आपूर्ति हो। डीएम ने यह भी निर्देश दिया कि पर्वों, त्यौहार एवं विशेष आयोजनों के पूर्व एवं तत्समय आमजन को शुद्ध एवं गुणवत्तापरक खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराये जाने हेतु विभाग द्वारा नियमित रूप से जिला प्रशासन के नेतृत्व में अभियान चलाकर शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में विक्रय किये जा रहे खाद्य एवं पेय पदार्थों के साथ-साथ फल, प्रसाद एवं व्रत सम्बन्धी खाद्य पदार्थों के नमूनें संग्रहित कर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे जाएं। जिला अभिहित अधि जा चुका है। डीएम ने निर्देश दिया कि 01 अगस्त तक शेष दुकानों का भी पंजीकरण कर दिया जाय।

## बाढ़ तैयारियों एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न

बहराइच। जनपद में संभावित बाढ़ के दौरान संचालित किये जाने वाले बचाव एवं राहत कार्यों के लिए की गई तैयारियों तथा राजस्व कार्यों की समीक्षा हेतु बुधवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने तहसील प्रशासन को निर्देश दिया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान स्वास्थ्य, पशुपालन, खाद्य एवं रसद तथां बाढ़ से सम्बन्धित अन्य महत्वपूर्ण विभागों के क्षेत्रीय कर्मचारियों को साथ लेकर जाएं तथा ग्रामवासियों से संवाद कर उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त करें। यदि कहीं पर कोई शिकायत प्राप्त होती है तो उसका त्वरित समाधान कराया जाय।

डीएम ने निर्देश दिया कि बाढ़ से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों में यह सुनिश्चित कर लिया जाय कि शत-प्रतिशत पशुओं एवं बच्चों का टीकाकरण हो जाए तथा सभी कार्डधारकों को मानक के अनुसार खाद्यान्न का वितरण तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से पुष्टाहार इत्यादि का वितरण सुनिश्चित कराया जाय। डीएम ने एसडीएम को निर्देश दिया कि तहसील क्षेत्र अन्तर्गत अन्य शासकीय कार्यालयों में अधिकारियों एवं



कर्मचारियों की उपस्थिति सुर्निनिश्चत कराएं जाने हेतु औचक निरीक्षण करें।

त्हसील प्रशासन को निर्देश दिया गया कि इस प्रकार की फुलप्रूफ व्यवस्था सुनिश्चित करें कि आपदा के दौरान पीड़ित परिवारों एवं व्यक्तियों को शासन द्वारा अनुमन्य राहत एवं क्षतिपूर्ति का भुगतान प्राप्त करने में किसी प्रकार का विलम्ब न हो। सभी एसडीएम को हिदायत दी गई कि यदि तहसील क्षेत्र में कोई आपदा से कोई दुर्घटना होती है तो सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी तत्काल घटना स्थल पर पहुंचे और शासन द्वारा अनुमन्य राहत एवं सहायता प्रदान करने के साथ ही साथ मानवीय आधार पर भी पीड़ितजन की मदद की जाय।

बैठक के दौरान एसडीएम को यह भी निर्देश दिया गया कि तहसील क्षेत्र अन्तर्गत सूचना तन्त्र को मजबूत करने के लिए व्हाट्सअपग्रुप को एक्टिव किया जाय जिससे सन्देश प्रसाारित करने में कोई समस्या न आये। डीएम ने कहा कि व्हाट्सअपग्रुप सक्रिय होने से वितरीत मौसम या बाढ़ सम्बन्धी चेतावनी जैसे सन्देशों को प्रसारित करने में आसानी होगी और लोग समय रहते सुरक्षित स्थानों पर जा सकेंगे। डीएम ने यह भी कहा कि सभी अधिकारी व कर्मचारी मोबाइल पर आने वाले फोन काल अवश्य रिसीव करें। डीएम ने सचेत किया कि फोन काल रिसीव न करने की शिकायत को अत्यन्त गम्भीरता से लिया जाएगा।

डीएम ने निर्देश दिया कि वर्षा के कारण जिले के शहरी क्षेत्रों में होने वाले जलभराव का भी एसडीएम संज्ञान लें तथा आवश्यकतानुसार नगर पंचायत का सहयोग लेते हुए प्रभावित क्षेत्रों से पानी की निकासी का प्रबन्ध किया जाय। डीएम ने एसडीएम व तहसीलदारों को निर्देश दिया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान लोगों को इस बात के लिए जागरूक करें कि वर्षा ऋतु के दौरान जलाशयों, पोखरों और नदियों में नहाने से परहेज करें, विशेषकर बच्चों को जलस्त्रोतो के आस-पास न जाने दें।

ऐसे क्षेत्र जहां पर आवागमन के लिए लोगों द्वारा नावों का उपयोग किया जाय वहां पर आमजन को क्षमता से अधिक नाव में सवार न होने के लिए भी नसीहत की जाय। बैठक के दौरान राजस्व कार्यो की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये गये कि धारा 67 व 24 के वादों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाय साथ ही भूमि विवाद पंजिका को अद्यतन कर लिया जाय। डीएम ने यह भी निर्देश दिया कि कृषि विभाग से समन्वय कर अंश निर्धारण, स्वामित्व योजना एवं फार्मर रजिस्टर को भी अद्यतन कर लिया जाय।

## जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक 9 को

बहराइच। सदस्य सचिव एवं अधि.अभि. स.न.ख.-पंचम बहराइच ने बताया कि शासन द्वारा नामित उपाध्यक्ष जनपद सिंचाई बन्धु राघवेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक 09 जुलाई 2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से कल्पीपारा कालोनी स्थित सिंचाई विभाग के आफीसर्स फील्ड हास्टल में आहूत की गयी है। सदस्य सचिव ने सभी सम्बन्धित से ससमय बैठक में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की है।

## मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के लिए आवेदन आमंत्रित

बहराइच। उपायुक्त उद्योग केशव राम वर्मा ने बताया कि सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना वर्ष 2024-25 अन्तर्गत उद्योग एवं सेवा क्षेत्र की इकाईयों की स्थापना हेतु पात्रता रखने वाले इच्छुक व्यक्ति विभागीय वेबसाइट डीआईयूपीएमएसएमई डाट यूपीएसडीसी डाट जीओयू डाट इन पर आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उपायुक्त ने बताया कि आनलाइन आवेदन के पश्चात अभ्यर्थी को आवेदन की हार्ड कापी समस्त अभिलेखों के साथ जिला उद्योग केन्द्र में जमा करना होगा। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि आनलाइन आवेदन करते समय अभ्यर्थी को पासपोर्ट साइज की फोटो, प्रोजेक्ट रिपोर्ट/परियोजना समरी कार्ड, तकनीकी योग्यता प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आधार, निवास प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक, कार्य अनुभव प्रमाण पत्र, परिवार के अश्रितों की संख्या, मकान का विवरण, पापुलेशन सर्टीफिकेट तथा रू. 10 मूल्य के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र की आवश्यकता होगी। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना की पात्रता की जानकारी देते हुए उपायुक्त उद्योग ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मूल निवासी जिनकी आयु 18-40 वर्ष, न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल अथवा समकक्ष उत्तीर्ण हों तथा पूर्व में लाभार्थीपरक किसी अन्य योजना अथवा इस योजना में अनुदान प्राप्त न किया हो, आवेदन के लिए अर्ह होंगे। योजना अन्तर्गत विनिर्माण उद्योग हेतु रू. 25.00 लाख एवं सेवा उद्योग के लिए रू. 10.00 लाख का प्राविधान है।

संक्षेप

## दुष्कर्म के दो आरोपी जेल भेजे गये

**शिकोहाबाद।** थाना नसीरपुर पुलिस टीम ने दुष्कर्म के आरोप में वांछित चल रहे दो आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेश पर जेल भेजा है। प्रभारी निरीक्षक शेर सिंह ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा था। जिसके तहत थाना नसीरपुर पुलिस टीम ने चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर बृहस्पतिवार को सुबह वांछित आरोपी रमन उर्फ रिंकल व कैलाश पुत्र लोटन सिंह को नसीरपुर चौराहा से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पकड़े गये आरोपियों को न्यायालय के आदेश पर जेल भेजा है।

## बिहारीजी की शरण में पहुंचे केंद्रीय मंत्री



**मथुरा।** केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्यमंत्री बी एल वर्मा गुरुवार की सुबह वृंदावन ठाकुर श्री बांके बिहारी मंदिर दर्शनों के लिए पहुंचे। जहां भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उनका जोशीला स्वागत किया गया। तीसरी बार मोदी सरकार में मंत्री बने राज्यसभा सांसद गुरुवार की सुबह ठाकुर श्रीबांके बिहारी के दरबार में मत्था टेकने पहुंचे। जहां उन्होंने ठाकुर जी के समक्ष विधिवत पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलित किया। सेवायत गोस्वामियों द्वारा उन्हें ठाकुर जी का प्रसादी अंगवस्त्र ओढ़ाकर आशीर्वाद दिया गया। मथुरा में आयोजित पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस समारोह में शामिल होने आए श्री वर्मा ने कहा कि ठाकुर जी की कृपा से ही उन्हें मंत्री बनाकर जनता की सेवा का अवसर प्रदान किया गया है। इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी उनके साथ मौजूद रहे।

## ठगे गये रुपये पुलिस ने कराये वापस

**मथुरा।** साइबर अपराधियों ने शहर की एक युवती का परिचित बनकर खाते की जानकारी कर उसके खाते से 83,852 रुपये की धोखाधडी कर निकाल लिये। जनपद पुलिस की साइबर सैल ने जांच के बाद युवती के खाते में 45 हजार की रकम वापिस कराई है। जनपद में आये दिन साइबर अपराधियों द्वारा आम जनता को भ्रमित कर उनसे उनके बैंक खाते एवं क्रेडिट कार्ड, आदि से जुडी गोपनीय जानकारी अर्जित कर यूपीआई व अन्य के माध्यम से धोखाधडी की जा रही है। ऐसे अपराध को रोकन के लिये एसएसपी शैलेश पांडे ने थाना साइबर क्राइम को आवश्यक दिशा निर्देश दे रखे है। ऐसा ही एक मामला शहर की एक युवती ने अपने साथ हुयी धोखाधडी के संदर्भ में 3 जुलाई को ऑनलाइन दर्ज करायी गयी। शिकायत के सम्बन्ध में युवती ने बताया गया कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा कॉल कर बताया गया कि तुम्हारे पापा का मित्र बोल रहा है आपके पापा ने पैसे आपके खाते में भेजने के लिए कहा था। गलती से पैसे ज्यादा चले गये है वो पैसे वापस करदो और स्क्रीन शॉट भी भेजा। युवती ने उस पर भरोसा करके कुल 83,852 रुपये ट्रांसफर कर दिये। बाद में अपने पिता से जानकारी करने पर पता चला कि उसके साथ फ्राड हो चुका है।

# मथुरा में बारिश से चहुंओर जलभराव, घरों में घुसा पानी



**मथुरा।** ब्रज में देर रात से शुरू हुई झमाझम बारिश गुरुवार दोपहर तक होती रही। लगातार हुई बारिश ने शहर को पानी पानी कर दिया। सड़कों पर इतना पानी था कि लोग घरों से निकल भी नहीं पा रहे थे। स्कूलों की छुट्टियां कर दी गई। वहीं वृंदावन में बारिश के पानी से श्रद्धालुओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। बाइक बंद हो गई। इसके चलते लोगों को पानी में बाइकों को खींचना पड़ गया। कुछ देर बाद आसमान में छाए काले बादल बरस पड़े। मूसलाधार बारिश हुई और फिर आधा घंटे तक रिमझिम। बारिश होने से दोपहिया वाहन एवं राहगीर हाईवे अंडरपास के नीचे जमा हो गए। इससे यहां वाहन जमा होने से जाम के हालात बनते रहे। इंद्रदेव गुरुवार सुबह कान्हा की नगरी पर खूब मेहरबान रहे। करीब डेढ़ घंटे की वर्षा से समूचा शहर जलमग्न हो गया। हर मार्ग पर दो से तीन फीट तक पानी भर गया। बाहर पड़ी सिल्ट नालों में समा गई। दोपहिया वाहनों के साइलेंसर में पानी जाने से कई

वर्षा से समूचे शहर में पानी-पानी हो गया। हाईवे और सर्विस रोड पर पानी भर गया। सर्विस रोड पर डेढ़ से दो फीट पानी भर गया। इसी तरह जलभराव के लिए बदनाम भूतेश्वर रेलवे अंडरपास, नया बस स्टैंड अंडरपास, बीएसए रोड पर तीन से चार फीट पानी भर गया। ये पानी आसपास की गलियों में भी भर गया। शहर के प्रमुख बाजार कंकाली रोड, कृष्णानगर, सौंख रोड, चैक बाजार, स्वामी घाट की दुकानों में पानी घुस गया जिससे व्यापारियों को भारी नुकसान हुआ। घरों में पानी पहुंच जाने से लोगों का कीमती सामान खराब हो गया। यूं तो बुधवार से ही रुक रुककर बरसात हो रही थी, लेकिन गुरुवार की सुबह को इतना पानी बरसा कि हर सड़क तालाब बन गई। घरों से लोग निकल नहीं पा रहे थे। जब हालात बिगड़े तो सभी स्कूलों ने छुट्टी कर दी। शहर के बीच डैंपियर नगर, होलीगेट, आर्य समाज रोड, छत्ताबाजार, स्वामीघाट, चैक बाजार, मंडी रामदास, घीया मंडी, नया बसस्टैंड, पुराना बस स्टैंड, भूतेश्वर पुल, बीएसए कालेज रोड, महोली रोड, कृष्णानगर, राधानगर, महाविद्या आदि क्षेत्र की कालोनियों में जलभराव से लोग कराह उठे। चंदनवन कालोनी, मोतीकुंज, चंद्रपुरी, ब्रज नगर, सौंख अड्डा, जंक्शन रोड, बीएसए कालेज रोड, कृष्णा नगर, अंबेडकर कालोनी, गुरुनानक नगर समेत कई इलाकों में दिनभर पानी भरा रहा। घरों में भी पानी घुस गया। बरसात के कारण यातायात व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गई। सारा दिन जाम लगा रहा। स्थिति यह थी कि जो जहां था वहीं फंस गया। गाड़ियां पानी में फंस गई। फंसी गाड़ियों को निकालने के लिए जेसीबी और क्रेन तक मंगवानी पड़ी।

# हाथरस जांच की आंच शिकोहाबाद तक पहुंची

**शिकोहाबाद।** हाथरस में सत्संग के समापन के बाद मची भगदड़ की जांच शिकोहाबाद नगर तक पहुंच गई। हाथरस मामले में गठित एसआईटी टीम ने बुधवार की रात एटा चौराहा निवासी बाबा के एक करीबी व्यक्ति एवं बसपा नेता को उठाया है। इससे अब शिकोहाबाद नगर में भी कई लोगों के इस मामले में नाम सामने आ सकते हैं। यह लोग शिकोहाबाद में सितंबर माह में सत्संग कराने की तैयारियों में लगे हुए थे। जिसके लिए एक पूर्व प्रधान काफी सक्रिय थे और उन्होंने कई जगह से परमीशन और सत्संग के लिए स्थान भी चिंन्हित करने का काम किया था।

● एसआईटी टीम ने एटा चौराहा से बाबा के एक करीबी व्यक्ति को उठाया

नगर में भी भोले बाबा के कई भक्त एवं टीम में सदस्य के रूप में शामिल है। जो बाबा के करीबी भी हैं। यह लोग बाबा के सत्संग के दौरान व्यवस्थाओं को देखते हैं। एटा रोड निवासी उपेंद्र यादव को गठित टीम ने घर में दबिश देकर उठा लिया है। जिसके बाद से उक्त व्यक्ति का मोबाइल नंबर भी बंद आ रहा है। उक्त व्यक्ति के उठाये जाने के बाद से नगर में चर्चा जोरों पर है। नगर में रह रहे बाबा के भक्त और सत्संग की व्यवस्था देखने वालों में भी अब हड़कंप मचा हुआ है। लोग या तो अंडर ग्राउंड हो गये हैं अथवा घर छोड़ कर दूसरी जगह सिफ्ट हो गये हैं। जिसमें अलीगढ़ के आईजी ने प्रेस कान्फ्रेंस कर उपेंद्र यादव की गिरफ्तारी कर जेल भेजने की पुष्टि की है। वहीं एटा चौराहा निवासी उपेंद्र साकार नारायण हरि उर्फ भोले बाबा के काफी करीबी माने जाते हैं। यह बसपा सरकार के दौरान जिले में काफी अच्छी पैठ बनाये हुए थे। उन्होंने फिरोजाबाद में हुए दो सत्संग में काफी बढ़चढ़ कर भाग लिया था। बताया जाता है कि वह एक पूर्व प्रधान के साथ शिकोहाबाद में भी सितंबर माह में बाबा का सत्संग कराने की तैयारी कर रहे थे। जिसके लिए मैनपुरी रोड पर जगह भी चिंहित करने की प्रक्रिया की जा रही थी। कुछ जगह देखी भी थीं, लेकिन वहां बात नहीं बन सकी। लेकिन हाथरस में सत्संग के समापन के बाद मची भगदड़ में लगभग 129 लोगों की मौत के बाद अब बाबा और उनकी सत्संग की व्यवस्थाओं को देखने वालों पर पुलिस और शासन की नजर टेड़ी हो गई है। देखना है कि नगर से कितने लोगों पर इसकी गाज गिरती है।

इस संबंध में एसपी ग्रामीण का कहना है कि हाथरस कांड में गठित एसआईटी टीम के सदस्यों ने बाबा के सत्संग एवं कार्यक्रमों को जिले को लीड करने वाले उपेंद्र यादव को अलीगढ़ से जेल भेजा गया है।

# हाथरस हादसे के मृतकों के परिजनों को कैबिनेट मंत्री ने सौंपी सहायता राशि की चेक



**आगरा।** हाथरस के सिकंदराराऊ क्षेत्र में सत्संग कार्यक्रम के दौरान मची भगदड़ में जनपद आगरा से लगभग डेढ़ दर्जन महिलाओं की असमय मृत्यु हुई है। प्रदेश सरकार द्वारा मृतकों के परिजनों सहित घायलों को त्वरित रूप से मदद प्रदान की जा रही है। इसी श्रृंखला में उत्तर प्रदेश सरकार की महिला कल्याण एवं बाल विकास पुष्टाहार मंत्री बेबी रानी मौर्य ने अपने विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्रामीण विधानसभा के धनौली गांव पहुंची, जहां एसडीएम सदर कृष्ण कुमार सिंह एवं नायब तहसीलदार शुभ्रा अवस्थी की मौजूदगी में कैबिनेट मंत्री ने मृतक राधा पत्नी मुरारीलाल और संगीता पत्नी सुरेश कुमार के परिजनों को प्रदेश सरकार की तरफ से 2 लाख की आर्थिक सहायता राशि के चेक प्रदान किया। चेक प्राप्त करके परिवारिजन भावुक हो गये और गमगीन माहौल देखकर कैबिनेट मंत्री ने भी भावुक होकर परिजनों को सांत्वना देते हुए कहा कि विपदा की इस घड़ी में प्रदेश सरकार साथ खड़ी है। कैबिनेट मंत्री ने मृतकों के परिजनों से मौजूदा स्थिति की जानकारी प्राप्त करने के उपरांत कहा कि पीड़ित परिवारों की आगे भी यथासम्भव मदद की जाएगी। पीड़ित परिवारों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से भी मदद की जाएगी। उक्त अवसर पर ब्लॉक प्रमुख राजू प्रधान, अनिल प्रधान, मंडल अध्यक्ष फौरन सिंह राठौड़, प्रताप सिंह प्रधान, मानवेंद्र तोमर एवं सतेंद्र राजपूत आदि उपस्थित रहे।

## 3 बच्चों की मां, 5 बच्चों के पिता संग हुई फुर्र

**शिकोहाबाद।** पति से विवाद के बाद तीन बच्चों की मां अपने प्रेमी के साथ चली गई। गायब हुई विवाहिता के पिता ने थाना पुलिस को घटना की तहरीर दी है। पुलिस ने विवाहिता की तलाश शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक व्यक्ति ने लगभग चार वर्ष पूर्व अपनी बेटी का विवाह कानपुर देहात क्षेत्र में किया था। इस दौरान महिला के तीन बच्चे भी हुए। जिसके बाद पति.पत्नी के बीच विवाद होने लगा। गृह कलह के चलते विवाहिता अपने माता.पिता के घर आ गई। यहां रहकर वह जीवन यापन के लिए घर से बाहर जाकर काम करने लगी। वहीं उसकी दोस्ती एक पांच बच्चों के पिता से हो गई। दोनों के बीच प्रेम संबंध हो गए। जब इस मामले की जानकारी विवाहिता के पिता को हुई, तो उसने अपनी बेटी को दिल्ली में रिश्तेदार के यहां भेज दिया। पीड़ित पिता का आरोप है कि उसका प्रेमी वहां भी पहुंच गया। जहां से उसे वह लेकर कहीं चला गया। पीड़ित पिता ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है। पुलिस मामले की जांच करते हुए विवाहिता की तलाश कर रही है। इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

## अपर पुलिस अधीक्षक नगर ने ऑपरेशन जागृति अभियान अंतर्गत किया जागरूक

टूंडला। ऑपरेशन जागृति फेज 2 अभियान के तहत बीरीसिंह डिग्री कॉलेज प्रांगण में एसपी सिटी सर्वेश मिश्रा ने एकत्रित नगर के सभ्रांत लोगों महिलाओं बालिकाओं शिक्षक शिक्षिकाओ को ऑपरेशन जाग्रति के मूल उद्देश्यों के बारे में विस्तार से जानकारी देकर जागरुक किया गया। गुरुवार को ठा.बीरी सिंह डिग्री कॉलेज प्रांगण में महिलाओं बालिकाओं और नगर के सभ्रांत लोगों को अपर पुलिस अधीक्षक सर्वेश मिश्र ने ऑपरेशन जाग्रति के मूल उद्देश्यो झूठे मुकदमे इलॉपमेंट हिंसा की शिकार हुई महिलाओं की काउंसलिंग तथा साइबर अपराध के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई और साथ ही 1 जुलाई 2024 को लागू हुए कानून में बदलाव के बारे में अवगत कराया गया व फीडबैक भी लिया गया। कार्यक्रम में थाना टूंडला निरीक्षक अपराध कृष्णा बाल स्वरूप, महिला उप निरीक्षक अलवीना पठान आरक्षी विनीत महिला आरक्षी जावित्री आरक्षी मानिकचंद हरवेंद्र ओंकारआशीष यूनिसेफ टीम व महिलाए बालिकाएं शिक्षक शिक्षिकाएं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## विश्व सुंदरियों ने किया ताज का दीदार



**आगरा।** प्रेम की प्रतिमूर्ति ताजमहल पर गुरुवार को विश्व सुंदरियों का मेला देखने को मिला। ताजमहल को निहारने के लिए 30 देशों की लगभग 110 विश्व सुंदरियां आज ताजमहल पहुंची थीं। विश्व सुंदरियों की सुरक्षा को लेकर पर्यटन पुलिस ने पुख्ता इंतजाम कर रखे थे। सुरक्षा के घेरे में इन विश्व सुंदरियों ने मोहब्बत की निशानी ताजमहल का दीदार किया। संगमरमरी हुस्न से सजी बेमिसाल एवं अनूठी इमारत ताजमहल का दीदार करके यह विश्व सुंदरियां काफी उत्साहित नजर आईं। ताज की सुंदरता और उसकी अद्भुत वास्तुकला में सुंदरियां खो गईं और अपने आप को वाह ताज कहने से नहीं रोक पाईं। इतना ही नहीं, ताजमहल की पच्चीकारी और इतिहास को जानने में सुंदरियों ने खास रुचि दिखाई। विश्व सुंदरियों ने टूरिस्ट गाइड के माध्यम से ताजमहल के इतिहास और उसके वास्तुकला की जानकारी ली। वही एक विश्व सुंदरी का कहना था कि आज मोहब्बत की निशानी ताजमहल का दीदार किया है। विश्व के साथ अद्भुत स्मारकों में ताजमहल एक है और इसकी अपनी अलग ही बात है। उनका कहना था कि ताजमहल की खूबसूरती आंखों में एक अलग ही चमक दे जाती है। ऐसा लगता है कि ताजमहल को निहारते रहें। आज मौसम भी खुशनुमा है। ऐसा लग रहा है, जैसे ताज को निहारने के लिए आज उन्हें गॉड गिफ्ट मिला हो।

## आपसी बहस में यमुना में कूदे दो मजदूर एक की मौत

**मथुरा।** सादाबाद क्षेत्र से मजदूरी करने आए तीन युवकों में आपस में यमुना स्नान को लेकर बहस हो गई और दो युवक एक साथ यमुना में कूद गए। इनमें इनमें से एक गहरे पानी में समा गया। लगभग तीन घंटे तक पुलिस और गोताखोरों द्वारा किए गए प्रयास के बाद मृत युवक का शव यमुना से निकाला जा सका। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने मृत युवक के दोनों साथियों के हिरासत में ले लिया है। क्योंकि यह घटना के बारे में वास्तविकता नहीं बता पा रहे। सादाबाद क्षेत्र से शहर के चैक बाजार क्षेत्र में मेहनत मजदूरी के लिए रोजाना की तरह संतोष, अनमोल और राहुल लगभग एक ही उम्र के एक साथ आया करते थे। गुरुवार सुबह मथुरा में तेज वर्षा के चलते जब इन्हें काम नहीं मिला तो लगभग साढ़े आठ बजे यह स्वामी घाट क्षेत्र स्थित यमुना किनारे पहुंच गए। घटना के प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पहले स्नान जाने को लेकर तीनों युवकों में बहस हुई। बाद में अनमोल और संतोष यमुना में कूद गए इसी दौरान संतोष गहरे पानी में समा गया। जिसके चीखने की पुकारने की आवाजें सुनकर आसपास के गोताखोर मौके पर इकट्ठे हो गए और उसकी खोजबीन में जुट गए। लगभग तीन घंटे बाद इसका शव यमुना से निकाला जा सका। पुलिस के अनुसार इसके हाथ पर संतोष पुत्र लालाराम गोदा है। लगभग 26 वर्षीय इस युवक के बारे में उसके दोनों साथी वास्तविकता नहीं बता पा रहे हैं जिससे उन्हें हिरासत में ले लिया गया है।

## वृंदावन में संत प्रेमानंद ने रात्रि पदयात्रा की बंद

**मथुरा।** हाथरस में हुई घटना को वृंदावन के संत प्रेमानंद महाराज ने दुर्भाग्यपूर्ण और हृदय विदारक घटना बताते हुए रात्रि के समय अनिश्चित काल के लिए पदयात्रा बंद करने का निर्णय लिया है। उन्होंने भक्तों से रात्रि के समय संत दर्शन के लिए रास्ते में खड़े न होने और भीड़ लगाने से मना किया है।संत प्रेमानंद के रमणेरती क्षेत्र स्थित श्रीहित राधा केली कुंज आश्रम में संत के आश्रम से हाथरस घटना के बाद जारी पत्र में कहा गया है कि हाथरस में हुई घटना दुर्भाग्यपूर्ण है और हृदय विदारक है, जिसमें हम सब की संवेदनाएं उनके परिजनों के साथ हैं।

# मथुरा रिफाइनरी की सीएचटी मीट आयोजित




**मथुरा।** पर्यावरण संरक्षण, इसके लिए सतत प्रयासों व नेट जीरो के निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के उद्देश्य से देश भर की रिफाइनरियों व पेट्रोकेमिकल यूनिटों के लिए मथुरा रिफाइनरी ने दो दिवसीय बैठक का आयोजन किया।

सेंटर फॉर हाई टेक्नोलॉजी (सीएचटी) के तत्वाधान में मथुरा रिफाइनरी में दिनांक 4- 5 जुलाई 2024 को स्कोप 1 और 2 स्तर के उत्सर्जन में कटौती के उपायों में रिफाइनरी व पेट्रोकेमिकल यूनिटों के योगदान पर बैठक का आयोजन किया जा रहा है। इस बैठक में लगभग 180 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे है और अपनी अपनी संस्थाओं में स्कोप 1 और 2 उत्सर्जन को कम करने के लिए उठाए जा रहे कदमों के बारे में जानकारी साझा कर, भविष्य का मार्ग प्रशस्त कर रहे है। कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह के अवसर पर मथुरा रिफाइनरी के कार्यकारी निदेशक व रिफाइनरी प्रमुख श्री अजय कुमार तिवारी ने कहा कि पर्यावरण को बचाना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है और हम सभी के सम्मिलित प्रयास भारत के वर्ष 2070 तक नेट जीरो के संकल्प को पूरा करने में सहायक होंगे। सीएचटी के कार्यकारी निदेशक आर सी अग्रवाल ने अपने संबोधन में सभी प्रतिभागियों को व्यक्तिगत स्तर पर भी पर्यावरण के प्रति छोटे छोटे प्रयास करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि इस दो दिवसीय बैठक में सभी संस्थान के प्रतिनिधि सतत प्रयासों पर खुलकर चर्चा कर देश के विकास और स्कोप 1 और 2 उत्सर्जन को रोकने में योगदान दे सकते है।

## दो तस्कर गिरफ्तार गांजा बरामद

**मथुरा।** थाना कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध चरस की तस्करी की करने वाले दो तस्करों से 2762 ग्राम चरस नाजायज के साथ गिरफ्तार किया गया एसएसपी, मथुरा के आदेशानुसार मादक पदार्थ की तस्करी की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में एएसपी नगर व एसपी, अपराध मथुरा के कुशल निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली रवि त्यागी प्रभारी के नेतृत्व में थाना पुलिस टीम द्वारा गुरुवार मुखबिर की सूचना पर अवैध चरस की तस्करी करने वाले जोनी पुत्र विनोद, राम बाबू पुत्र स्व भूप सिंह को मय 2762 ग्राम चरस के साथ रेलवे ग्राऊण्ड के बराबर में गली के ठीक सामने टूटे पड़े रेलवे क्वार्टर की दीवार की आड से गिरफ्तार किया गया।

# 85 हजार से अधिक लाभार्थियों को मिला निःशुल्क उपचार

**आगरा।** डीएम भानु चंद्र गोस्वामी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति शहरी व ग्रामीण की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। सर्व प्रथम जिला स्वास्थ्य समिति (शहरी) की समीक्षा की गई, बैठक में जिलाधिकारी ने निष्क्रिय आशाओं की रिपोर्ट तलब की जिसमें बताया गया कि शहरी क्षेत्र में 02 निष्क्रिय आशा को चिह्नित किया गया है, जिन्हें नोटिस देने के निर्देश दिए, 9 आशाओं के रिक्त पद के सापेक्ष 8 का चयन किया गया है 1 आशा के पद पर चयन की प्रक्रिया चल रही है। बैठक में मातृ मृत्यु की समीक्षा में बताया गया कि वर्तमान में माह जून में शहरी क्षेत्र में कोई भी मातृ मृत्यु रिपोर्ट नही हुई है। बैठक में पीएम सुरक्षित मातृत्व अभियान की समीक्षा की गई, जिसमें इस्लाम नगर, मंटोला, नाई की सराय यूपीएचसी द्वारा पीएमएसएमए में शिथिलता पर नाराजगी प्रकट की गई तथा संबंधित एमओआईसी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए, सभी मलिन बस्तियों में प्राथमिकता के आधार पर एनीमिया तथा अन्य की जांच करने तथा स्वास्थ्य सेवाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के कड़े निर्देश दिए। बैठक में फैमिली प्लानिंग की समीक्षा में हरीपर्वत वेस्ट तथा मंटोला यूपीएचसी का लक्ष्य के अनुरूप न मिलने पर आगामी बैठक तक सुधार के निर्देश दिए। बैठक में यूपीएचसी में ओपीडी की समीक्षा में नगला पदी, लोहामंडी (प्रथम), नगला बूढ़ी, छत्ता, मंटोला की स्थिति संतोषजनक न मिलने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा सभी यूपीएचसी की गूगल मैपिंग कराने, मुख्य मार्ग से यूपीएचसी तक साइनेज लगाने तथा ओपीडी में आए प्रत्येक मरीज की आभा आईडी जेनरेट कराने के निर्देश दिए।

बैठक में डीएम ने स्वास्थ्य सेवाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग हेतु जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक 15 दिन पर कराए जाने हेतु सीएमओ को निर्देशित किया। बैठक में नियमित तथा सम्पूर्ण टीकाकरण की समीक्षा की गई जिसमें ताजगंज की उल्लेखनीय प्रगति पर

● जिले में 2 लाख से अधिक हैं आयुष्मान कार्ड धारक

डीएम ने प्रसन्नता प्रकट की वहीं वैभव नगर, नया घर, इस्लाम नगर में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति न होने पर नाराजगी व्यक्त की तथा टीम वर्क करने तथा आगामी बैठक तक सुधार के निर्देश दिए। तत्पश्चात डीएम ने जिला स्वास्थ्य समिति (ग्रामीण) की समीक्षा की गई, जिसमें बताया आयुष्मान भारत योजना के तहत पीएम जन आरोग्य योजना (गोल्डन कार्ड) द्वारा 2 लाख 5 हजार 152 परिवारों को आच्छादित किया है, जिसमें से अब तक 85780 लाभार्थियों को निःशुल्क उपचार की सुविधा उपलब्ध करायी गई है, डीएम ने इस योजना में आशा और आंगनबाड़ी को भी सम्मिलित करने के निर्देश दिए तथा सीएचसी वाइज डाटा निकालकर छूटे हुए पात्र व्यक्तियों को आच्छादित करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि आरोग्य मित्रों के माध्यम से अधिक से अधिक कार्ड धारकों को लाभान्वित किया जाए। जननी सुरक्षा योजना के तहत भुगतान की समीक्षा करते हुए डीएम ने सीएचसी एत्मादपुर व खन्दौली को 15 दिन में सुधार करते हुए भुगतान कराने हेतु निर्देशित किया। महिलाओं का पैसा किसी भी हालत में रूकना नहीं चाहिए उसके लिए सभी एमओआईसी व्यक्तिगत रूचि लेकर जननी सुरक्षा योजना का भुगतान शत-प्रतिशत कराना सुनिश्चित करें तथा सरोजनी नायडू मेडिकल कालेज में लम्बित भुगतान हेतु सक्षम अधिकारी को नामित करते हुए जिम्मेदारी सुनिश्चित करें, ताकि लम्बित भुगतान का निस्तारण यथाशीघ्र कराया जा सके। सिजेरियन प्रसव की समीक्षा करते हुए डीएम ने सीएमओ को निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्र में जहां भी सिजेरियन प्रसव हेतु डाक्टर तथा स्टाफ उपलब्ध है और आशा के अनुरूप कार्य सम्पादित नहीं किया जा रहा है, उन्हें सीएचसी बाह पर तैनात करते हुए ग्रामीणों को सिजेरियन प्रसव की सुविधा उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

## बसपा के प्रतिनिधि मंडल ने जाना घायलों का हाल

**मथुरा।** बसपा के प्रतिनिधि मंडल ने विगत दिन शहर के मध्य 3 वर्ष पूर्व निर्मित पानी की टंकी के गिरने से हुई दुर्घटना में दो की मौत हो गई वहीं दर्जन भर लोग घायल हो गए जिनका उपचार अस्पताल में चल रहा है इस घटना में घायल लोगों का हाल जाना और घटना स्थल का निरीक्षण कर जिला प्रशासन से और शासन से पीड़ितों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है। बहुजन समाज पार्टी का एक प्रतिनिधि मंडल जिला अध्यक्ष सत्यप्रकाश कर्दम के नेतृत्व में गत दिनों कृष्ण विहार कॉलोनी बीएसए कॉलेज के पास ओवरहेड टैंक गिरने की घटना घटित हुई थी जिसमें करीब तीन लोगों की मौत कई लोग घायल हो गए थे कई मकान क्षतिग्रस्त हुए आज पीड़ितों से बसपाइयों ने मुलाकात की जिसमें पार्टी की तरफ से हर संभव मदद की जाएगी उसमें लोकसभा प्रत्याशी चैधरी सुरेश सिंह द्वारा मृतक के बच्चों को फ्री शिक्षा देने का वादा किया गया।

# अखंड भारत के प्रबल समर्थक थे डॉ. मुखर्जी

**मथुरा।** भाजपा द्वारा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस को बलिदान पखवाडा के रूप में 23 जून से 6 जुलाई तक मनाया जा रहा है जिसके उपलक्ष्य में पार्टी द्वारा विभिन्न कार्यक्रम और अभियान आयोजित किए जा रहे हैं। गुरुवार को गोवर्धन रोड स्थित खंडेलवाल सेवा सदन में भाजपा महानगर द्वारा बलिदान पखवाड़ा पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। भाजपा महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी की अध्यक्षता में आयोजित संगोष्ठी का मुख्य अतिथि भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा ने डॉ मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।



केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा ने उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक प्रखर राष्ट्रवादी शिक्षाविद जन संघ के संस्थापक हम सबके प्रेरणा स्त्रोत और एक भारत अखंड भारत के प्रबल समर्थक थे। देश की अखंडता के लिए धारा 370 का पुरजोर विरोध किया। एक देश दो विधान नहीं चलेंगे का नारा दिया और अखंड भारत बनाने के लिये जम्मू कश्मीर की यात्रा पर गये और वहीं पर उनकी षड्यंत्र के तहत हत्या कर दी गई। उनका बलिदान आज तक रहस्य एवं जाँच का विषय रहा है। उनके बलिदान के बाद राष्ट्रवादी लोगों का नारा रहा कि जहाँ बलिदान हुए मुखर्जी वो कश्मीर हमारा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आज देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक अखंड भारत के सपने को कश्मीर से धारा 370 को हटा कर पूरा किया। आज उनके मार्ग पर भाजपा की सरकार काम कर रही है। आज भारत पीओके को लेकर अखंड भारत बनाने के लिये तैयार है। महापौर विनोद अग्रवाल ने सम्बंधित करते हुए कहा कि आज भारत विश्व पटल पर आगे बढ़ रहा है। आज देश में चहुंमुखी तरफ विकास हो रहा है। आज देश विकसित भारत और विश्व गुरु बनने के लिए आगे बढ़ रहा है। महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी ने कहा कि सभी कार्यकताओं को उनके अनुसरण मार्ग पर चलकर राष्ट्रहित कार्यों में लगना होगा तभी डॉ मुखर्जी के सपनों का भारत बनेगा। संगोष्ठी के संयोजक महानगर उपाध्यक्ष मुकेश खंडेलवाल ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर गोवर्धन विधायक मेघश्याम सिंह, ओबीसी मोर्चा क्षेत्रीय महामंत्री बबलू लोधी, क्षेत्रीय मंत्री विनोद चैधरी, पूर्व विधायक करिंदा सिंह, पूर्व महापौर मुकेश आर्यबंधु, चेतन स्वरूप पाराशर, डीएन गौतम, सांसद प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा, महानगर महामंत्री प्रदीप गोस्वामी, राजू यादव, महानगर उपाध्यक्ष श्याम सिंघल, संजय शर्मा आदि मौजूद रहे। संगोष्ठी का संचालन महानगर महामंत्री सुनील चतुर्वेदी ने किया।

# सिंचाई विभाग के कार्यालय में हुई हत्या की घटना का खुलासा

**फिरोजाबाद।** थाना टूण्डला पुलिस व सर्विलांस टीम द्वारा थाना टूण्डला क्षेत्रान्तर्गत सिंचाई विभाग के कार्यालय में हुई हत्या की घटना का सफल अनावरण करते हुए 3 अभियुक्तों को एक अंगौछा, 2 ग्लब्स, मोबाइल, 95000 रुपए व घटना में प्रयुक्त बाइक सहित गिरफ्तार किया गया।

29 जून को चौकीदार सिचाई विभाग सिचाई खंड द्वितीय उपखण्ड टूण्डला चुन्नीलाल द्वारा थाना टूण्डला पुलिस को एक अज्ञात युवक उम्र करीब 30 वर्ष के शव के होंने के सम्बन्ध में सूचना दी गयी। उक्त सूचना पर पुलिस टीम मय फील्ड यूनिट व सर्विलांस के मौके पर पहुँचे। पुलिस टीम द्वारा शव की पहचान धर्मवीर सिंह पुत्र गिर्राज सिंह निवासी ग्राम धर्मपुर पोस्ट जारखी थाना पचोखरा के रूप में की गयी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर थाना टूण्डला पर मुकदमा पंजीकृत किया। उक्त घटना के सफल अनावरण हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी टूण्डला के नेतृत्व में 3 पुलिस टीमों का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा ठोस साक्ष्य संकलन के आधार पर धर्मवीर की हत्या करने वाले 3 अभियुक्तों दीपक पुत्र विजय सिंह निवासी धर्मपुर थाना पचोखरा फिरोजाबाद भोला उर्फ मुनेश ठेनुआ पुत्र महराज सिंह निवासी नौपुरा थाना सादाबाद हाथरस लहटू उर्फ विष्णु पुत्र रनवीर सिंह निवासी नौपुरा थाना सादाबाद जिला हाथरस को नगला महादेव तिराहा के पास से गिरफ्तार किया गया। घटना का अनावरण करते हुए एसपी सिटी सर्वेश मिश्रा ने बताया कि गिरफ्तार तीनों अभियुक्तों में से मुख्य अभियुक्त दीपक पुत्र विजय सिंह निवासी धर्मपुर थाना पचोखरा फिरोजाबाद व मृतक धर्मवीर दोनों एक ही गाँव के रहने वाले दोनों करीबी दोस्त थे। और दोनों टावर कम्पनी में काम करते थे। पाँच महीने पहले दीपक ने मृतक धर्मवीर से साठ हजार रुपए उधार लिये थे जिनमें से तीस हजार वापिस कर दिए थे इसी दौरान दीपक लगभग डेढ दो लाख रुपए सट्टे में हार चुका था, उसके पास धर्मवीर को देने के लिये रुपए नहीं थे। धर्मवीर बार बार तगादा करता था और रुपए देने के लिए दबाव बना रहा था और भद्दी भद्दी गालियां देता था 26 जून को धर्मवीर ने तगादा करते हुए मां बहन की गाली दी यह बात दीपक के दिल पर लग गयी और उसने उसी समय भोला और लहटू से धर्मवीर को मारकर बदला लेने की बात कही तो दोनों ने कहा कि हम तेरा यह काम करा देंगे तो हमको क्या मिलेगा। तो दीपक ने उनसे कह कि धर्मवीर के खाते में पाँच छः लाख रुपए हैं। उसका मोबाइल व यूपीआई का पासवर्ड उसको पता है यदि तुम लोग उसकी हत्या में मेरा साथ दोगे तो मैं धर्मवीर के रूपयो में से तुम लोगो को अच्छा रूपया दे दूंगा और हत्या के लिए तैयार कर लिया। और योजनाबद्ध तरीके से 29 जून को पल्सर बाइक से टोल के पास बनकट मोड पर सिंचाई विभाग के खण्डर में ले जाकर बीयर पिलाकर अंगोछा का फंदा धर्मवीर के गले में लगाकर उसकी हत्या कर दी। दीपक ने पूरी तरह आश्वस्त होंने के लिये पास में पडी ईंट को पूरी ताकत से धर्मवीर के सिर में दे मारा और उसको मारकर अंगोछा खोल लिया। फिर हत्या में प्रयुक्त अंगोछा ईंट व ग्लब्स लपेटकर तीनों लोगों ने सिचाई विभाग के खण्डर के बाहर बनकट रोड पर पडे पाइप में छुपा दिया और जन सेवा केन्द्र पर जाकर धर्मवीर के मोबाइल से यूपीआई ट्रांजेक्शन के द्वारा धर्मवीर के खाते से 99000 रुपए ट्रांसफर किये थे। थाना टूंडला पुलिस सर्विलांस टीम द्वारा तीनों को गिरफ्तार किया है।

● रूपयों के लेनदेन को लेकर कीगयी थी मृतक धर्मवीर की हत्या

संक्षेप

## टीकेएम और आईआईएससी ने की साझेदारी

बैंगलोर। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज यह घोषणा की कि क्षमता निर्माण को बढ़ावा देने के अपने प्रयासों को जारी रखते हुए उसने मोबिलिटी इंजीनियरिंग लैब की स्थापना के लिए भारतीय विज्ञान संस्थान के साथ गठजोड़ किया है। इसके तहत कंपनी प्रयोगशाला की स्थापना में सहायता करेगी। उद्योग और शिक्षा जगत के सहयोग से वांछित पारिस्थितिकी तंत्र बनाने की आवश्यकता को समझते हुए टीकेएम ने आईआईएससी की इस अग्रणी पहल को समर्थन देने का निर्णय किया है। सीखने के क्षेत्र में इस पहल का उद्देश्य उन्नत अत्याधुनिक तकनीक के साथ-साथ उच्च-स्तरीय अनुसंधान और विकास में शिक्षण को संभव करना है जहां भविष्य की योग्यता को पूरा किया जा सकेगा। जमशेदजी नसरवानजी टाटा के दूरदर्शी प्रयासों से 1909 में भारत सरकार और मैसूर राजपरिवार के सहयोग से स्थापित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस उन्नत शिक्षा और अनुसंधान के लिए भारत के प्रमुख संस्थानों में से एक के रूप में जाना जाता है।

## अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञ भारत के फ्लैगशिप स्किलिंग प्लेटफॉर्म को एक्सप्लोर करेंगे

नई दिल्ली। कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) के तत्वावधान में राष्ट्रीय कौशल विकास निगम अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन, विश्व बैंक और यूनेस्को के सहयोग से 4 जुलाई को फ्यूचर ऑफ वर्क के लिए वर्कफोर्स तैयार करने हेतु स्किल इंडिया डिजिटल हब (सिद्ध) पर एक वेबिनार का आयोजन कर रहा है। एमएसडीई के माननीय राज्य मंत्री जयन्त चौधरी वेबिनार को संबोधित करेंगे, जिसमें लगभग 120 देश भाग ले रहे हैं और लगभग 3,000 लोग पहले ही पंजीकरण करा चुके हैं।

## बालों के लिए डायसन एयरस्ट्रेट स्ट्रेट्नर लॉन्च

नई दिल्ली। दैनिक टेक्नोलॉजी में सुधार लाने की अपनी महत्वाकांक्षा के साथ आज डायसन ने डायसन एयरस्ट्रेट स्ट्रेट्नर पेश किया, जो हवा के साथ गीली से सूखी स्ट्रेट्निंग करता है। इसमें कोई हॉट प्लेट नहीं है, इसलिए हीट डैमेज नहीं होता। विभिन्न हेयर टाईप्स के लिए बनाए गए ये स्टाईलर बॉडी और मूवमेंट में प्राकृतिक रूप से स्ट्रेट स्टाईल प्रदान करते हैं, और बालों की शक्ति और स्वस्थ लुक को बनाए रखते हैं। इसकी दोनों भुजाओं के बीच बालों पर नीचे की दिशा में उच्च दबाव की हवा पड़ती है, जो एक साथ एक ही मशीन द्वारा उन्हें सुखा भी देती है, और स्ट्रेट भी कर देती है।

## आईडेमिया ने की इलेक्ट्रिक गोल्फ कार्ट सुविधा की घोषणा

नोएडा। आईडेमिया ने नोएडा विशेष आर्थिक जोन (एनसेज) में महिलाओं के सुगम आवागमन के लिए अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक गोल्फ कार्ट्स सुविधा की घोषणा की है। आईडेमिया सिक्योर ट्रांजैक्शंस के सीईओ फिलिप ओलिवा ने एक भव्य कार्यक्रम में एनसेज के विकास आयुक्त बिपिन मेनन को ये ई-कार्ट्स सौंपे। महिला कर्मचारियों के एनसेज के भीतर सुगम परिवहन की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम, निगमित सामाजिक जिम्मेदारी को लेकर आईडेमिया की अटूट प्रतिबद्धता परिलक्षित करता है जिसके तहत कंपनी पर्यावरण के टिकाऊपन और महिलाओं की बेहतरी पर ध्यान देती है। प्रत्येक इलेक्ट्रिक गोल्फ कार्ट में 16 यात्री बैठ सकते हैं और इसे एनसेज के भीतर महिला कर्मचारियों को एक सुरक्षित, आरामदायक और कुशल परिवहन का साधन की पेशकश के लिए डिजाइन किया गया है।

## केनस्टार के बड़े अप्लायंसेज लॉन्च

नई दिल्ली। केनस्टार ने अपने सालाना व्यावसायिक सम्मेलन का आयोजन किया, जिसमें 1000 से अधिक पार्टनर्स शामिल हुए। इस एक दिवसीय कार्यक्रम के दौरान कंपनी ने भविष्य में की जाने वाली साझेदारियों एवं भावी योजनाओं पर चर्चा की। 2023-24 का कारोबारी साल केनस्टार के लिए उपलब्धियों वाला वर्ष रहा। कंपनी 55 प्रतिशत ग्रोथ के साथ 130 प्रतिशत का टारगेट हासिल करने में सफल रही। पूर्वी और पश्चिमी बाजारों में हमारा प्रभुत्व जारी है, साथ ही ओडिशा और पश्चिम बंगाल में भी हमारी स्थिति मजबूत हुई है। उत्तर भारत में बड़े कूलर की मांग बढ़ रही है। इस क्षेत्र में अग्रणी स्थिति हासिल करने की हमारी यात्रा बेहद सफल रही है। इन उपलब्धियों के साथ, हम देश में नंबर 1 एयर कूलर ब्रांड बनने की राह पर हैं।

# सेंसेक्स और निफ्टी नये शिखर पर



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 63 अंक चढ़कर नये शिखर 80,000 अंक के ऊपर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी भी रिकॉर्ड ऊंचाई पर रहा। वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख के बीच मुख्य रूप से बाजार में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली कंपनियों मसलन आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस और टीसीएस में लिवाली से बाजार में तेजी आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 62.87 अंक यानी 0.08 प्रतिशत की बढ़त के साथ रिकॉर्ड 80,049.67 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 405.84 अंक की तेजी के साथ 80,392.64 अंक तक चला गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 15.65 अंक यानी 0.06 प्रतिशत की तेजी के साथ नये शिखर 24,302.15 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 114.5 अंक चढ़कर 24,401 अंक तक पहुंचा था। सेंसेक्स के शेयरों में एचसीएल टेक्नोलॉजीज, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा मोटर्स, सन फार्मास्युटिकल्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इन्फोसिस, कोटक महिंद्रा बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा प्रमुख रूप से लाभ में रहे। नुकसान में रहने वाले शेयरों में एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो, टेक महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट और इंडसइंड बैंक शामिल हैं।

### प्रधान न्यायाधीश ने बाजार में तेजी के बीच सेबी, सैट को दी सतर्क रहने की सलाह

मुंबई। भारत के प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ ने बाजार नियामक सेबी और सैट को शेयर बाजारों में उल्लेखनीय उछाल के बीच सावधानी बरतने की बृहस्पतिवार को सलाह दी। उन्होंने अधिक न्यायाधिकरण पीठों की भी वकालत की ताकि इनकी स्थिर नींव सुनिश्चित की जा सके। प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने यहां नए प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण (सैट) परिसर का उद्घाटन करते हुए अधिकारियों से सैट की नई पीठें खोलने पर विचार करने का आग्रह किया, क्योंकि अधिक मात्रा में लेन-देन तथा नए नियमों के कारण कार्यभार बढ़ गया है। बीएसई के 80,000 अंक का आंकड़ा पार करने को उल्लास से भरा क्षण बताने वाली खबरों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं नियामक प्राधिकरणों के लिए यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल देती हैं कि जीत के बीच हर कोई अपना संतुलन व धैर्य बनाए रखे। आप शेयर बाजार में जितनी अधिक तेजी देखेंगे, मेरा मानना है कि सेबी तथा सैट की भूमिका उतनी ही अधिक होगी।

# सेबी ने शेयर ब्रोकिंग में धोखाधड़ी रोकने के लिए संस्थागत व्यवस्था को अनिवार्य बनाया

नयी दिल्ली। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने प्रतिभूति बाजार में निवेशकों के हितों की रक्षा के लिए शेयर ब्रोकिंग कंपनियों को धोखाधड़ी यानी बाजार के दुरुपयोग को रोकने और उसका पता लगाने के लिए एक संस्थागत तंत्र स्थापित करने के लिए कहा है।

सेबी ने बृहस्पतिवार को एक परिपत्र में ब्रोकिंग कंपनियों के लिए कारोबारी गतिविधियों और आंतरिक नियंत्रण की निगरानी के लिए प्रणालियां लागू करने और व्हिसल-ब्लोअर नीति की शुरुआत को अनिवार्य कर दिया है। ये सभी प्रावधान सेबी (शेयर ब्रोकर) (संशोधन) विनियम, 2024 का हिस्सा हैं जिसका उद्देश्य बाजार की अखंडता और निवेशक सुरक्षा के उच्च मानकों को सुनिश्चित करना है। नियामक ने परिपत्र में कहा है कि परिचालन के तौर-तरीकों एवं इसके



कार्यान्वयन संबंधी मानकों को ब्रोकर उद्योग मानक मंच (आईएसएफ) सेबी के परामर्श से तैयार करेगा। मानकों का कार्यान्वयन शेयर ब्रोकर के आकार पर निर्भर करेगा। 50,000 से अधिक सक्रिय विशिष्ट ग्राहक कोड (यूसीसी) वाले ब्रोकर के लिए एक जनवरी, 2025 तक इसका अनुपालन करना जरूरी है। इसके अलावा 2,001 से लेकर 50,000 तक सक्रिय यूसीसी वाले ब्रोकर को एक अप्रैल, 2025 तक इसका अनुपालन करना होगा। वहीं 2,000 तक सक्रिय यूसीसी वाले ब्रोकरों को एक अप्रैल, 2026 तक इसका अनुपालन करना होगा। इसके अलावा पात्र शेयर ब्रोकर को संचालन और ग्राहक व्यवहार की निगरानी के लिए अपने मौजूदा दायित्वों पर विचार करते हुए एक अगस्त, 2024 तक इन शर्तों का पालन करना होगा। सेबी ने शेयर बाजारों को इस परिपत्र के प्रावधानों को शेयर ब्रोकरों के ध्यान में लाने और अपनी-अपनी वेबसाइट पर भी इसका प्रचार करने का निर्देश दिया। इसने उन्हें अपने उपनियमों में संशोधन करने का भी निर्देश दिया। सेबी ने कहा कि इस परिपत्र के प्रावधान जोखिम आधारित, चरणबद्ध तरीके से लागू होंगे ताकि सभी शेयर ब्रोकर इसे सुचारू रूप से अपना सकें और प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित कर सकें।

## देश के 12 प्रमुख बंदरगाहों पर माल आवाजाही जून में 6.8 प्रतिशत बढ़ी

मुंबई। देश के 12 प्रमुख बंदरगाहों पर माल की आवाजाही जून के महीने में 6.8 प्रतिशत बढ़कर 6.90 करोड़ टन हो गई जो एक साल पहले समान अवधि में 6.46 करोड़ टन थी।

प्रमुख बंदरगाहों के शीर्ष निकाय भारतीय बंदरगाह संघ (आईपीए) की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, 10 बंदरगाहों पर माल की आवाजाही में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई जबकि दो बंदरगाहों पर गिरावट देखी गई। आंकड़ों के मुताबिक, जून माह में महाराष्ट्र स्थित जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह पर माल ढुलाई में सर्वाधिक 15.12 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इसके बाद कोचीन बंदरगाह (15.12 प्रतिशत), कामराजर बंदरगाह (10.70 प्रतिशत), दीनदयाल बंदरगाह (8.57 प्रतिशत) और न्यू मैंगलोर बंदरगाह (8.53 प्रतिशत) का स्थान रहा। देश के 12 प्रमुख बंदरगाहों में दीनदयाल (कांडला), मुंबई, मुरगांव, न्यू मैंगलूर, कोचीन, चेन्नई, एन्नोर (कामराजार), तूतीकोरिन (वी ओ चिदंबरनार), विशाखापत्तनम, पारादीप और कोलकाता (हल्दिया सहित) और जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह शामिल हैं। आईपीए के आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले महीने वीओ चिदंबरनार बंदरगाह की माल आवाजाही में 7.73 प्रतिशत और पारादीप बंदरगाह में 7.41 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

# रुपया एक पैसे टूटकर 83.50 प्रति डॉलर पर

मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के दबाव के बीच रुपया अपने शुरुआती नुकसान से उबरते हुए 83.50 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर लगभग स्थिर रुख के साथ बंद हुआ।

बाजार सूत्रों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजारों के सूचकांकों के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचने से रुपये को समर्थन मिला। इसके अलावा विदेशी पूंजी के पर्याप्त अंतःप्रवाह से रुपये कर गिरावट पर अंकुश लगा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.52 प्रति डॉलर के भाव पर खुला और सत्र के दौरान 83.48 के ऊपरी स्तर तथा 83.56 के निचले स्तर को छूने के बाद कारोबार के अंत में पिछले बंद



भाव के मुकाबले एक पैसे की गिरावट के साथ 83.50 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। बुधवार को रुपया एक पैसे घटकर 83.49 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। शेयरखान बाय बीएनपी परिबा के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा, हमें उम्मीद है कि कमजोर आर्थिक आंकड़ों और वैश्विक बाजारों में जोखिम उठाने की क्षमता में वृद्धि के बीच अमेरिकी डॉलर में नरमी के कारण रुपया थोड़ा सकारात्मक रुख के साथ कारोबार करेगा। चौधरी ने कहा, हालांकि, कच्चे तेल की ऊंची कीमतें लाभ को सीमित कर सकती हैं। कल अमेरिकी गैर-कृषि पेरोल रिपोर्ट से आने से पहले निवेशक सतर्क रह सकते हैं। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ 105.24 रहा। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.47 प्रतिशत घटकर 86.93 डॉलर प्रति बैरल रह गया।

## डाबर ग्लुकोज ने के लिए लॉन्च किया एनर्जाइज इंडिया कैंपेन

लखनऊ। डाबर की ओर से इंस्टेन्ट एनर्जी ड्रिंक डाबर ग्लुकोज ने युवाओं में खेल प्रतिभा को बढ़ावा देने तथा देश भर की स्पोर्ट्स एकेडमियों के युवा एथलीट्स को एनर्जी एवं स्टैमिना के महत्व पर जागरुक बनाने के लिए एक कैंपेन एनर्जाइज इंडिया का लॉन्च किया है।

इस कैंपेन के तहत डाबर ग्लुकोज ने आज लखनऊ की टाउन कराटे अकादमी, विष्णुपुरी कालोनी, निकट चुंगी, कानपुर रोड में एनर्जी एवं स्टैमिना मैनेजमेन्ट पर एक विशेष जागरुकता सत्र का आयोजन किया। इस मौके पर दिनेश कुमार, मैनेजर, कार्पोरेट कम्युनिकेशन, डाबर इण्डिया लिमिटेड, जसपाल सिंह, सेक्रेटरी, कराटे एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश व प्रवक्ता शारीरिक शिक्षा खालसा इंटर कालेज आदि प्रमुख लोग मौजूद थे। इस मौके पर विवान आहूजा व ईशिता को सम्मानित किया गया। सत्र के दौरान जसपाल सिंह ने एथलीट्स को बताया कि किस तरह से वे खेल के दौरान अपने प्रदर्शन को बेहतर बना सकते हैं और अपनी पूर्ण क्षमता का उपयोग कर सकते हैं। इसके साथ ही खेल में अच्छा परफोर्मेन्स देने के लिए पोषण और हाइड्रेशन बहुत जरूरी है। इस सत्र के दौरान उन्हें बताया गया कि वे किस तरह अपने स्टैमिना और धैर्य में सुधार ला सकते हैं।

# गैर-पीएलआई क्षेत्रों में विदेशी विशेषज्ञों को वीजा में सुगमता पर विचार

नयी दिल्ली। सरकार प्रमुख क्षेत्रों में गैर-पीएलआई लाभार्थियों के लिए चीन और अन्य देशों के विशेषज्ञों के लिए वीजा प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने पर काम कर रही है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

सरकार ने उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत लाभ पाने वाले उद्योगों के पेशेवरों और विशेषज्ञों के लिए वीजा प्रक्रिया को पहले ही सुव्यवस्थित किया हुआ है। उद्योग संवर्द्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव राजेश कुमार सिंह ने पीएलआई योजना के तहत चीन और अन्य देशों के लिए वीजा प्रक्रिया को सुगम बनाने के बारे में पूछे जाने पर कहा कि सरकार इस मामले पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पीएलआई लाभार्थियों के लिए पहले से ही एक सुव्यवस्थित वीजा प्रक्रिया है और इसे गैर-पीएलआई लाभार्थियों तक विस्तार देने का प्रयास किया जा रहा है। सिंह ने कहा, हम उन रणनीतिक क्षेत्रों में काम करने वाले गैर-पीएलआई लाभार्थियों तक इसका विस्तार करने की कोशिश कर रहे हैं। एक पक्ष को सब्सिडी और वीजा मंजूरी मिल रही है जबकि दूसरे को सब्सिडी नहीं मिल रही है। हमें लगा कि उसे भी कम-से-कम एक सुव्यवस्थित प्रक्रिया मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार पीएलआई क्षेत्रों में गैर-पीएलआई लाभार्थियों के लिए भी इसी तरह की सुव्यवस्थित प्रक्रिया तैयार करने की प्रक्रिया में है। डीपीआईआईटी सचिव ने कहा, हालांकि, इसपर अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है, लेकिन हम उस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। हमें उम्मीद है कि यह हो जाएगा। उन्होंने कहा कि शुरुआत में सुव्यवस्थित प्रक्रिया 14 पीएलआई क्षेत्रों के लिए होगी। इस संबंध में अंतिम फैसला गृह मंत्रालय और विदेश मंत्रालय लेंगे। केंद्र सरकार ने वर्ष 2021 में घरेलू विनिर्माण को प्रोत्साहन देने के लिए पीएलआई योजना की शुरुआत की थी। पीएलआई योजना के दायरे में अन्य क्षेत्रों को शामिल किए जाने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि आंतरिक परामर्श होते रहते हैं।

## क्रॉप इंश्योरेन्स वीक जागरूकता अभियान शुरू

मुंबई। एसबीआई जनरल इंश्योरेन्स ने आगामी खरीफ सीजन के लिये क्रॉप इंश्योरेन्स वीक जागरूकता अभियान शुरू किया है। कंपनी फसल बीमा के फायदों के बारे में जागरुकता बढ़ाने और इसे प्रमोट करने के लिए जमीनी स्तर की कई गतिविधियों में शामिल होगी। इस कैम्पेन के तहत, एसबीआई जनरल इंश्योरेन्स ने सात राज्यों में विभिन्न गतिविधियों से जुड़ाव बनाया है। यह राज्य हैं महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, उत्तराखण्ड, ओडिशा, असम और तमिलनाडु। इसमें प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के 48 जिले आते हैं। क्रॉप इंश्योरेन्स अवेयरनेस वीक के दौरान एसबीआई जनरल जमीनी-स्तर की विभिन्न गतिविधियों का संचालन करेगी। इनमें फसल बीमा पाठशाला, रैलियाँ, नुक्कड़ नाटक, किसान मेले, स्कूल और कॉलेजों में शैक्षणिक कार्यशाला और महिला किसानों के लिये विशेष सत्र शामिल हैं।

## सोना मजबूत, चांदी में 1,200 रुपये की उछाल

नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूत रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोना 530 रुपये की तेजी के साथ 73,080 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ।

पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसके अलावा चांदी की कीमत भी 1,200 रुपये बढ़कर 92,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। पिछले सत्र में यह 91,300 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। दिल्ली के बाजारों में हाजिर सोने की कीमतें (24 कैरेट) 73,080 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहीं, जो पिछले बंद भाव से 530 रुपये अधिक है। बाजार सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी के स्थानीय बाजारों में सोना 74,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा। चांदी 92,300 रुपये प्रति किलोग्राम पर रही। वैश्विक बाजारों में कॉमेक्स में हाजिर सोना 2,355 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद भाव से 16 डॉलर अधिक था। इसके अतिरिक्त चांदी की कीमत पिछले सत्र के 29.80 डॉलर प्रति औंस के मुकाबले बढ़कर 30.25 डॉलर प्रति औंस हो गई। अमेरिका में कमजोर आर्थिक आंकड़ों के कारण फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की संभावना बढ़ गई है, डॉलर सूचकांक में गिरावट आई है और औद्योगिक धातुओं में तेजी है।

## कृषि एवं मैपिंग एप्लीकेशंस के लिए देशज ड्रोन लॉन्च

नई दिल्ली। ऑप्टिमस इन्फ्राकॉम लिमिटेड की अनुषंगी ऑप्टिमस अनमैन्ड सिस्टम्स (ओयूएस) ने कृषि एवं मैपिंग वर्ग में ड्रोन की अपनी रेंज आज लांच की जो भारत में डिजाइन एवं विनिर्मित कलपुर्जों से युक्त है। अनूठे एवं किफायती मूल्य वाले ड्रोन के इस पोर्टफोलियो को नई दिल्ली के प्रगति मैदान में चल रहे पांचवे ड्रोन इंटरनेशनल एक्सपो में प्रदर्शित किया जा रहा है। ऑप्टिमस अनमैन्ड सिस्टम्स (ओयूएस) लक्षित बाजारों तक पहुंचने के लिए सेवा के तौर पर ड्रोन रणनीति अपना रही है और वह वर्ष 2025 के अंत तक 5,000 ड्रोन के बेड़े का प्रबंधन करने के लिए करीब 6000 पायलटों को प्रशिक्षित करेगी। ऑप्टिमस इन्फ्राकॉम इस परियोजना में कैलेंडर वर्ष 2025 के अंत तक करीब 140 करोड़ रुपये का निवेश करेगी और इसने करीब 600 करोड़ रुपये से लेकर 900 करोड़ रुपये तक इस सेवा से आय का लक्ष्य रखा है।

पेज एक का शेष

## टीम के विजय

शर्मा की अगुवाई वाली टीम नई दिल्ली से देर से यहां पहुंची, जिससे परेड सात बजकर 30 मिनट के बाद ही शुरू हो पाई। इस विजय जुलूस का साक्षी बनने के लिए हजारों की संख्या में क्रिकेट प्रेमी मरीन ड्राइव पर पहुंच गए।

भारतीय टीम बारबाडोस से सुबह नई दिल्ली पहुंची थी जहां उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इसके बाद टीम दोपहर बाद तीन बजकर 42 मिनट पर ही मुंबई के लिए रवाना हो पाई। वानखेड़े स्टेडियम को प्रशंसकों के लिए खोल दिया गया और कुछ मिनट में ही स्टेडियम खचाखच भर गया। स्टेडियम के गेट को शाम पांच बजे के लगभग बंद कर दिया गया और कई प्रशंसक बाहर इंतजार करते रह गए। भारतीय टीम विस्तारा के विमान से छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल 2 पर पहुंची, जहां उसे वाटर सैल्यूट दिया गया। इसके साथ ही यहां पहुंचे क्रिकेटप्रेमियों और मीडियाकर्मियों का लंबा इंतजार भी खत्म हुआ। रुक-रुक कर हो रही बारिश, अत्यधिक उमस और आस-पास के इलाकों में हज़ारों लोगों के आने की वजह से वानखेड़े स्टेडियम के गेट बंद कर दिए गए। जो लोग वानखेड़े के अंदर पहुंचने में सफल रहे वे भोजन और पानी की कमी के बावजूद अपनी सीटों पर जमे रहे।

## पीएम मोदी से

थी। खिलाड़ी अपने होटल में ही रुके थे जिसके बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने वापसी के लिए विशेष उड़ान का इंतजाम किया। मोदी ने खिलाड़ियों से मुलाकात के बाद एक्स पर एक पोस्ट में कहा, हमारे चैंपियंस के साथ एक शानदार मुलाकात। 7, लोक कल्याण मार्ग में विश्व कप विजेता टीम की मेजबानी की और प्रतियोगिता के दौरान उनके अनुभवों पर एक यादगार संवाद किया। नाश्ते के लिए प्रधानमंत्री आवास पहुंचने से पहले टीम इंडिया का हवाई अड्डे पर जोरदार स्वागत किया गया। कई खिलाड़ियों ने प्रधानमंत्री से मुलाकात पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की और विभिन्न सोशल मीडिया मंचों पर तस्वीरें भी साझा की तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने अपनी और अपनी पत्नी संजना गणेशन की एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें मोदी उनके 10 महीने के बेटे अंगद को गोद में लिए हुए थे और इस पल का आनंद ले रहे थे।

कुलदीप यादव ने भी अपनी बातचीत की तस्वीरें साझा कीं। मोदी द्वारा गले लगाए जाने के दौरान वह भावुक होते दिखे तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और उनके माता-पिता ने मुस्कुराते हुए मोदी के साथ तस्वीरें खिंचवाई। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट पर कहा, हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी से मिलना कितना बड़ा सम्मान है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल मुकाबले में 59 गेंद में 76 रन की पारी खेलने वाले विराट कोहली ने कहा, हमें प्रधानमंत्री आवास पर आमंत्रित करने के लिए शुक्रिया सर। प्रधानमंत्री कार्यालय ने इससे पहले एक मिनट से अधिक समय का एक वीडियो साझा किया जिसमें खिलाड़ियों को मोदी के इर्द-गिर्द बैठे और बातचीत करते हुए देखा गया।

## यूपी : अलग-अलग

में दिल्ली-लखनऊ राजमार्ग स्थित मूंढापांडे में बृहस्पतिवार की सुबह रोडवेज बस ने एक कार को टक्कर मार दी, जिससे इस हादसे में कार में सवार पांच लोगों की मौत हो गयी। मरने वालों में शामिल दो लोग हज करके वापस लौटे थे। पुलिस ने इसकी जानकारी दी।

बांगरमऊ (उन्नाव) के पुलिस क्षेत्राधिकारी अरविंद कुमार ने बृहस्पतिवार को बताया कि बांगरमऊ संडीला मार्ग पर बेहटा मुजावर क्षेत्र में बुधवार रात करीब दो बजे यह दुर्घटना हुई। उन्होंने बताया कि बांगरमऊ की ओर से आ रहा चावल से लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे एक झोपड़ी पर पलट गया। इस हादसे में झोपड़ी में सो रही सरला (35) और उसके बेटे करण (15) तथा विक्की (13) ट्रक के नीचे दब गये। पुलिस ने तीनों को बाहर निकलवाकर अस्पताल पहुंचाया जहां तीनों को मृत घोषित कर दिया गया। हादसे के बाद ट्रक चालक भाग गया। उसकी तलाश की जा रही है। शवों को पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है।

## हेमंत सोरेन फिर

है और सभी लोग उसे देख सकते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि वह अपने कर्तव्यों का पालन पूरी प्रतिबद्धता के साथ करेंगे। जनता को संबोधित एक वीडियो संदेश में हेमंत सोरेन ने कहा कि विपक्ष ने उनके खिलाफ साजिश रची और वे अपने नापाक इरादों में कामयाब भी हो गए जिसके चलते उन्हें करीब पांच महीनें सलाखों के पीछे गुजारने पड़े। सोरेन ने वीडियो में कहा, मुझे 31 जनवरी को गिरफ्तार किया गया .....मैंने आपको एक संदेश दिया था कि कैसे विपक्ष ने मेरे खिलाफ जाल बिछाया और कैसे वे अपने नापाक खेल में कामयाब हुए। उन्होंने मुझे लंबे समय तक सलाखों के पीछे रखने की कोशिश की लेकिन मैंने कानूनी लड़ाई का रास्ता चुना। आपने सड़कों पर उतरकर मेरा समर्थन किया। अंततः न्याय हुआ और मैं बेदाग बाहर आया।

झामुमो नेता ने कहा कि उन्हें 2019 में जनता की सेवा करने का मौका मिला था लेकिन षड्यंत्रकारियों को यह हजम नहीं हुआ कि एक आदिवासी युवक कैसे इतनी ऊंचाई तक पहुंच सकता है और आखिरकार 31 जनवरी को झूठे आरोपों पर मुझे हटा दिया गया। भगवान के घर देर है, अंधेर नहीं है। सोरेन ने कहा कि वह झारखंड के लोगों की पूरे समर्पण के साथ सेवा करने के लिए तैयार हैं। पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अपनी शुभकामनाएं दीं। झामुमो विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि राज्य में कल्याणकारी कार्यों में तेजी लाई जाएगी। हेमंत सोरेन के कैबिनेट के बारे में अभी कोई फैसला नहीं लिया गया है। मंत्रिपरिषद के बारे में किए गए सवाल पर कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि हेमंत सोरेन कैबिनेट में पार्टी की नुमाइंदगी का फैसला आलाकमान द्वारा किया जाएगा। मीर ने कहा कि कांग्रेस अभी तय करेगी कि कैबिनेट में पार्टी की ओर से कौन शामिल होगा। उन्होंने कहा, पार्टी हाईकमान इस पर अंतिम फैसला करेगी। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा था, "झारखंड में चंपई सोरेन युग खत्म हो गया है। परिवारवादी पार्टी में, परिवार के बाहर के लोगों का कोई राजनीतिक भविष्य नहीं है। मैं चाहता हूं कि मुख्यमंत्री भगवान बिरसा मुंडा से प्रेरणा लें और भ्रष्ट हेमंत सोरेन जी के खिलाफ खड़े हो जाएं।

## किसी भवन के

के लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में यह प्रयास अत्यंत उपयोगी होगा। मुख्यमंत्री गुरुवार को नगर विकास विभाग के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक कर विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि नगरों में वाहनों की पार्किंग एक चुनौती बनती जा रही है। इसके समुचित समाधान के लिए शासन, प्रशासन और जनता को मिलकर काम करना पड़ेगा। इसे सुनिश्चित करना ही होगा कि वाहन तय पार्किंग स्थल पर ही खड़े हों, सड़क किनारे नहीं। आवश्यकता पड़े तो इंफोर्समेंट की कार्रवाई भी की जाए। उन्होंने कहा कि पार्किंग के लिए मल्टीलेवल पार्किंग प्रणाली उपयोगी सिद्ध हो रही है। मल्टीलेवल पार्किंग में कॉमर्शियल स्पेस जरूर रखें। नए पार्किंग स्थल के लिए स्थानीय आवश्यकताओं के अध्ययन करने के उपरांत ही कार्ययोजना तैयार करें। भविष्य के दृष्टिगत बेहतर पार्किंग सुविधा के लिए 'पार्किंग स्थल नियम' तैयार किये जाएं। यह सुनिश्चित किया जाए कि कहीं भी सड़क किनारे बाइक, कार, टैक्सी की पार्किंग न हो। स्ट्रीट वेंडरों को एक जगह नियोजित करें। अवैध टैक्सी स्टैंडों पर तत्काल कार्रवाई की जानी चाहिए। नगरीय परिवहन में इलेक्ट्रिक बसों के उपयोग को प्रोत्साहित करें। सीएम ने कहा कि जलजमाव का सबसे बड़ा कारण है नालों, नालियों पर किया गया अतिक्रमण। नालियों, नालों पर जहां भी कहीं अतिक्रमण है, जनता के साथ संवाद बनाकर समाधान निकालें। कार्रवाई के समय इसका ध्यान जरूर रखें कि। संबंधित परिवार को मकान के भीतर आने-जाने में अनावश्यक असुविधा न हो। उन्होंने निर्देश दिए कि नगरीय क्षेत्रों में बेतरतीब लगे विज्ञापन होर्डिंग न केवल नगर की सुंदरता खराब करते हैं बल्कि आए दिन दुर्घटना का कारक बन रहे हैं।

## चलेगा 'एक पेड़

व्यक्ति 'वृक्षारोपण महाभियान' का हिस्सा बनकर 20 जुलाई को अपनी मां के नाम पर एक पेड़ अवश्य लगाए। इसके लिए प्रदेश की नर्सरियों में हमने 54 करोड़ पौधे भी तैयार किए हैं। इनमें पर्यावरण के लिए उपयोगी हर प्रकार के पौधे (पीपल, पाकड़, नीम, देशी आम, जामुन, अमरुद, शीशम, सागौन) आदि हैं। सीएम योगी ने बताया कि पीएम आवास योजना के लाभार्थियों के घर पर निःशुल्क सहजन का पौधे उपलब्ध करा रहे हैं। सहजन हर किसी के लिए बहुत उपयोगी है। इसकी फली की सब्जी या सूप के उपयोग से कुपोषण दूर हो सकता है। हम लोगों ने दो वर्ष पहले भी पीएम आवास योजना के हर लाभार्थी के घर पर सहजन का पेड़ लगाया था। यह अब काफी बड़े भी हो चुके हैं। इस बार फिर इस अभियान को आगे बढ़ाएंगे। हमारे पास सहजन के लगभग 55 लाख पौधे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अलग-अलग वैरायटी के पौधे पूरे प्रदेश में लगाए जाएंगे। इसके तहत व्यापक अभियान चलाकर ग्राम पंचायतों, नगर निकायों, पार्कों, सड़क के किनारे, खाली स्थान पर पौधरोपण किया जाएगा। सीएम ने कहा कि प्रदेशवासी वन महोत्सव के साथ-साथ वृक्षारोपण महाभियान का हिस्सा बनकर पर्यावरण की चुनौती का सामना करने के लिए आगे आएंगे, इस विश्वास के साथ 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम लखनऊ में किया गया है। सीएम योगी ने कहा कि इस महाभियान में 30-35 करोड़ पौधरोपण करेंगे। यह कार्यक्रम अभी से प्रारंभ है। 20 जुलाई को रिकॉर्ड पौधरोपण कर वृक्षारोपण महाभियान के महापर्व में हर कोई हिस्सा लेगा। इन पौधों की देखभाल हो सके, इसके लिए भी समय-समय पर कार्यक्रम चलेंगे। सीएम ने आग्रह किया कि जो व्यक्ति पेड़ लगाए, वह उसकी सुरक्षा भी करे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत लाल चंदन का पौधा लगाया। सीएम ने सभी लोगों से भी इस अभियान के तहत पौधरोपण की अपील की। इस दौरान वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना, अपर मुख्य सचिव (वन) मनोज कुमार सिंह, प्रमुख सचिव (मुख्यमंत्री) संजय प्रसाद, प्रधान मुख्य वन संरक्षक व विभागाध्यक्ष सुधीर कुमार शर्मा, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य जीव) संजय श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## असम में बारिश

भूस्खलन और तूफान में मरने वालों की संख्या बढ़कर 56 हो गई है तथा तीन अन्य लोग लापता हैं। बाढ़ के कारण बारपेटा, विश्वनाथ, कछार, चराईदेव, चिरांग, दारांग, धेमाजी, डिब्रूगढ़, गोलाघाट, जोरहाट, कामरूप मेट्रोपोलिटन, कार्बी आंगलोंग, करीमगंज, लखीमपुर, माजुली, मोरीगांव, नगांव, नलबाड़ी, शिवसागर, सोनितपुर जिले प्रभावित हैं। असम में जारी बाढ़ के संकट के कारण धुबरी में सबसे जूयादा 2.23 लाख प्रभावित हैं, इसके बाद दरांग में लगभग 1.84 लाख लोग और लखीमपुर में 1.66 लाख से जूयादा लोग बाढ़ के पानी में फंसे हुए हैं। ब्रह्मपुत्र नदी निमाटीघाट, तेजपुर, गुवाहाटी, ग्वालपाड़ा और धुबरी में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है।

## मुख्य आयोजक

पर 1 लाख का इनाम भी घोषित किया है। देव प्रकाश मधुकर हाथरस के मोहल्ला दमदमपुरा की न्यू कॉलोनी में रहता है। वह पंचायती राज विभाग में इंजीनियर है। घटना के बाद देव प्रकाश मधुकर के घर पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। मगर, देव प्रकाश के घर पर ताला लगा था। वह अपने पूरे परिवार के साथ फरार है।




# देश में विश्व विजेताओं का विजय उत्सव


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी टी-20 वर्ल्ड कप जीतने की बाद कप्तान रोहित शर्मा को बधाई देते



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी टीम के खिलाड़ियों से बातचीत करते



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले रविन्द्र जडेजा


नई दिल्ली में हवाई अड्डे पर टीम इंडिया के पहुंचने के बाद वाटर कैनन सैल्यूट देते फायरकर्मी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हाथ मिलाते विराट कोहली

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। टी20 विश्व कप जीतकर भारतीय क्रिकेट टीम बृहस्पतिवार को विशेष विमान से स्वदेश लौट आई। लगातार बूंदाबादी के बीच हवाई अड्डे पर प्रशंसकों ने खिलाड़ियों का गर्मजोशी से स्वागत किया और इस दौरान भारी सुरक्षा व्यवस्था भी रही जिससे प्रंशसक खिलाड़ियों के करीब नहीं पहुंच सके।

खिलाड़ियों की एक झलक पाने के लिए यहां इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे सैकड़ों प्रशंसक मौसम की परवाह किए बिना विभिन्न नारे लिखे बैनर और राष्ट्रीय ध्वज लहरा रहे थे। उन्होंने खिलाड़ियों को बधाई दी। पिछले शनिवार को टी20 विश्व कप के फाइनल में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर खिताब अपने नाम किया। वर्ष 2011 में जीते पिछले विश्व कप का जिक्र करते हुए एक प्रशंसक ने कहा हम पिछले 13 साल से इस पल का इंतजार कर रहे थे। टीम ने विश्व कप जीतकर हमें गौरवांवित किया है। उन्होंने दावा किया कि वह सुबह करीब साढ़े चार बजे से हवाई अड्डे पर मौजूद हैं। एअर इंडिया का विशेष विमान एआईसी24डब्ल्यूसी एयर इंडिया चैम्पियंस 24 विश्व कप बुधवार को भारतीय समयानुसार सुबह चार बजकर 50 मिनट पर बारबाडोस से रवाना हुआ और 16 घंटे बिना रुके यात्रा करने के बाद बृहस्पतिवार सुबह छह बजे (भारतीय समयानुसार) दिल्ली पहुंचा।

बारबाडोस में तूफान बेरिल के कारण विमानों की आवाजाही पूरी तरह बंद होने के कारण भारतीय क्रिकेट टीम खिताब जीतने के तुरंत बाद स्वदेश नहीं लौट सकी। इस दौरान पूरी टीम अपने होटल में रुकी रही। भारतीय टीम, सहयोगी स्टाफ, खिलाड़ियों के परिवार और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के कुछ अधिकारियों के अलावा टूर्नामेंट कवर करने गए भारतीय मीडिया के कुछ सदस्य भी विमान में सवार थे। हवाई अड्डे पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए भारी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी लेकिन इससे प्रशंसकों का उत्साह कम नहीं हुआ। उत्साह से लबरेज प्रशंसक स्टार बल्लेबाज विराट कोहली, कप्तान रोहित शर्मा और निवर्तमान मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के पोस्टर लेकर नारे लगा रहे थे। खिलाड़ियों को होटल ले जाने के लिए टी थ्री टर्मिनल के बाहर दो बसें खड़ी थी। होटल से वे सुबह नौ बजे के आसपास प्रधानमंत्री के आवास पर स्वागत समारोह के लिए जाएंगे। आव्रजन औपचारिकताएं पूरी करने के बाद दल के सदस्य एक-एक करके या दो-दो करके बाहर निकले। थके हुए लेकिन उत्साहित खिलाड़ियों ने प्रतीक्षा कर रहे प्रशंसकों का हाथ हिलाकर और गर्मजोशी से मुस्कुराते हुए अभिवादन किया। फाइनल में डेविड मिलर का शानदार कैच पकड़कर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले सूर्यकुमार यादव नारों का जवाब देने में सबसे अधिक उत्साहित थे। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने प्रशंकों को सलाम किया।

## संक्षेप

### त्वेसा संयुक्त 24वें और दीक्षा संयुक्त 46वें नंबर पर

लंदन। भारतीय महिला गोल्फर त्वेसा मलिक संधू यहां अरामको टीम सीरीज लंदन के पहले दौर में इवन पार 73 के कार्ड से संयुक्त 24वें स्थान पर रहीं। उनकी साथी भारतीय दीक्षा डागर दो ओवर 75 के कार्ड से संयुक्त 46वें स्थान पर बनी हुई हैं जबकि प्रणवी उर्स ने सात ओवर 80 का निराशाजनक कार्ड खेला जिससे उनके कट में प्रवेश की संभावना नहीं है। दीक्षा अगले हफ्ते मेजर एवियन चैम्पियनशिप में हिस्सा लेंगी, उन्होंने तीन बर्डी लगायीं जबकि तीन बोगी और एक डबल बोगी की।

### डोप जांच में विफल रही 400 मी धाविका दीपांशी नाडा ने किया निलंबित

नयी दिल्ली। नाडा ने हाल में राष्ट्रीय अतंर राज्यीय चैम्पियनशिप में रजत पदक जीतने वाली भारत की शीर्ष महिला 400 मीटर धाविका दीपांशी को डोप जांच में विफल होने के कारण निलंबित किया। दीपांशी (21 साल) ने शुक्रवार को पंचकुला में महिलाओं के 400 मीटर फाइनल में किरण पहल (50.92 सेकेंड) के बाद 52.01 सेकेंड के समय से दूसरा स्थान हासिल किया था। टूर्नामेंट के दौरान लिये गये डोप नमूने में एनाबोलिक स्टेरायड मिला है। ये नमूने 27 जून को (हीट रेस के बाद या सेमीफाइनल में) लिये गये। राष्ट्रीय अंतरराज्यीय चैम्पियनशिप (27 से 30 जून) में यह पहला डोप पॉजिटिव मामला सामने आया है जो पेरिस ओलंपिक के लिए अंतिम क्वालीफाइंग टूर्नामेंट भी था। दीपांशी राष्ट्रीय शिविर में ट्रेनिंग नहीं करतीं। टूर्नामेंट के दौरान लिये गये डोप नमूने में एनाबोलिक स्टेरायड मिला है। ये नमूने 27 जून को लिये गये।

## विश्व विजेताओं का प्रशंसकों ने गर्मजोशी से किया स्वागत








**एजेंसी**

भारतीय टीम के विशेष विमान से, चार जुलाई (भाषा) यह संभवत पहला अवसर था जबकि बारबाडोस से नई दिल्ली तक विमान ने सीधी उड़ान भरी, लेकिन 14000 किलोमीटर की दूरी तय करने वाली यह उड़ान विशेष थी क्योंकि इसमें टी20 विश्व कप की विजेता भारतीय टीम सवार थी। लंबे इंतजार के बाद एयर इंडिया का विशेष विमान बुधवार को स्थानीय समयानुसार सुबह दो बजे ग्रांटली एडम्स अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा तो सभी के चेहरे खिल गए। यह विमान भारतीय टीम को स्वदेश ले जाने के लिए न्यूयॉर्क से यहां पहुंचा था। तूफान बेरिल के कारण बारबाडोस से कई उड़ाने रद्द कर दी गई थी और ऐसे में भारतीय टीम के लिए इस विशेष विमान की व्यवस्था की गई। इस बोइंग 777 विमान को देखकर हवाई अड्डे के कई कर्मचारी भी हैरत में पड़ गए थे। ग्रांटली एडम्स के एक अधिकारी ने कहा, मैंने यहां इससे पहले इतना बड़ा विमान उतरते नहीं देखा। स्थानीय समयानुसार सुबह चार बजे खिलाड़ी, सहयोगी स्टाफ के सदस्य और मीडियाकर्मी विमान में सवार हुए जिसके बाद अगले 16 घंटों तक चलने वाले जश्न की शुरुआत हुई। भारतीय टीम ने शनिवार को दक्षिण अफ्रीका को हराकर आईसीसी ट्रॉफी जीतने के लंबे इंतजार को समाप्त किया था। विमान में सवार प्रत्येक व्यक्ति जीत के जश्न में डूबा था और जल्द से जल्द स्वदेश पहुंचने के लिए बेताब था। बिजनेस क्लास की सीमित सीटें होने के कारण सभी खिलाड़ी, सहयोगी स्टाफ के सदस्य और भारतीय क्रिकेट बोर्ड के अधिकारी प्रीमियम केबिन में जगह नहीं पा सके लेकिन यह कोई मसला नहीं था।

## दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व की तैयारी पुख्ता करने उतनेगा भारत

**एजेंसी**

चेन्नई। भारतीय महिला क्रिकेट टीम शुक्रवार से यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू हो रही तीन मैचों की टी20 श्रृंखला का इस्तेमाल एशिया कप और टी20 विश्व कप के लिए अपनी तैयारियों और रणनीति को पुख्ता करने के लिए करेगी। श्रीलंका में 19 जुलाई से होने वाले एशिया कप और बांग्लादेश में चार अक्टूबर से होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप से पहले यह भारत की सफेद गेंद से आखिरी द्विपक्षीय श्रृंखला है। इसे देखते हुए हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली भारतीय टीम इन बड़े टूर्नामेंट की तैयारी के लिए अपने प्रयास में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।




टीम ने बेंगलुरू में तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला और यहां एकमात्र टेस्ट में भी इसके संकेत दिए हैं। दक्षिण अफ्रीका से टक्कर मिलने के बावजूद भारत ने अब तक सभी मैच जीते हैं। 2023 से अब तक भारत ने सात टी20 श्रृंखला खेली हैं जिनमें से तीन में उसे जीत मिली है और चार में हार का सामना करना पड़ा है। टीम इस आंकड़े को बेहतर करना चाहेगी। भारत को एकदिवसीय श्रृंखला और टेस्ट मैच में अपनी खिलाड़ियों की फॉर्म से राहत मिलेगी। एकदिवसीय टीम की उप कप्तान और स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने तीन मैच में दो शतक और एक अर्धशतक के साथ शानदार प्रदर्शन किया जबकि हरमनप्रीत ने अंतिम वनडे में शतक जड़ा। एकदिवसीय श्रृंखला के दौरान सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा की खराब फॉर्म चिंता का विषय थी लेकिन उन्होंने यहां एकमात्र टेस्ट में महिला क्रिकेट में सबसे तेज दोहरा शतक लगाकर इन चिंताओं को दूर कर दिया। जेमिमा रोड्रिग्स और रिचा घोष भी धीरे धीरे लय हासिल कर रही हैं। टीम प्रबंधन को इन पांचों बल्लेबाजों से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। मेहमान टीम श्रीलंका के खिलाफ स्वदेश में टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में काफी प्रभावशाली प्रदर्शन नहीं कर पाई थी। कागज पर भारत की गेंदबाजी भी काफी मजबूत दिखती है। तेज गेंदबाजों रेणुका सिंह, पूजा वस्त्रकार और अरुंधति रेड्डी ने अच्छा प्रदर्शन किया है। दीप्ति शर्मा, राधा यादव, आशा शोभना और श्रेयंका पाटिल की स्पिन चौकड़ी भी टीम की मजबूत ताकत है। दक्षिण अफ्रीका बल्लेबाजी में अच्छी शुरुआत के लिए कप्तान लॉरा वोलवार्ट पर बहुत अधिक निर्भर होगा। वोलवार्ट ने एकदिवसीय श्रृंखला और एकमात्र टेस्ट में शतक लगाकर अपनी शानदार फॉर्म की झलक दिखाई। अगर दक्षिण अफ्रीका को पिछले साल जनवरी के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला जीतनी है तो सलामी बल्लेबाज वोलवार्ट का प्रदर्शन महत्वपूर्ण होगा। टीम को वोलवार्ट के अलावा मारिजेन कैप, सुने लुस, एनेके बॉश और तेजमिन ब्रिट्स के बल्ले से भी अच्छे रनों की उम्मीद होगी। नोनकुलुलेको मलाबा और मसाबाता क्लास के अलावा नादिन डि क्लार्क और अयाबोंगा खाका को भारतीय बल्लेबाजों के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। दक्षिण अफ्रीका को उम्मीद होगी कि अनुभवी मारिजेन कुछ ओवर कर पाएंगी। चोट से उबरने के कारण उन्होंने अब तक भारत दौरे पर गेंदबाजी नहीं की है।

टीमें इस प्रकार हैंः भारत महिलाः हरमनप्रीत कौर (कप्तान) स्मृति मंधाना, उमा छेत्री, रिचा घोष, डी हेमलता, जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, अमनजोत कौर, श्रेयंका पाटिल, सजीवन सजाना, दीप्ति शर्मा, आशा शोभना, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह,

## विंबलडन : दूसरे दौर में रोहन बोपन्ना व एब्डेन

**एजेंसी**

लंदन। भारत के रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एब्डेन ने यहां रोबिन हास और सैंडर एरेंड्स की जोड़ी पर आसान जीत के साथ विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के दूसरे दौर में प्रवेश किया। बोपन्ना और एब्डेन ने बुधवार को बारिश से बाधित पहले दौर के मुकाबले में एक घंटे 11 मिनट में नीदरलैंड के अपने प्रतिद्वंद्वियों को 7-5, 6-4 से हराया। ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन दूसरी वरीयता प्राप्त बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी दूसरे दौर में हेंड्रिक जेबेंस और कॉन्सटेंटिन फ्रेंटजन की जर्मनी की जोड़ी से भिड़ेगी।



बोपन्ना और एब्डेन पिछले साल सत्र के तीसरे ग्रैंड स्लैम विंबलडन के सेमीफाइनल में पहुंचे थे। इससे पहले बुधवार को भारत के सुमित नागल और उनके सर्बियाई जोड़ीदार दुसान लाजोविच को पहले दौर में स्पेन के पेड्रो मार्टिनेज और जॉमे मुनार के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। मार्टिनेज और मुनार ने एक घंटे सात मिनट में 6-2, 6-2 से जीत दर्ज की। पुरुष युगल के पहले दौर में एन श्रीराम बालाजी और युकी भांबरी भी भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। बालाजी ने ब्रिटेन के ल्यूक जॉनसन के साथ जोड़ी बनाई है। ये दोनों गुरुवार को सर्बिया के मेट पाविक और अल साल्वाडोर के मार्सेलो अरेवालो की चौथी वरीय जोड़ी से भिड़ेंगे। दूसरी ओर युकी और फ्रांस के अल्बानो ओलिवेटी का मुकाबला एलेक्जेंडर बुब्लिक और एलेक्जेंडर शेवचेंको की कजाखस्तान की जोड़ी से होगा।

# आतंकियों को पनाह देने वालों को करें बेनकाब

## चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी शामिल हुए

एजेंसी

अस्ताना। भारत ने बृहस्पतिवार को अंतरराष्ट्रीय समुदाय से उन देशों को अलग-थलग करने और बेनकाब करने को कहा जो आतंकवादियों को प्रश्रय देते हैं, उन्हें सुरक्षित पनाहगाह मुहैया कराते हैं और आतंकवाद को नजरअंदाज करते हैं। भारत ने चीन और पाकिस्तान पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए कहा कि अगर आतंकवाद को बेलगाम छोड़ दिया गया तो यह क्षेत्रीय और वैश्विक शांति के लिए बड़ा खतरा बन सकता है। कजाखस्तान की राजधानी अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के राष्ट्र प्रमुखों की परिषद की बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विचारों को रखते हुए जयशंकर ने कहा कि एससीओ का एक मूल लक्ष्य आतंकवाद से लड़ना है। जयशंकर ने सम्मेलन में कहा, हममें से कई लोगों के अपने अनुभव हैं, जो अक्सर हमारी सीमाओं से परे सामने आते हैं। यह बात स्पष्ट होनी चाहिए कि अगर आतंकवाद को बेलगाम छोड़ दिया गया तो यह क्षेत्रीय और वैश्विक शांति के लिए एक बड़ा खतरा बन सकता है। किसी भी रूप या स्वरूप में आतंकवाद को उचित नहीं ठहराया जा सकता या माफ नहीं किया जा सकता। सम्मेलन में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी शामिल हुए।



जयशंकर ने पाकिस्तान और उसके सहयोगी चीन के परोक्ष संदर्भ में कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को उन देशों को अलग-थलग करना चाहिए और बेनकाब कर देना चाहिए जो आतंकवादियों को पनाह देते हैं, सुरक्षित पनाहगाह प्रदान करते हैं और आतंकवाद को बढ़ावा देते हैं। चीन ने अक्सर पाकिस्तान के वांछित आतंकवादियों को काली सूची में डालने के लिए संयुक्त राष्ट्र में प्रस्तुत प्रस्तावों को अवरुद्ध दिया है। उन्होंने कहा, सीमापार आतंकवाद के लिए निर्णायक प्रतिक्रिया चाहिए और आतंकवाद के वित्तपोषण तथा भर्ती से दृढ़ता से निपटना होगा। हमें हमारे नौजवानों के बीच कट्टरता फैलाने के प्रयासों को रोकने के लिए सक्रियता से कदम उठाने चाहिए। जयशंकर ने कहा कि पिछले साल भारत की अध्यक्षता के दौरान इस विषय पर जारी संयुक्त बयान नयी दिल्ली की साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

उन्होंने रेखांकित किया कि एससीओ वसुधैव कुटुम्बकम के सदियों पुराने सिद्धांत का पालन करते हुए लोगों को एकजुट करने, सहयोग करने, बढ़ने और समृद्ध होने के लिए एक अनूठा मंच प्रदान करता है जिसका अर्थ है पूरी दुनिया एक परिवार है। जयशंकर ने बाद में एक्स पर लिखा, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की ओर से एससीओ के राष्ट्राध्यक्षों की परिषद के शिखर सम्मेलन में भारत का वक्तव्य दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लगातार तीसरी बार निर्वाचित होने पर शुभकामनाएं देने के लिए सम्मेलन में उपस्थित नेताओं को धन्यवाद। जयशंकर ने एससीओ को सिद्धांत आधारित संगठन बताया और कहा कि इस संगठन का हमारी विदेश नीति में प्रमुख स्थान है। उन्होंने कहा कि भारत इस क्षेत्र के लोगों के साथ गहरे सभ्यतागत संबंध साझा करता है।

# युद्ध का स्वरूप तेजी से बदल रहा : चौहान

नयी दिल्ली। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने बृहस्पतिवार को कहा कि तकनीकी प्रगति के कारण युद्ध का स्वरूप तेजी से बदल रहा है और देश की सशस्त्र सेनाओं को इस बदलाव को स्वीकार करने के लिए तैयार रहना होगा।

उन्होंने 1999 में करगिल युद्ध के दौरान तोलोलिंग और टाइगर हिल की लड़ाई के 25 साल पूरे होने के मौके पर सेना के अधिकारियों, जूनियर कमीशंड ऑफिसर (जेसीओ) और 18 ग्रेनेडियर्स के सैनिकों की एक सभा को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं। भारतीय सेना ने चार जुलाई 1999 को टाइगर हिल चोटी फतह की थी। करगिल युद्ध में 18 ग्रेनेडियर्स बटालियन ने अहम भूमिका निभायी थी। करगिल युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की जीत का जश्न मनाने के लिए हर साल 26 जुलाई को विजय दिवस मनाया जाता है। जनरल चौहान ने कहा, देश के लोगों को हमारी क्षमताओं पर भरोसा है और उसी के



कारण हमारी इतनी प्रतिष्ठा है। जो विरासत आपको दी गयी है, वह हमारे पूर्वजों द्वारा अर्जित की गयी है। उन्होंने कहा कि यह व्यक्तिगत रूप से और एक समुदाय के रूप में भी हमें जिम्मेदारियां सौंपता है।

उन्होंने कहा कि एक सैनिक के रूप में कोई कभी गलती नहीं कर सकता और एक समुदाय के रूप में विश्वास कम नहीं किया जा सकता। जनरल चौहान ने अपने संबोधन में कहा, हम परिवर्तन के दौर से गुजर रहे हैं। आज के युग में युद्ध का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। अतः हमें इस परिवर्तन को स्वीकार करने के लिए हमेशा तैयार रहना होगा।

उन्होंने कहा, हम एक पेशेवर सशस्त्र बल और एक महाशक्ति बनना चाहते हैं। यह हमारी आकांक्षा है। अगर हम नयी ऊर्जा के साथ काम करें, तभी यह संभव हो सकता है। वैज्ञानिकों और दार्शनिकों का हवाला देते हुए प्रमुख रक्षा अध्यक्ष ने कहा कि केवल परिवर्तन ही स्थायी है और भारतीय सशस्त्र बल इस बदलाव से दूर नहीं रह सकते हैं। उन्होंने कहा, त्वरित तकनीकी घटनाक्रम के कारण युद्ध का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। पहले यह पाया गया कि युद्ध जीतने के लिए वीरता एक आवश्यक तत्व है। लेकिन भविष्य के युद्धों में केवल वीरता ही पर्याप्त नहीं है, हमें लचीला और कल्पनाशील बनना होगा तथा खुला दिमाग रखना होगा।

संक्षेप

## मैं डेमोक्रटिक पार्टी से उम्मीदवार हूं : बाइडन

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने बुधवार को कहा कि वह पांच नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी से उम्मीदवार हैं और उन पर दौड़ से पीछे हटने का कोई दबाव नहीं है। बाइडन का बयान मीडिया में हाल में आई उन खबरों के ठीक विपरीत हैं कि पार्टी के अंदर ऐसा मत है कि प्रेसिडेंशियल डिबेट में बाइडन का प्रदर्शन रिपब्लिकन पार्टी के प्रत्याशी डोनाल्ड ट्रंप के मुकबले निराशाजनक रहा है और उन्हें दौड़ से पीछे हट जाना चाहिए। बाइडन ने चुनाव के लिए चंदा एकत्र करने संबंधी एक अभियान में बुधवार को कहा, मैं डेमोक्रेटिक पार्टी से उम्मीदवार हूं। कोई मुझे बाहर नहीं कर रहा है। मैं नहीं जा रहा , मैं अंत तक इस दौड़ में हूं और हम यह चुनाव जीतने जा रहे हैं।

# नीट-यूजी रद्द नहीं करने के लिए याचिका

एजेंसी

नयी दिल्ली। नीट-यूजी में सफल हुए गुजरात के 50 से अधिक परीक्षार्थियों ने उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर कर केंद्र व एनटीए को पांच मई को हुई परीक्षा रद्द नहीं करने का निर्देश देने का अनुरोध किया। उन्होंने शीर्ष अदालत से केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय को नीट-यूजी परीक्षा में पेपर लीक और नकल जैसी अनुचित गतिविधियों में शामिल छात्रों तथा अन्य लोगों की जांच व पहचान करने और उनके खिलाफ सख्त कार्वाई का निर्देश देने की भी मांग की है।

गुजरात के 56 छात्रों ने यह याचिका ऐसे समय में दायर की है, जब प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली शीर्ष अदालत की एक पीठ 26 याचिकाओं पर सुनवाई करने वाली है। इन याचिकाओं में दोबारा परीक्षा कराने और पहले हुई परीक्षा की जांच की मांग की है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) सरकारी और निजी



संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए नीट-यूजी का आयोजन करती है। इस साल पांच मई को 4,750 केंद्रों पर यह परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसमें लगभग 24 लाख परीक्षार्थी शामिल हुए थे। प्रश्न पत्र लीक समेत अनियमितताओं के आरोपों के कारण कई शहरों में विरोध प्रदर्शन हुए तथा विपक्षी दलों ने इस मुद्दे को उठाया। पिछली परीक्षा रद्द करने, दोबारा परीक्षा कराने और उच्चस्तरीय जांच की मांग संबंधी याचिकाओं पर आठ जुलाई को उच्चतम न्यायालय में सुनवाई होगी।

सिद्धार्थ कोमल सिंगला और 55 अन्य छात्रों की नयी याचिका वकील देवेंद्र सिंह के माध्यम से दायर की गई है। याचिका में कहा गया है, माननीय अदालत को प्रतिवादियों (केंद्र और एनटीए) को नीट-यूजी दोबारा आयोजित नहीं करने का निर्देश देना चाहिए, क्योंकि यह न केवल ईमानदार और मेहनती छात्रों के लिए नुकसानदायक होगा, बल्कि शिक्षा के अधिकार का और संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) का उल्लंघन होगा। याचिका में केंद्र और एनटीए को अनुचित तरीके अपनाने वाले परीक्षार्थियों की पहचान करके उन्हें दंडित करने और उन केंद्रों की पहचान कर उचित कार्वाई का निर्देश देने की मांग की गई है, जहां नीट-यूजी 2024 परीक्षाओं के लिए स्थापित दिशानिर्देशों से कोई समझौता किया गया है।

## हिज्बुल्ला ने इजराइल पर 200 से ज्यादा दागे रॉकेट

बेरूत। अपने एक वरिष्ठ कमांडर की हत्या के प्रतिशोध में चरमपंथी संगठन हिज्बुल्ला ने इजराइल के कई सैन्य ठिकानों पर 200 से अधिक रॉकेट दागे हैं। संगठन की तरफ से यह जानकारी दी गयी। ईरान समर्थित आतंकवादी समूह द्वारा बृहस्पतिवार को किया गया हमला लेबनान-इजराइल सीमा पर महीनों से चल रहे संघर्ष में सबसे बड़ा हमला था। हाल के हफ्तों में इस इलाके में तनाव बढ़ गया था। इजराइली सेना ने कहा कि लेबनान से कई प्रक्षेपास्त्र उसके क्षेत्र में दागे गये थे, जिनमें से कई को बीच में ही नष्ट कर दिया गया। हताहतों की तत्काल कोई जानकारी नहीं मिली है। इजराइल ने बुधवार को स्वीकार किया कि उसने एक दिन पहले दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्ला के तीन क्षेत्रीय डिवीजनों में से एक का नेतृत्व करने वाले मोहम्मद नामेह नासिर को मार गिराया था। इसके कुछ घंटों बाद, हिजबुल्ला ने उत्तरी इजराइल और कब्जे वाले सीरियाई गोलन पहाड़ियों पर भारी आयुधों के साथ दर्जनों कत्युशा और फलक रॉकेट दागे। उसने बृहस्पतिवार को और अधिक रॉकेट दागे तथा कहा कि उसने कई ठिकानों पर विस्फोटक ड्रोन भी भेजे हैं।

## इजराइल-हमास युद्ध में 38,000 से अधिक फलस्तीनियों की मौत हुई

देर अल-बला। करीब नौ महीने से जारी इजराइल-हमास युद्ध में 38,000 से अधिक फलस्तीनियों की मौत हो चुकी है। हमास द्वारा संचालित गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटों में 58 लोगों के शव अस्पतालों में लाए गए जिससे मृतकों की कुल संख्या बढ़कर 38,011 हो गई। उसने कहा कि इस युद्ध में 87,000 से अधिक लोग घायल हुए हैं। मृतकों में महिलाएं एवं बच्चे शामिल हैं। अमेरिका कैलिफोर्निया जंगल आग

## उत्तरी कैलिफोर्निया के जंगल की आग और फैली

ऑरोविल (कैलिफोर्निया)। उत्तरी कैलिफोर्निया में भीषण गर्मी के बीच जंगल में लगी आग ने बुधवार को आस-पास के क्षेत्रों को भी अपनी चपेट में ले लिया, जिसके मद्देनजर कम से कम 26,000 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। दमकलकर्मी आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहे हैं वहीं आग बुझाने के लिए हेलीकॉप्टर से भी पानी डाला जा रहा है। सैक्रामेंटो से लगभग 70 मील (110 किलोमीटर) दूर बट काउंटी के ऑरोविल शहर के पास मंगलवार को वन क्षेत्र में सबसे पहले आग लगी , इससे धुएं का विशाल गुबार उठा। ऑरोविल के मेयर डेविड पिटमैन ने बताया कि बुधवार दोपहर तक इस पर कुछ हद तक काबू पा लिया गया, साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि कुछ लोगों को जल्द घर जाने की अनुमति दी जा सकती है। इस बीच बुधवार दोपहर को ऑरोविल से लगभग आठ किलोमीटर दूर दक्षिण में ग्रब्स नामक स्थान पर आग लग गई, जिसके कारण पलेर्मो शहर के लोगों को अपने घरों को खाली करना पड़ा। आग पर अभी तक काबू नहीं पाया जा सका है। कैलिफोर्निया वन एवं अग्नि सुरक्षा विभाग (कैल फायर) के अनुसार, राज्य में 12 से अधिक स्थानों पर आग लगी हुई है, हालांकि इनमें से अधिकांश स्थानों पर आग ने विकार रूप धारण नहीं किया है। ऑरोविल में मंगलवार रात आपातकाल की घोषणा की गई थी और लोगों को ठहराने के लिए आश्रय शिविर स्थापित किए गए थे।

# अग्निपथ योजना पर श्वेत पत्र लाये सरकार

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के अग्निवीर के संदर्भ में दिए गए बयान और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा इसका प्रतिवाद किए जाने के बाद पैदा विवाद के बीच बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार को अग्निपथ योजना को लेकर श्वेत पत्र लाना चाहिए ताकि देश को वास्तविक स्थिति का पता चल सके।

पार्टी के पूर्व सैनिक विभाग के प्रमुख कर्नल (सेवानिवृत्त) रोहित चौधरी ने यह भी कहा कि सरकार में आने पर कांग्रेस इस योजना को खत्म कर पुरानी भर्ती प्रक्रिया को बहाल करेगी। चौधरी ने संवाददाताओं से कहा, संसद में रक्षा मंत्री ने देश के सामने आधी-अधूरी जानकारी रखी, जिससे एक संशय का माहौल बन गया। मुख्य विपक्ष के नाते हमारी जिम्मेदारी बनती है कि सेना और अग्निवीरों के साथ जो भेदभाव हो रहा है, उन मुद्दों को उठाएं। उन्होंने कहा, राहुल गांधी जी



का कहना है कि देश के सैनिकों, सेना और शहीदों के साथ भेदभाव नहीं होना चाहिए। यह सिर्फ शहीद अग्निवीर अजय सिंह का नहीं, बल्कि शहीद हुए 13 अग्निवीरों, सेना में सेवारत अग्निवीरों, ट्रेनिंग ले रहे अग्निवीरों और देश की सुरक्षा का मामला है।

चौधरी ने कहा कि सरकार को अग्निपथ योजना, अग्निवीरों और नियमित सैनिकों के बीच भेदभाव, शहीदों के परिवरों को मिलने वाली सहायता राशि पर एक श्वेत पत्र पर लाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार में आने पर अग्निपथ योजना को खत्म करेगी, अग्निवीरों को स्थायी किया जाएगा, सेना में पुरानी भर्ती प्रक्रिया बहाल की जाएगी तथा सेना में उन 1.5 लाख युवाओं को स्थायी रूप से सामाहित किया जाएगा जो चयन के बावजूद में सेवा में नहीं लिए गए।

चौधरी ने दावा किया कि दिवंगत अग्निवीर अजय सिंह के परिवार को सरकार से सिर्फ 48 लाख रुपये मिले, जबकि उन्हें पंजाब सरकार से एक करोड़ रुपये और एक निजी बैंक में खाते के चलते 50 लाख रुपये की राशि मिली। सेना ने बुधवार को सोशल मीडिया पोस्ट में किए गए उन दावों को खारिज कर दिया कि ड्यूटी के दौरान जान गंवाने वाले अग्निवीर अजय कुमार के परिजनों को मुआवजा का भुगतान नहीं किया गया। सेना ने कहा कि परिवार को देय राशि में से 98.39 लाख रुपये का भुगतान पहले ही किया जा चुका है।

# हिमाचल में भारी बारिश, 115 सड़कें बंद

एजेंसी

शिमला मंडी। हिमाचल प्रदेश के कई हिस्सों में भारी बारिश हुई जिसके बाद 115 सड़कें यातायात के लिए बंद कर दी गईं। शिमला मौसम विभाग ने बृहस्पतिवार को ऑरेंज अलर्ट जारी किया और शुक्रवार तक अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश, गरज चमक के साथ ही कुछ स्थानों पर बिजली गिरने की चेतावनी दी है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार बारिश के कारण मंडी में 107, चंबा में चार, सोलन में तीन और कांगड़ा जिले में एक सहित कुल 115 सड़कें यातायात के लिए बंद कर दी गई हैं और राज्य में 212 ट्रांसफार्मर काम नहीं कर रहे हैं। इस बीच अधिकारियों ने बताया कि चंडीगढ़-मनाली चार लेन वाली सड़क के मंडी से पंडोह के बीच एक हिस्से में दरारें आ गई हैं और यह धंस रही है, जिसके कारण अधिकारियों ने बुधवार से केवल एकतरफा यातायात की अनुमति दी है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि लाखों रुपए खर्च करके रिटेनिंग वॉल (चट्टानों अथवा बड़े पत्थरों को गिरने से रोकने) बनाई गई थी, लेकिन अब यह धंसने लगी है और करीब दो फुट नीचे चली गई है।




| क्र.सं. | योजना कोड | वर्ग मी0 में भूखण्डों की श्रेणी ब्रैकेट | भूखण्डों की संख्या | पंजीकरण शुल्क: अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (प्लाट की अनुमानित लागत का 5%) | पंजीकरण शुल्क: अन्य सभी आवेदन के लिए (प्लाट की अनुमानित लागत का 10%) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | HVRS - 2024 | R1 (170 to 225) | 26 | ₹ 2,84,625.00 | ₹ 5,69,250.00 |
| 2 | HVRS - 2024 | R2 (120 to 150) | 77 | ₹ 1,89,750.00 | ₹ 3,79,500.00 |
| 3 | HVRS - 2024 | R3 (70 to 119) | 127 | ₹ 1,50,535.00 | ₹ 3,01,070.00 |
| कुल प्लाट संख्या | | | 230 | | |




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com